राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 21, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जिला पंचायत में टेंडर खुलने से पहले काम शुरू 78 लाख के सड़क मरम्मत कार्य में गड़बड़ी...03

कपिल शर्मा के कनाडा कैफे पर तीसरा हमला, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी....12

# बिहार एसआईआर 7 'कोई संदेह नहीं, चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा'

**● सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 4 नवंबर तक स्थगित की**

**सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस पूछताछ के दौरान वकील की मौजूदगी की मांग वाली याचिका पर केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि वकील की उपस्थिति अभियुक्त के अधिकारों की रक्षा के लिए ज़रूरी है और निष्पक्ष पूछताछ सुनिश्चित करती है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जवाब मांगा है।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (16 अक्टूबर) को बिहार के मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई 4 नवंबर तक स्थगित कर दी। बिहार विधानसभा चुनाव 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाले हैं। आज की सुनवाई के दौरान, एडीआर की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्य बागची की पीठ से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग को यह निर्देश दिया जाए कि वह मतदाता सूची में जो नाम जोड़े या हटाए गए हैं, उनकी अंतिम सूची सार्वजनिक करे।

पीठ ने निर्वाचन आयोग की ओर से यह कहे जाने पर कि सूची प्रकाशित करने की प्रक्रिया चल रही है, कहा कि अदालत देखेगी कि आयोग क्या प्रकाशित करता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- ÷हमें कोई संदेह नहीं कि वे अपना दायित्व निभाएँगेज वे सूची प्रकाशित करने के लिए बाध्य हैंज हम अभी मामला बंद नहीं कर रहे हैं।" सुनवाई की शुरुआत में प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग को अंतिम मतदाता सूची में जोड़े और हटाए गए नामों के साथ कारण भी बताने चाहिए।उन्होंने कहा, "निर्वाचन आयोग ने ड्राफ्ट सूची से हटाए गए नामों की पूरी जानकारी नहीं दी हैज 17 और 20 अक्टूबर को वे अंतिम सूची को 'फ्रीज़' करेंगेज लेकिन उन्होंने अभी तक अपनी वेबसाइट पर पूरी अंतिम सूची अपलोड नहीं की है, जो तुरंत किया जाना चाहिए।"

निर्वाचन आयोग की ओर से सीनियर एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा कि आयोग अंतिम सूची प्रकाशित करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है, इसलिए उस तारीख तक सूची को स्थिर किया जाएगा, और दूसरे चरण के लिए 20 अक्टूबर तक समय है। उन्होंने कहा कि जब आयोग खुद सूची प्रकाशित कर रहा है, तो आदेश की माँग का कोई औचित्य नहीं। इस पर जस्टिस कांत ने कहा, "देखते हैं वे क्या प्रकाशित करते हैं। अगर अंतिम सूची में जोड़े और हटाए गए नाम स्पष्ट दिखते हैं, तो यह अच्छी बात होगीज जहाँ कुछ त्रुटियाँ होंगी, आयोग को उन्हें सुधारना चाहिए और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।"

द्विवेदी ने यह भी बताया कि अभी तक मतदाता सूची से हटाए गए नामों के खिलाफ



कोई अपील दाखिल नहीं की गई है, जबकि अदालत ने पिछले सप्ताह अपने आदेश में ऐसे मतदाताओं को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन और एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश होकर, अदालत से यह भी अनुरोध किया कि संविधानिक प्रश्न- कि क्या चुनाव आयोग को एसआईआर करने का अधिकार है – पर सुनवाई की जाए। इस पर अदालत ने निर्वाचन आयोग को इस मुद्दे पर अपनी लिखित टिप्पणियाँ दाखिल करने को कहा। पीठ ने यह भी दर्ज किया कि निर्वाचन आयोग ने आज एक हलफ़नामा दाखिल किया है, जिसमें एडीआर और योगेन्द्र यादव द्वारा पहले दिए गए तर्कों का खंडन किया गया है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को इस पर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी।

पिछली सुनवाई (9 अक्टूबर) में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाए ताकि वे अपने बहिष्कार के खिलाफ अपील दायर कर सकें। साथ ही, कार्यकर्ता योगेन्द्र यादव ने अदालत से यह निर्देश देने की माँग की थी कि निर्वाचन आयोग बताए कि इस प्रक्रिया में कितने लोगों को "विदेशी" पाया गया। उन्होंने मतदाता सूची में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया था और कहा था कि इस एसआईआर प्रक्रिया के चलते देश के इतिहास में "सबसे बड़ा मतदाता सूची संकुचन" हुआ है।

**अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित क्यों नहीं की जा रही: प्रशांत भूषण**

ADR की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने फौरन अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने और नए नामों को हटाने (ड्राफ्ट से अंतिम सूची तक) की वजह बताने की मांग की। उन्होंने कहा, "उन्होंने ड्राफ्ट रोल्स से अंतिम रोल्स तक नए हटाए गए नामों की पूरी सूची का खुलासा नहीं किया... कल (17 अक्टूबर) पहली फेज के नामांकन की अंतिम तिथि है, उसके बाद रोल फ्रीज हो जाएगा।" ईसीआई की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि अंतिम सूची प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है और अपीलें न आने का हवाला दिया।

अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन और वकील वृंदा ग्रोवर ने SIR की वैधानिकता और संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई की मांग की। ईसीआई ने ADR और यादव के पूर्व दावों का खंडन करते हुए शपथ-पत्र दायर किया।

# पुलिस पूछताछ के दौरान वकील की उपस्थिति की अनुमति पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**● सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस पूछताछ के दौरान वकील की मौजूदगी की मांग वाली याचिका पर केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि वकील की उपस्थिति अभियुक्त के अधिकारों की रक्षा के लिए ज़रूरी है और निष्पक्ष पूछताछ सुनिश्चित करती है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जवाब मांगा है।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक रिट याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें यह निर्देश देने की मांग की गई है कि पुलिस या अन्य जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ के दौरान किसी व्यक्ति के वकील को उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बी.आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने वकील शफी माथेर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने यह जानने की कोशिश की कि क्या याचिका में ऐसे किसी विशिष्ट उदाहरण का उल्लेख है, जहां पूछताछ के लिए बुलाए गए व्यक्तियों को किसी प्रकार के दबाव (Duress) का सामना करना पड़ा हो।

**जस्टिस चंद्रन ने पूछा, "क्या याचिका में वकील की आवश्यकता के उदाहरण हैं?"**

याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुई सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने स्पष्ट किया कि पूछताछ के दौरान वकील का होना जनहित में आवश्यक है ताकि वह व्यक्ति को बता सके कि कौन-सा प्रश्न दोष सिद्ध करने वाला है और कौन-सा नहीं।

चीफ जस्टिस ने कोर्ट के संदर्भ के लिए कुछ विशिष्ट मामलों का उल्लेख करने पर जोर दिया। इस पर गुरुस्वामी ने नेशनल कैंपेन अगेंस्ट टॉर्चर द्वारा प्रकाशित 'इंडिया-एनुअल रिपोर्ट ऑन टॉर्चर 2019' का हवाला दिया, जिसमें 2019 के दौरान भारत में यातना और दण्ड से मुक्ति के शीर्ष 15 रुझानों का विवरण दिया गया।इसे संज्ञान में लेते हुए पीठ ने नोटिस जारी कर दिया।

याचिका में इस बात पर जोर दिया गया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को वकील तक पहुंच के लिए चयनात्मक अनुमति देना अनुच्छेद 20(3), 21 और 22 के तहत निहित मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। याचिका में दावा किया गया कि यह अक्सर हिरासत में हिंसा और मृत्यु की आशंका को जन्म देता है।

याचिका में कहा गया,"परामर्श के लिए जबरन टुकड़ों में पहुंच का यह तरीका न केवल अनुच्छेद 22 के तहत वकील के अधिकार और अनुच्छेद 20(3) के तहत आत्म-अभिसंशन के विरुद्ध अधिकार का उल्लंघन करता है बल्कि यह अनुच्छेद 21 और 22 में निहित उचित प्रक्रिया, निष्पक्ष जांच और निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी का भी उल्लंघन करता है।" याचिका में विशेष कानूनों जैसे धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस अधिनियम (NDPS Act) के तहत पूछताछ के दौरान वकील की उपस्थिति की अनुमति नहीं देने या केवल देखने की सीमा तक उपस्थिति की अनुमति देने की प्रचलित प्रथा की आलोचना की गई।

याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई मुख्य राहतें-1. पूछताछ के दौरान वकील की उपस्थिति के अधिकार को गैर-विवेकाधीन, गैर-भेदभावपूर्ण और अविच्छेद्य (inalienable) अधिकार के रूप में माना जाए। 2. इस व्याख्या को लागू करने के लिए CrPC की धारा 41ष्ठ और BNSS की धारा 38 जैसे प्रासंगिक सांविधिक प्रावधानों के साथ-साथ PMLA की धारा 50 जैसे विशेष कानूनों के लागू प्रावधानों को शामिल किया जाए। 3. राज्य/जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के दौरान वकील को पहुंच प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाएं जो संविधान के अनुच्छेद 20(3), 21 और 22(1) के तहत पूछताछ किए जा रहे व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करें। 4. पूछताछ किए जा रहे किसी भी व्यक्ति को चुप रहने के अधिकार और वकील के अधिकार के बारे में अनिवार्य रूप से नोटिस देने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाएं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पिता से जान का खतरा बताने वाला बेटे का पोस्ट वायरल

**सोशल मीडिया पर लगाई जान से मारने की आशंका।**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के खरगपुर सौताना गांव निवासी एक युवक ने अपने ही पिता से जान का खतरा होने का आरोप लगाया है। युवक ने यह बात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सबको चौंका दिया। गांव निवासी आदित्य कुमार नाम के युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक के बाद एक कई पोस्ट डालकर लिखा है कि उसे उसके पिता से जान का खतरा है। उसने यह भी दावा किया है कि खाने में जहर मिलाकर उसे मारने की कोशिश की जा रही है। युवक की ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग इस मामले पर तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं। पिता का पक्ष अब तक सामने नहीं आ सका है। उनका फोन नहीं उठाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अभी मामला संज्ञान में नहीं आया है। तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### डिवाइडर से टकराई बाइक युवक गंभीर, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर

**तालबेहट।** हाईवे पर डिवाइडर से टकराने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार कमलेश (25 वर्ष) पुत्र जगदीश निवासी बनगुआ कला दोपहर करीब 1 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर बच्चों को लेने तालबेहट आ रहा था।

इसी दौरान माताटीला कट के पास हाईवे-44 पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# अब पूरन कुमार की पत्नी पर ही स्रङ्क्र, एएसआई संदीप लाठर केस में आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार की पत्नी के ख़िलाफ़ ही अब एफ़आईआर दर्ज की गई है। यह मुक़दमा हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप कुमार लाठर की आत्महत्या के मामले में रोहतक थाने में दायर किया गया है। इसमें पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार के अलावा बठिंडा ग्रामीण विधायक अमित रतन, पूरन कुमार के बंदूकधारी सुशील कुमार और एक अन्य व्यक्ति को नामजद किया गया है। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

एफआईआर में एएसआई संदीप को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपों का विस्तार सार्वजनिक नहीं किया है। जांच जारी है और आगे की कार्रवाई के लिए विशेष जांच टीम गठित की जा सकती है। यह घटना हरियाणा पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार और जातिगत भेदभाव के आरोपों को लेकर उठे विवाद को और गहरा कर रही



है।

42 वर्षीय एएसआई संदीप कुमार लाठर मंगलवार दोपहर रोहतक-पानीपत रोड पर एक ट्यूबवेल के पास अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। वे रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे और आईपीएस वाई. पूरन कुमार के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार के मामले की जाँच कर रहे थे। घटनास्थल से चार पेज का एक सुसाइड नोट और एक वीडियो बरामद हुआ, जिसमें संदीप ने पूरन कुमार और उनके परिवार पर रिश्वतखोरी, उगाही, महिला अधिकारियों के यौन उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए।

# महाराष्ट्र के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी! MVA के बाद अब शिवसेना के मंत्री और विधायक ने भी लगाए बड़े आरोप

**● महाराष्ट्र में मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप तेज हो गए हैं. विपक्षी दलों के बाद अब सत्तारूढ़ विधायक भी दोहरे और मृत मतदाताओं को सूची से हटाने की मांग कर रहे हैं, जिससे निष्पक्ष स्थानीय चुनाव कराए जा सकें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मतदाता सूची में गड़बड़ी के विपक्ष के आरोपों के बीच सत्तारूढ़ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने गुरुवार को चुनाव आयोग से मांग की कि वह 'दोहरे' मतदाताओं के साथ-साथ मृत मतदाताओं को भी सूची से हटाए. पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को आधार कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि मृत्यु के तुरंत बाद किसी मृत व्यक्ति का नाम सूची से हटाया जा सके।

गायकवाड़ ने पूछा, "चुनाव आयोग दोहरे मतदाताओं (जिन मतदाताओं के नाम दो या अधिक सूचियों में हैं) और उन मतदाताओं के नाम क्यों नहीं हटा रहा है जिनके नाम मृत होने के बावजूद सूची में हैं?" उन्होंने आगे कहा कि उनके जिले के कुछ मतदाताओं की मृत्यु 30 साल पहले हो चुकी थी, फिर भी उनके नाम वर्तमान सूची में हैं। उन्होंने ऐसे मतदाताओं की संख्या लगभग एक लाख बताई. विधायक ने पूछा कि चुनाव आयोग ने 25 जुलाई को मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का काम रोक दिया था, लेकिन उन लोगों का क्या जो अंतिम तिथि के बाद मतदान के पात्र हो गए?

**विधायक की मांग का मंत्री ने किया समर्थन**

इस पर टिप्पणी के लिए पूछे जाने पर, शिवसेना नेता और गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने रत्नागिरी में संवाददाताओं से कहा कि अगर कोई विसंगतियां हैं तो उन्हें सुधारने की मांग करना गलत नहीं है. उन्होंने कहा, "इसमें कुछ भी गलत नहीं है. अगर दोहरे मतदाता हैं तो चुनाव आयोग को उन्हें सुधारना चाहिए. इस (मांग) को हमारा भी समर्थन है।"

मुंबई में, राकांपा (सपा) नेता रोहित पवार ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति




के प्रतिकूल परिणामों के बाद फर्जी मतदाताओं का पंजीकरण, वास्तविक मतदाताओं का बड़े पैमाने पर विलोपन और मतदाताओं का दोहरा पंजीकरण जैसी गड़बड़ियाँ बड़े पैमाने पर हुई. पवार ने दावा किया कि "प्रतिकूल" मतदाताओं को मृत दिखाया गया और मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी मतदान हुआ।

**विपक्ष ने स्थानीय चुनाव टालने की मांग की**

बुधवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे और विपक्षी दलों के नेताओं ने मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का हवाला देते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने यह भी मांग की कि जब तक विसंगतियों को दूर नहीं किया जाता, स्थानीय निकाय चुनाव नहीं होने चाहिए।

गुरुवार को मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शिवसेना नेता संजय निरुपम ने भी स्वीकार किया कि सूचियों में त्रुटियां थीं, लेकिन उन्होंने कहा कि विपक्ष की चुनाव न कराने की मांग अतिवादी है, क्योंकि स्थानीय निकाय चुनाव पिछले पांच-सात वर्षों से लंबित हैं. निरुपम ने कहा, "राज्य में 9.5 करोड़ से ज्याता मतदाता हैं और एक लाख से ज़्यादा मतदाता सूचियां हैं. यह दावा करना कि हर चीज़ में कोई न कोई समस्या है, थोड़ा बेतुका है।"

# हसनयन हत्या कांड में 4 नामजदअभि युक्त गिरफ्तार, मुख्य अभियुक्त फरार

**● अपहरण के बाद की गई थी हत्या।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फूलपुर क्षेत्र के कनौजा खुर्द गांव से अपहृत किया गया 14वर्षीय हसनयन पुत्र परवेज की हत्या बड़ी बेरहमी से करके गुल चपा गांव के पास नहर में में फेंक दिया गया था। सुबह पुलिस सूचना होने पर जरूर तेजी दिखाते हुए वहां पहुंचे और लाश को बिना परिवार को दिखाएं ही पोस्टमार्टम में जल्दबाजी में भेज दिया। यहां पर भी पुलिस की लापरवाही दिखाई पड़ी इन्हें यह मालूम था की एक लड़के का अपहरण की सूचना और गायब होने की बात पुलिस केसज्ञान में 2 दिन पहले आ चुकी थी। लेकिन उसकेढूंढने की सक्रियता तो नहीं दिखाई गई लेकिन हत्या के बाद लाश मिलने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस बात पर उसके परिवार और घर वालों को बेहद तकलीफ और आक्रोश है कि अपहरण को गुमशुदा में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जब इतनी बड़ी घटना हुई तब इन पुलिस वालों ने तेजी दिखाई और अपनी निष्क्रियता का पर पर्दा डालने का प्रयास किया। और रात भर में ही हत्याकांड का अनावरण करते हुए 4 नाम जद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने मैं सफलता प्राप्त कर ली। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर इतनी तेजी पुलिस पहले की होती तो शायद उस मासूम की जान बच जा सकती थी।

पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार दिनांक-13.10.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कनौजा खुर्द निवासी हसनैन पुत्र परवेज आलम के घर से गुमशुदा होने की सूचना पर परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-455/2025 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 बनाम 1. मो0 जुनैद पुत्र शाहिद बाबा 2. मो0 सलमान पुत्र स्व0 मो0 रशीद निवासी ग्राम मलेथुआ सन्दलपुर थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज अभियोग पंजीकृत किया गया था । जिसमें थाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हसनैन उपरोक्त की बरामदगी हेतु आस-पास के सी0सी0टी0वी0 कैमरो को चेक करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। दिनांक-15.10.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धुरवां स्थित गुलचपा नहर मे स्थानीय पुलिस को 01 अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

इस सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर एवं थाना प्रभारी फूलपुर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। शव की पहचान मुकदमा उपरोक्त मे गुमशुदा हुए हसनैन पुत्र परवेज आलम उपरोक्त के रूप में हुई। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज कर पोस्टमार्टम कराया गया।

उपायुक्त गंगानगर व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-455/2025 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-140/103(1)/61(2)क/3(5) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 04 वांछित अभियुक्त 1. मो0 सलमान पुत्र मो0 राशिद 2. मो0 जुनैद पुत्र मो0 शहीद 3. मो0 शाहिल पुत्र मो0 शहीद 4. मो0 सुहेल पुत्र मो0 शहीद निवासीगण ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज कोथाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-16.10.2025 को अभियुक्त मो0 शाहिल व मो0 सुलेह उपरोक्त को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत परासिनपुर नहर के पास तथा अभियुक्त मो0 जुनैद व मो0 सलमान उपरोक्त को थाना परिसर से गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त की निशांदेही पर घटना मे प्रयुक्त ईट के 02 टुकड़े (आलाकत्ल) व घटना मे प्रयुक्त 01 फार्चूनर गाड़ी वाहन सं0-UP66 H5050 बरामद किया गया। उक्त




गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। मुकदमा उपरोक्त में शाहिद उर्फ बाबा पुत्र मोहम्मद हसन ग्राम संदलपुर थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज अभी वांछित है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मो0 जुनैद पुत्र मो0 शहीद उपरोक्त की बहन इमराना बेगम की शादी मृतक हसनैन के मामा मो0 मारुफ उर्फ राजू से नवम्बर 2022 को हुई थी। शादी के बाद से ही मो0 मारुफ का अपनी पत्नी इमराना के साथ



परिवारिक विवाद होने लगा । इसी विवाद को लेकर इमराना वापस अपने मायके चली गयी थी। दिनांक-12.05.2025 को मो0 मारुफ अपनी पत्नी इमराना को लाने गया था जहां दोनो पक्षो में हुए गाली-गलौज व मार-पीट कर वाद-विवाद किया गया जिसके सम्बंध में थाना फूलपुर पर पर मु0अ0सं0-265/2025 व 297/2025 क्रॉस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना का बदला लेने के लिए उपरोक्त अभियुक्तो द्वारा मो0 मारुफ के भांजे हसनैन को दिनांक-13.10.2025 की शाम में अगवा कर हत्या कर नहर में फेक दिया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में हुए सड़क हादसे में कुशीनगर जिले के एक युवक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बस्ती अयोध्या नेशनल हाईवे पर कप्तानगंज कस्बे के मुख्य चौराहे पर कुशीनगर से अयोध्या जा बाइक सवार दो युवकों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे - अविनाश कुमार यादव (30) पुत्र जनार्दन प्रसाद,निवासी - धुरिया ,थाना कसया, जनपद कुशीनगर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तथा आदित्य कुमार (32) पुत्र मुन्ना सिंह, निवासी- धुरिया, थाना कसया,जनपद - कुशीनगर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घायल आदित्य को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया तथा शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधि कार्रवाई में जुट गई।

### गोल्डन मिशन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल पर सवाल, मानकों की अनदेखी से मरीजों की जान पर खतरा




**बस्ती।** महिला अस्पताल गेट के सामने संचालित गोल्डन मिशन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल को लेकर गंभीर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है और यहां मरीजों की सुरक्षा को लेकर कई खामियां सामने आ रही हैं।बताया जा रहा है कि अस्पताल में न तो एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था है और न ही पार्किंग की सुविधा। इमरजेंसी वार्ड और आईसीयू के नाम पर केवल बोर्ड टंगे हैं, पर आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ नदारद हैं। ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और हाइजीन की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। मरीजों से मोटी फीस वसूली जा रही है, जबकि सुविधा शून्य के बराबर है। बिलिंग और दवाओं में पारदर्शिता न होने की भी शिकायतें मिल रही हैं। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। यदि समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो यह अस्पताल कभी भी मरीजों के लिए खतरे का सबब बन सकता है।

### सहकारी समितियों में पहुंची उर्वरक की भारी खेप- ए आर कोआपरेटिव

**- 39 समितियां, चार पीसीएफ एक आईएफ्डीसी मंडी, एक डीसीएफभौरी बिक्री केंद्रों में हुआ आवंटन**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को जिले के समस्त सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों में भारी मात्रा में खाद आवंटित कर वितरित करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के मुताबिक जिले में आरसीएफ से इफ्को की 1058 एमटी डीएपी, कृभको की 552.700 एमटी डीएपी एवं आईपीएल कंपनी की 300 एमटी डीएपी की भारी मात्रा में खाद प्राप्त हुई है। जिसको जिलाधिकारी से समस्त सहकारी समितियों और निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों के लिए आवंटन का आदेश कराकर कल से किसानों के बीच खाद का वितरण कराया जाएगा। जिले के सभी समितियों में खाद भेजी जा रही है। इसके बाद भी खाद की कई खेप आवंटित की जाएगी। सहायक निबंधक सहकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में उर्वरक का कोई संकट नहीं है। किसानों को रबी की बुवाई के लिए उर्वरक के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके अलावा नवंबर माह में डीएपी खाद की अधिक उपलब्धता के लिए डिमांड भेजी गई है, जो आवंटित होने पर अधिक उपलब्धता के साथ किसानों को वितरित की जाएगी। उन्होंने समस्त किसानों से अपनी जोत के आधार पर खतौनी लेकर 39 समितियां, चार पीसीएफ एक आईएफ्डीसी मंडी, एक डीसीएफ भौरी बिक्री केंद्रों से अपने क्षेत्रीय बिक्री केंद्रों से ही खाद प्राप्त करने की अपील की है।

### किशोरी लापता, अज्ञात पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के लापता होने को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अमावां गांव निवासी नबाब अली पुत्र सुबराती ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री अज्ञात युवक के साथ कहीं चली गयी है। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कहीं पता नही चला। मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सचिव प्रवीन वर्मा की लापरवाही से नही हो पा रही दुरुपयोग की गई सरकारी धन की रिकवरी

**●ग्राम प्रधान कनिक राम यादव पर ग्रामीणों ने फर्जी मनरेगा जाब कार्डों के सहारे सरकारी धन लूटने का लगाया था आरोप**

**ग्राम प्रधान कनिक राम यादव ने अपने परिवार के ही सदस्यों के नाम जारी किया था फर्जी मनरेगा जाब कार्ड - ग्रामीण**

**बीडीओ के द्वारा गठित जांच टीम ने किया था जांच , जांच टीम ने 74456 रुपये की फर्जीवाड़ा होने की की थी पुष्टि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखंड परशुरामपुर के सचिव प्रवीन कुमार वर्मा की लापरवाही से सरकारी धन की दुरुपयोग की




गई धनराशि की रिकवरी नही हो पा रही है। जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही आपको बता दें कि विकासखंड परसरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलेमपुर पांडेय में ग्रामीणों ने जिला अधिकारी रवीश गुप्ता से शपथ पत्र के साथ सरकारी धन का दुरुपयोग करने को लेकर शिकायत किया ग था और शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान कनिक राम यादव पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन लूटने का आरोप लगाया था । ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान कनिक राम यादव ने सरकारी धन को लूटने के उद्देश्य अपने परिवार के सदस्यों के नाम अनेक फर्जी मनरेगा जॉब कार्डों को जारी किया है । प्रधान ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड जारी करके लगभग 04 लाख रुपये सरकारी खाते से निकाल लिया था । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी परसरामपुर विनोद कुमार सिंह ने जांच टीम गठित किया था । बीडीओं के निर्देश पर जांच टीम ने ग्राम पंचायत सलेमपुर पांडेय में जाकर परिवार के सदस्यों के नाम जारी फर्जी मनरेगा कार्डों की जांच किया । जांच टीम ने ग्राम प्रधान समेत अन्य कई ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच किया था और जांच रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी परसरामपुर को प्रेषित किया था । खंड विकास अधिकारी ने जांच आख्या रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान कनिक राम यादव के खिलाफ 74456 चौहत्तर हजार चार सौ छप्पन रुपये सरकारी खाते में जमा कराने के लिए सचिव प्रवीन कुमार वर्मा को निर्देश दिया था लेकिन एक माह बीतने वाला है सरकारी धन की दुरुपयोग की गई धनराशि सरकारी खाते में जमा नही हो पाई है । आखिर कब होगी खंड विकास अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले सचिव प्रवीन कुमार वर्मा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई ? बना जांच का विषय । इस संबंध में फोन के माध्यम से सचिव प्रवीन कुमार वर्मा से जानकारी लेना चाहा तो सचिव का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला । उक्त प्रकरण में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही जांच टीम द्वारा पुष्टि की गई सरकारी धन के दुरुपयोग की धनराशि सरकारी खाते में जमा करा दी जाएगी ।

# सोनपुर धुतकहवा में मिट्टी पटाई के बिना भुगतान का मामला तूल पकड़ा, तत्कालीन उप जिलाधिकारी ने कराई जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विकास खंड तुलसीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में विकास कार्यों में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पंचायत में हुए बिना अनुमत मिट्टी खनन पटाई कार्य के बिना ही लाखों रुपये का भुगतान किए जाने की शिकायत पर तत्कालीन उप जिलाधिकारी तुलसीपुर ने गंभीरता दिखाते हुए जांच के आदेश दिए। सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में पंचायत भवन खड़ंजा एवं अन्य विकास कार्यों के तहत मिट्टी पटाई और समतलीकरण के नाम पर बजट जारी किया गया था। लेकिन मौके पर कार्य अधूरा पाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीन पर कोई वास्तविक कार्य नहीं कराया गया।



मामले की शिकायत मिलते ही तत्कालीन उप जिलाधिकारी तुलसीपुर ने लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान लेखपाल /राजस्व निरीक्षक ने स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि पराक्रम वित्तीय भुगतान से संबंधित है शिकायतकर्ता का बयान लिया एवं शिकायतकर्ता से कहा शपथ पत्र लेकर जिला अधिकारी के यहां से अनुतोष प्राप्त करें मिट्टी पटाई कार्य पूर्ण रूप से नहीं हुआ है, जबकि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस संदर्भ में जब संवाददाता ने संबंधित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि ÷जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।÷ वहीं ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की गड़बड़ियां पंचायत में आम हो गई हैं और अधिकारी आंख मूंदकर भुगतान कर देते हैं। गांव के निवासी सोनू जयसवाल अजमल मोनू और सीता देवी ने बताया कि ÷मिट्टी पटाई का नाम तो सुना है, पर गांव में कोई काम हुआ ही नहीं। अधिकारी और सचिव सिर्फ फाइलों में विकास दिखा रहे हैं।÷ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बलरामपुर से मांग की है कि पंचायत में हुए सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई हो सके। फिलहाल, जांच रिपोर्ट उप जिलाधिकारी कार्यालय में जमा कर दी गई है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस फर्जी भुगतान और भ्रष्टाचार के मामले में ठोस कदम उठाता है, या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# स्वदेशी मेले में मिट्टी के दीये व गुल्लक की खरीदारी तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** नगर के बड़ा परेड ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी मेले में समूह की महिलाओं व छोटे उद्यमियों के उत्पादों पहचान मिल रही है। स्वदेशी मेले में कुम्हारों के दीये व महिलाओं के रंगीन झालर व झूमर की खूब खरीदारी हो रही है।भी मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। लैबुड़वा के माटी कलाकार रामरूप ने बताया कि उन्हें उद्योग विभाग से इलेक्ट्रिक चॉक मिला था। उसी से मिट्टी के दीये, गुल्लक व घड़ा आदि बनाकर बेच रहे हैं। स्वदेशी मेले में अब तक 2500 रुपये से अधिक के दीये व गुल्लक बेच चुके हैं। धनतेरस पर और बिक्री होने की उम्मीद है। दुर्गा माता समूह की अंजली ने बताया कि वह घर के गेट पर लगाने वाला झालर व झूमर की बिक्री कर रही हैं। अब तक 3000 रुपये से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है। उपायुक्त



उद्योग नीरज सिंह ने बताया कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ाने ही स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले छोटे उद्यमियों को पहचान मिलेगी।

**एमएलसी ने लाभार्थियों को बांटे टूल किट**

स्वदेशी मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) साकेत मिश्र पहुंचे। सदस्य ने स्टॉल पर लगे उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कारीगरों को बधाई दी। कहा कि आपके उत्पादों का मंडल व प्रदेश स्तर पर पहचान मिलने से जिले का मान बढ़ेगा। इसके बाद एमएलसी ने उद्योग विभाग के तहत लाभार्थियों को टूल किट वितरित किए। सीएम युवा योजना के तहत लाभार्थी आसिफ को ऋण का चेक, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना दर्जी ट्रेड के तहत लाभार्थी पूजा शर्मा को सिलाई मशीन व धोबी ट्रेड के तहत लाभार्थी सुमई को वाशिंग मशीन प्रदान की। इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु गुप्त, उद्योग विभाग के अखिलेश सिंह, डॉ. पूजा गौतम व फार्मासिस्ट सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की डिग्री का फर्जी इस्तेमाल कर सीतापुर व बहराइच में खोले तीन अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** एमबीबीएस डिग्री का फर्जी इस्तेमाल कर लखनऊ व बहराइच में तीन अस्पतालों के संचालन का मामला सामने आया है। डॉ. जावेद खान की शिकायत पर सीएमओ ने जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने उनके नाम व रजिस्ट्रेशन नंबर का गलत इस्तेमाल करते हुए तीन अस्पतालों का संचालन किया। साथ ही डॉक्टर के नाम से इलाज और फर्जी हस्ताक्षर भी किए। पुलिस ने डॉ. जावेद की तहरीर पर मंगलवार को बहराइच के शैदा बभनी, रिसिया निवासी मो. रजा, डॉ. आवेश, डॉ. फरहीन के साथ ही जिले के महराजगंज तराई निवासी मो. शफीक, नई बाजार पचपेड़वा निवासी हस्मान व कारी कदीर के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, धमकी और आपराधिक साजिश जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। ग्राम बेतहनिया, थाना पचपेड़वा निवासी डॉ. मो. जावेद खान ने एमबीबीएस की डिग्री केजीएमयू लखनऊ से हासिल की है। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में नीट पीजी की तैयारी कर रहे हैं। कहा कि कुछ लोगों ने उनके फर्जी हस्ताक्षर व डिग्री की प्रतिलिपि का दुरुपयोग करते हुए तीन अस्पतालों का पंजीकरण उनके नाम पर करा लिया। इनमें सीतापुर जिले में लखनऊ सेवा अस्पताल रेउसा चौराहा, तंबौर रोड सीतापुर, लखनऊ सेवा अस्पताल राजी चौराहा, महसी थाना हरदी, बहराइच और एआर नर्सिंग होम जैतरापुर, बहराइच शामिल हैं। इन अस्पतालों में आरोपियों ने न केवल डॉक्टर के नाम से अस्पताल पंजीकृत कराए, बल्कि बोर्ड, प्रिस्क्रिप्शन पैड और अस्पताल दस्तावेजों पर भी उनका नाम और मेडिकल रजिस्ट्रेशन नंबर छाप दिया। पुलिस ने अब मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रकरण में शामिल सभी संस्थानों की निगरानी बढ़ा दी है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने दस्तावेजों की प्रति और अस्पतालों के रिकॉर्ड भी सीज कर लिए हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अमित चौरसिया को सौंपी है।

**नवीनीकरण भी कराया, जानकारी के बाद किया गया निरस्त**

आरोपियों ने रेउसा चौराहे पर स्थित लखनऊ सेवा अस्पताल का पंजीकरण समाप्त होने के बाद भी नवीनीकरण के लिए आवेदन कर दिया। इसके साथ ही बहराइच के सेवा अस्पताल राजी चौराहा, महसी का पंजीकरण पांच वर्ष के लिए पुनः नवीनीकृत भी करा लिया गया। डॉ. जावेद की शिकायत पर 20 जून 2025 को संबंधित जिलों के सीएमओ कार्यालयों में जांच कराई, जिसमें फर्जीवाड़ा प्रमाणित हुआ और संबंधित अस्पतालों के पंजीकरण निरस्त कर दिए गए। पंजीकरण निरस्त होने के बाद से ही डॉक्टर जावेद को धमकियां दी जाने लगीं। उनका कहना है कि 7 जुलाई 2025 की दोपहर 12 बजे, आरोपीगण में से कुछ लोग पचपेड़वा आकर उन्हें शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। गाली-गलौज करते हुए मेडिकल कॅरिअर बर्बाद करने और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद डॉ. जावेद ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में देवरिया शहर में यातायात नियम पालन एवं दुर्घटना रोकथाम अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, स्टंटबाजी करने वालों तथा न्यू कॉलोनी स्थित डॉ. गुलाम रसूल हॉस्पिटल और आस्था हॉस्पिटल के सामने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने 110 वाहनों का ई-चालान किया तथा 3 वाहनों को सीज किया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी बाजार में मिलावटी सोने का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी बाजार में मिलावटी सोने के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। यहां राधा ज्वैलर्स नामक दुकान के संचालक ने सैकड़ों ग्रामीणों को असली सोने का दाम लेकर नकली सोने के आभूषण बेच दिए। जानकारी के अनुसार, दुकानदार ने 2 करोड़ रुपये से अधिक का नकली सोना बेचा और फिर दुकान बंद कर फरार हो गया। नकली सोने की पोल खुली तो मचा हड़कंपविशेषज्ञों ने दी सावधानी की सलाह ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों ने अपना पुराना सोना देकर नया आभूषण लिया, लेकिन जांच में पता चला कि सारे आभूषण नकली हैं। जांच में यह भी सामने आया कि




नकली सोने पर असली सोने की तरह कैरेट लिखा हुआ था और सिर्फ सतह पर सोने की पालिश की गई थी। कई ग्रामीणों ने ठगी की सूचना पुलिस चौकी में दी, लेकिन फिलहाल कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।विशेषज्ञों ने दी सावधानी की सलाहसिद्धी विनायक हॉलमार्क के क्वालिटी मैनेजर अब्दुल रहमान ने बताया कि आभूषण पर कैरेट लिखा होने के बावजूद 6 डिजिट का एचयूआईडी नंबर नहीं होने पर उसकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं होती। अक्सर ग्रामीण इलाकों की ज्वेलर्स की दुकानें अनरजिस्टर्ड होती हैं और वहां बिना एचयूआईडी नंबर वाले आभूषण बेचे जाते हैं। उन्होंने कहा कि अपने सोने की शुद्धता की जांच BIS CARE ऐप के माध्यम से की जा सकती है। स्वर्ण व्यवसायी और कैलाश ज्वैलर्स के मालिक शंभूनाथ ने भी लोगों से चेतावनी दी कि सोना खरीदते समय केवल कैरेट पर भरोसा न करें, बल्कि आभूषण पर 6 डिजिट का एचयूआईडी नंबर जरूर देखें। यदि नंबर मौजूद नहीं है, तो उस आभूषण की शुद्धता सुनिश्चित नहीं होती और वह नकली भी हो सकता है।ग्रामीणों में इस घटना के बाद गहरी नाराजगी और डर का माहौल है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया है कि ऐसे मिलावटी सोने के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और ठगी करने वाले दुकानदारों को न्याय दिलाया जाए।

# बस्ती लालगंज थाना क्षेत्र में अवैध पटाखों की बड़ी खेप जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में धनतेरस, दीपावली और छठ के मद्देनजर पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण पर सघन कार्रवाई की है। लालगंज थाने की पुलिस और स्वाट टीम ने एसपी के सफल प्रवेक्षण के तहत मुखबिर की सूचना पर एक व्यापारी के पास छिपाकर रखे गए अवैध पटाखों की बड़ी खेप पकड़ी।मौके से जब्त हुए लाखों के अवैध पटाखेआरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में भेजा गया जेलमौके से जब्त हुए लाखों के अवैध पटाखेजांच के दौरान मौके से लगभग 5




लाख रुपये कीमत के अवैध रूप से भंडारित पटाखे जब्त किए गए। व्यापारी ने चूड़ियों के बीच 700 किलो ग्राम विस्फोटक पटाखे छिपा रखे थे, जिन्हें पुलिस ने कुशलता से बरामद किया।

**आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में भेजा गया जेल**

इस कार्रवाई में लालगंज पुलिस ने आरोपी अकील को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में दीपावली और छठ के मद्देनजर इस तरह की लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है, ताकि अवैध पटाखों के कारण किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसपी बस्ती ने बताया कि सभी व्यापारियों को नियमों का पालन करना अनिवार्य है और अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नगर पंचायत पचपेड़वा में भ्रष्टाचार के खिलाफ सभासदों ने खोला मोर्चा

**●ध्वस्त सफाई व्यवस्था और सड़कों पर बहता गंदा पानी बना लोगों की परेशानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/पचपेड़वा।** नगर पंचायत पचपेड़वा में भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को लेकर सभासदों ने खुला मोर्चा खोल दिया है। नगर की सफाई व्यवस्था चरमराने के साथ-साथ जल निकासी की समस्या ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। मुख्य मार्गों और गलियों में गंदा पानी भरा रहने से आमजन को संक्रमण का खतरा सताने लगा है, वहीं नगर पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान देने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत पचपेड़वा में पिछले कई महीनों से सफाई कर्मियों की लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। नालियों की सफाई न होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। दुर्गंध के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बाजार, मोहल्ले और मुख्य चौराहे पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

इस स्थिति से नाराज़ नगर पंचायत के कई



सभासदों ने अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि नगर में विकास कार्यों के नाम पर कागज़ों में करोड़ों रुपये खर्च दिखाए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई सुधार नहीं दिखता। सभासदों ने आरोप लगाया कि बजट का दुरुपयोग कर अधिकारी और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं। सभासद नसीम अहमद, राधेश्याम, पूनम देवी और अन्य ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष को सफाई व जलभराव की समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। "नगरवासी गंदगी और बदबू में जीने को मजबूर हैं, जबकि अधिकारी फाइलों में सफाई दिखा रहे हैं," उन्होंने कहा।

मामला तूल पकड़ने पर सभासदों ने सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही सफाई





व्यवस्था सुधारी नहीं गई और भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करेंगे तथा आवश्यक हुआ तो सामूहिक इस्तीफा भी देंगे। इस बीच, जब इस विषय में अधिशासी अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि "सफाई की स्थिति में सुधार के लिए टीम लगाई गई है और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।"नगरवासियों का कहना है कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गंदगी और जलभराव से बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है। नगर पंचायत पचपेड़वा की स्थिति अब प्रशासनिक निष्क्रियता और भ्रष्टाचार का प्रतीक बनती जा रही है।

# पांच दिवसीय रज़ा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

**● राशिद इलेवन सिद्धार्थ नगर बनी विजेता – विजेता टीम को मिला 51,000 का नगद तथा उपबिजेता टीम को रू 21000 नकद पुरस्कार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** खेल भावना, उत्साह और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम बीरपुर सेमरा में आयोजित पांच दिवसीय रज़ा क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट में। पांच दिनों तक चले इस रोमांचक क्रिकेट महाकुंभ में 16 टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के अध्यक्ष ललाऊ (प्रधान प्रतिनिधि बीरपुर), उपाध्यक्ष इमरान अहमद, आयोजक अजय कुमार, तथा संरक्षक बब्लू भाई रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला



पंचायत सदस्य साजिद खान, सामाजिक कार्यकर्ता सलीम खान, मो. सलीम मठवा, गुलाम रब्बानी और नसीम भाई शादाब रफी खान, हाशिर खान आदि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम है, बल्कि भाईचारे और एकता की मिसाल भी है।

टूर्नामेंट के अंतिम दिन तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच रब्बानी इलेवन और थापा ब्रांड नेपाल के बीच हुआ, जिसमें रब्बानी इलेवन ने शानदार जीत हासिल की। दूसरा मुकाबला एसएसबी गाज़ीपुर और राशिद इलेवन के बीच हुआ, जिसमें राशिद इलेवन ने बाज़ी मारी। इसके बाद फाइनल मुकाबले में आमने-सामने थीं रब्बानी इलेवन ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10ओवर में 144 रनो का दिया। कड़े संघर्ष और रोमांच से भरपूर इस फाइनल में राशिद इलेवन ने 4 गेंद शेष रहते ही 9 विकटो से शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 51,000 नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 21,000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि साजिद खान के हाथों से हुआ। टूर्नामेंट के समापन पर मैदान तालियों की गूंज से गूंज उठा। दर्शकों ने विजेता खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया और आयोजन समिति की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति रुचि जगाने के साथ-साथ समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# गणित ओलंपियाड के मेधावियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनके विद्यालयों में सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में गणित ओलंपियाड परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले कंपोजिट विद्यालय टेगनवार के छात्र अंकित कुमार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरालाल व यूनिसेफ के सदस्य विजेंद्र प्रताप सिंह ने स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने खुशी जताते हुए कहा कि अंकित ने विद्यालय के साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन किया



है। परीक्षा में दूसरा स्थान कंपोजिट विद्यालय नर्सरी रेहरा बाजार के छात्र शिवम मौर्य को मिला है। उन्हें प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने पुरस्कार देकर उनके परिश्रम व लगन की सराहना की।

परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआकला के छात्र सत्यम चौधरी को भी विद्यालय में सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश्वर प्रसाद यादव ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। चौथा स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन तुलसीपुर की छात्रा खुशबू को मिला। उन्हें प्रधानाध्यापक राकेश कुमार द्विवेदी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परीक्षा में पांचवां स्थान पाने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर कला पचपेड़वा की छात्रा मुस्कान को पुरस्कार देकर प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने सम्मानित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने भी खुशी जताते हुए बधाई दी।

# संक्षिप्त खबरें

## हर कदम श्रीराम को समर्पित- भक्त विशाल ठाकुर की 310 किमी दंडवत यात्रा पहुँची मलिहाबाद



**मलिहाबाद।** प्रभु श्रीराम के प्रति अनन्य श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए हरदोई जिले के पासिगवां बेहटा गोकुल निवासी भक्त विशाल ठाकुर इन दिनों अपनी 310 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा पर निकले हैं। बुधवार को अपनी यात्रा के 36वें दिन वे मलिहाबाद क्षेत्र के भतोइया गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और जलपान कराकर सम्मानित किया। भक्त विशाल ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण समर्पण की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा हर दंडवत के साथ मैं अपने भीतर की सीमाओं को तोड़कर प्रभु की ओर बढ़ रहा हूं, यह यात्रा शरीर और आत्मा दोनों की परीक्षा है, लेकिन श्रीराम नाम ही मेरी शक्ति है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी वे कई बार धार्मिक यात्राओं का संकल्प पूरा कर चुके हैं। इस अवसर पर उनके साथ राजेश कुमार सक्सेना और रोहित सिंह भी यात्रा में सहभागी रहे। भतोइया गांव में रुकने के दौरान अनेक ग्रामीणों ने इस भक्ति यात्रा को देखकर भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसी गहरी आस्था और समर्पण दुर्लभ है। गांव का वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा, जहां श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बिजली के पोल में मारी टक्कर, आपूर्ति रहीं बाधित



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के मेन रोड पर बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बिजली के पोल से टकरा गई। जोरदार टक्कर से पोल टूटकर लटक गया और आसपास अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि वाहन सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। पोल टूट जाने के कारण नगर में करीब 17 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 12~15 बजे करुणा बाजार चौराहे की ओर से आ रही नई स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और स्टीयरिंग जाम हो गई। उधर विद्युत फुल टूट जाने के करण करीब 15 हजार आबादी की विद्युत आपूर्ति 17 घंटे प्रभावित रही।बिजली विभाग के जेई दीपक कुमार ने बताया कि पोल टूटने से तार झूल गए थे। जिन्हें ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। शाम करीब 5 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बताया कि विभाग को करीब 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है।

## बाइक सवार बदमाशों ने सेल्समैन से की लूट इलाके में फैली सनसनी, ओवरब्रिज पर डंडे से किया हमला



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कोतवाली देहात क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने शराब दुकान के सेल्समैन से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया बदमाशों ने ओवरब्रिज पर गाड़ी रोककर न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि डिग्गी में रखे कैश से भरा बैग भी छीन ले गए। लूट की इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है जानकारी के अनुसार टेडवा बिजवार निवासी सोनू जायसवाल पुत्र रामचंद्र जायसवाल अपनी कंपोजिट शराब की दुकान बंद कर देर रात घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बिजवार ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी दो बाइक पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया बदमाशों ने सोनू की बाइक रुकवाकर उनके हाथ पर डंडे से वार किया, जिससे वह गिर पड़े इसके बाद उन्होंने बाइक की डिग्गी खोलकर कैश से भरा बैग निकाल लिया और फरार हो गए पीड़ित सोनू ने बताया कि बैग में करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी थी, जो दिनभर की शराब बिक्री की रकम थी। लूटपाट के बाद सोनू ने किसी तरह थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। कोतवाली देहात पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित से पूछताछ की पुलिस टीम बदमाशों की पहचान के लिए संभावित मार्गों पर लगे कैमरों की फुटेज चेक कर रही है। लूट की इस वारदात से इलाके के व्यापारियों और शराब ठेके संचालकों में दहशत का माहौल है!!

# जिला पंचायत में टेंडर खुलने से पहले काम शुरू 78 लाख के सड़क मरम्मत कार्य में गड़बड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिला पंचायत के विकास कार्यों में गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है यहां टेंडर खुलने से पहले ही 78 लाख कीमत से होने वाले सड़क मरम्मत के काम को ठेकेदार ने पहले ही शुरू करा दिया। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले निर्माण कार्य का मामला सामने आते ही जिला पंचायत कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई अधिकारियों ने मामले की लीपापोती करते हुए जांच कराने की बात कही है जानकारी के अनुसार, जिला पंचायत द्वारा नौ सड़कों की मरम्मत के लिए करोड़ों की लागत के टेंडर जारी किए गए थे। इसके लिए निविदाएं 6 अक्टूबर से 14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की गई थीं, जबकि टेंडर खोलने की तिथि उसी दिन शाम 4 बजे निर्धारित थी मगर टेंडर खुलने से पहले ही 13 अक्टूबर की रात को एक ठेकेदार ने जेसीबी लगाकर सड़क की पटरी मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया मामले की जानकारी जब अधिकारियों को हुई तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अधिकारियों ने जांच के आदेश देने की बात कही, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया इससे यह स्पष्ट होता है कि टेंडर प्रक्रिया में नियमों को ताक पर रखकर मनमानी की जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य शुरू होने से पहले ही ठेकेदार की सक्रियता यह साबित करती है कि टेंडर प्रक्रिया में पहले से मैनेजमेंट का खेल चल रहा है अब देखना यह होगा कि जांच में जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है। जिला पंचायत के अवर अभियंता ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद उपरान्त अगर गड़बड़ी मिलती है तो उस कार्य को श्रमदान घोषित करवा दिया जाएगा!!

## सेवा भारती के छात्रावास में मिल रही गरीब परिवार के बच्चों को नि:शुल्क सुविधा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर-** सेवा भारती के छात्रावास में गरीब परिवार के मेधावी छात्रों का चयन कर मुफ्त में सुविधा दी जा रही है। लखीमपुर खीरी स्थित सेवा भारती के सूर्य नारायण राव छात्रावास में गरीब परिवार के मेधावी छात्रों को निःशुल्क छात्रावास की सुविधा दी जा रही है। सेवा भारती के प्रांत महा मंत्री रजनीश जी ने बताया सेवा भारती के प्रकल्प के तहत बच्चों के लिए छात्रावास में रहने, भोजन करने के साथ-साथ स्कूलों में प्रवेश कराने तक की व्यवस्था की गई है। पूरा खर्च सेवा भारती उठाएगी।

सेवा भारती की ओर से इस प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते है। जिससे समाज में बदलाव लाने व जरूरतमंद लोगों की मदद करने का कार्य किया जाता है। सेवा भारती द्वारा संचालित सूर्यनारायण राव निशुल्क छात्रावास में बुधवार को श्रीमान भास्कर जी प्रचारक केंद्र अयोध्या (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने छात्रों के साथ उनकी दिनचर्या एवं स्वास्थ्य पर चर्चा वार्ता की श्रीमान जय सिंह जी संघटन मंत्री (सेवा भारती अवध प्रान्त) छात्रों से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली एवं चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा के बारे में वार्ता की मोहित जायसवाल जी पंजाब केसरी (लखनऊ जोन) ने पढ़ाई, दिनचर्या एवं भविष्य में आगे क्या करना है जैसे विषयों पर छात्रों से पूंछा साथ ही बच्चों को चिप्स चॉकलेट बिस्किट आदि सामग्री दी! छात्रावास में भास्कर जी प्रचारक, रजनीश जी महामंत्री (सेवा भारती अवध प्रांत), जय सिंह जी संघटन मंत्री (सेवा भारती अवध प्रान्त), मोहित जयसवाल जी पंजाब केसरी (लखनऊ जोन), योगेश जिला महामंत्री, मणीन्द्र जी उपस्थिति रहे।

## सीतापुर की हर नारी ने ठाना है एनीमिया को हराना है



**मिश्रिख (सीतापुर)** मिशन शक्ति के अंतर्गत विकास खंड मिश्रिख के सभी ग्राम पंचायतो में स्वास्थ्य विभाग, पोषण और बाल विकास तथा ग्राम विकास और पंचायती राज के सहभागिता और नेतृत्व में आज आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बर्मी और जसरथपुर ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी ने स्वयं रहकर वितरण कराया।विकास खंड के सभी अधिकारियों की उपरोक्त कार्य में ड्यूटी लगाकर इसकी समीक्षा और अनुश्रवण किया गया। खंड विकास अधिकारी सुनील कौशल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश और मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सभी विकास खंड में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं बच्चों और बच्चियों को खून की कमी की समस्या से निजात दिलाना और जागरूक करना है। कार्यक्रम में आज विकास खंड स्तर पर लगभग 4000 से अधिक महिलाएं और उपस्थित रही।

## रंजिश में पालतू कुत्ते की पीट पीटकर हत्या का आरोप



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के मेरई गांव में रंजिश के चलते एक महिला के पालतू कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। गांव निवासी रीतू शर्मा ने गांव के ही पांच लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उससे मारपीट की। जिसमें उसकी बेटी अदिति शर्मा घायल हो गई। रीतू शर्मा के मुताबिक वह बेटी का इलाज कराने जिला अस्पताल गई हुई थी। तभी आरोपियों ने उसके पालतू कुत्ते को लाठी डंडो से पीट दिया। बुधवार की सुबह जब वह घायल कुत्ते को लेकर कोतवाली पहुंची, तो गेट के सामने ही कुत्ते की मौत हो गई। महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सेंध काट कर 60 हज़ार नगदी सहित, लाखों के गहने चोरी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** बीती रात अज्ञात चोरों ने क्षेत्र में फतेहनगर गांव में एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहने और नगदी चुरा ले गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

फतेहनगर निवासी राजेंद्र यादव ने पुलिस को सूचना दी और बताया कि रात करीब 10 बजे खाने के बाद उनका परिवार घर के पीछे कमरे में ताला-डालकर सो गया।रात करीब 2 बजे के आसपास खटखटाने की आवाज सुनाई पड़ी पर हमेशा कि तरह मवेशी की खटखटाने की आवाज आती थी उसी पर हम लोगों ने ध्यान नहीं दिया।चोर पीछे की दीवार को काटकर घर के अंदर दाखिल हुए और घर के उस कमरे तक पहुंचे जहां कीमती सामान रखा था। इस कमरे में बाहर से ताला लगा था जिसे चोरों ने अंदर से कुंडी लगा दी जिससे कोई अंदर नही आ सके और आराम से चोरों ने कमरे में रखे बक्से और अलमारी को खंगाला जिसमें रखे सोने चांदी के जेवरात और 60 हजार रुपए नगद चुरा ले गए।सुबह जब उनके पड़ोसी कुंदन अपने खेत में फूल तोड़ने आए तब सेंध देख घटना की जानकारी परिवार को दी।पीड़ित राजेंद्र यादव ने थाने पर तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की गहनता से जांच में जुट गई है। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। और उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मायके जाने की बात कहकर घर से निकली बहू वापस न आने पर ससुर ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट ....

**● गुजरात में मजदूरी का करता पति चार बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** बछरावां बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरे कुमेदान का पुरवा पोस्ट राघोपुर से एक बेहद चौकाने वाली खबर प्रकाश में आई है जहां एक लगभग 32 वर्षीय विवाहिता अपने नन्हे नन्हे बच्चों को छोड़कर फरार हो गई ससुराली जनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार लगभग 7~00 बजे परिजनों से यह बात कर निकली की मायके जा रही हूं कुछ जरूरी काम है शाम तक वापस आ जाऊंगी देर रात तक वापस न लौटने पर सभी को किसी अनहोनी की चिंता होने लगी खोजबीन के क्रम में उसके मायके लोनार थाना शिवगढ़ जाने पर मायके के लोगों ने बताया कि यहां तो नहीं आई है तब सभी की मुश्किलें और बढ़ गई ताबड़तोड़ सभी संभावित जगहों पर तलाश किया गया पर कोई जानकारी नहीं मिली किसी अनहोनी की शंका के कारण रात लगभग 9~00 बजे निकट पुलिस चौकी थुलेंडी पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने आश्वासन दिया कि जल्द ही गुमशुदा की तलाश कर ली जाएगी लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस की लचर कार्य शैली के चलते हैं अब तक गुमशुदा का कोई अता पता नहीं है चार दिन बीत जाने के बाद परिजन और भी चिंतित हो रहे हैं कि कहीं उसके साथ कोई अनहोनी घटना तो नहीं घट गई।

**क्या कहते हैं बच्चे ...** एक ओर जहां घर की रोजी-रोटी के लिए गरीब राम बहादुर गुजरात में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता है जिस वजह से घर का गुजारा होता है उधर पति की अनुपस्थिति में बच्चों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मां चोरी छिपे देर तक किसी से बातें किया करती थी जिसकी जानकारी थोड़ी बहुत जब पापा को हो जाती थी जिस वजह से कभी-कभी थोड़ा बहुत झगड़ा हो जाता था साल के अधिकांश दिन मजदूरी के वास्ते पापा बाहर ही रहते है इस बीच कहीं ऐसा तो नहीं कि वह किसी के साथ प्रेम प्रसंग में पड़ गई हो जिस वजह से छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर कहीं किसी के फरार तो नहीं हो गई।

क्या कहते हैं पति राम बहादुरस छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर फरार हुई पत्नी की




जानकारी जब राम बहादुर को हुई तो बृहस्पतिवार सुबह राम बहादुर भी घर आ गए एक ओर पत्नी के फरार होने की चिंता वहीं दूसरी ओर बच्चों का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर और परेशान हो गए संवाददाता से बातचीत के दौरान राम बहादुर ने बताया की छोटी-छोटी लड़ाई झगड़े तो हर घर में पति पत्नी के बीच में होते रहते हैं जो की एक आम बात है रोजी-रोटी के वास्ते साल के अधिकांश दिन बाहर ही रहता हूं इस दौरान पत्नी के अवैध संबंधों की भी जानकारी मिली लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए मैंने पत्नी को कई बार समझाने की कोशिश की इसी वजह से बीच-बीच में वाद विवाद तो होता ही रहता था शायद पत्नी ने इसी का लाभ उठाया बहू के इस तरह से अचानक गायब हो जाने से जहां एक ओर ससुर रामशरण दुखी है वही पूरा परिवार किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत है।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में चतुर्दिवसीय हाउस शो कार्यक्रम का भव्य समापन

**● विद्यार्थियों ने कवि सम्मेलन, नाट्य प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर** बिसवां शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनकी निहित प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दिनांक 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का समापन आज अत्यंत हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। चार दिनों तक चले इस ज्ञानवर्धक और मनोरंजक आयोजन में विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, संगीत और जोश से गूंजता रहा। अंतिम दिवस पर एंडेवर हाउस के विद्यार्थियों ने लक्ष्य ध्येय वाक्य के साथ कवि सम्मेलन, नाट्य मंचन, समूह गायन तथा विविध रचनात्मक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी अभिव्यक्ति, अभिनय और साहित्यिक प्रतिभा के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया बल्कि समाज को संवेदनशीलता, नैतिकता और एकता का संदेश भी दिया। विशेष रूप से देशभक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और सामाजिक सुधार की दिशा में सोचने को प्रेरित किया। भव्य समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के यशस्वी निदेशकों श्री उमंग राजवंशी, श्री मुदित सिंघल एवं श्री अनुज सिंघल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। निदेशकों ने विद्यालय परिवार की एकजुटता और विद्यार्थियों के अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि "एल्पिस ग्लोबल स्कूल का उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी में आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का निर्माण करना है। निदेशकों ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान और अनुशासित कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी अपनी मेहनत, सृजनात्मकता और अनुशासन से संस्थान का नाम ऊँचा कर रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों को भी उनके निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट और विद्यार्थियों के उत्साह से गूंज उठा। यह चार दिवसीय आयोजन विद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि, शिक्षण गुणवत्ता और विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# मौर्य समाज सेवा संस्थान औरंगाबाद ने की बेसहारा बच्चों की मदद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख(सीतापुर)** लखीमपुर खीरी के गोला तहसील के अंतर्गत गांव बेचेपुरवा में छह दिन पहले एक गरीब परिवार में मां की मृत्यु होने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।हम आपको बता दे कि लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा के गांव बेचेपुरवा में करीब 4 साल पूर्व बेचेपुरवा निवासी रामगणेश की बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी थी जिसके बाद घर की जिम्मेदारी राम गणेश की पत्नी सुनीला देवी पर आ गई थी ,वहीं परिवार की स्तिथि ठीक ना होने की वजह से सुनीला देवी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करती ,सुनीला देवी धान काटने के लिए अपनी बहन के यहां गई थी वहीं पर उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई और उनकी करीब तीन दिन पूर्व उनकी मौत हो गई सुनीला देवी की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा इसके बादउनके तीन बच्चों को पालने की जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है जिसकी खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई वही वायरल खबर का संज्ञान लेते हुए मौर्या समाज सेवा संस्थान औरंगाबाद मिश्रिख ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की योजना बनाई



और दिन बृहस्पतिवार कों अपने टीम के सदस्यों के साथ उन्होंने बच्चों से मुलाकात की व बच्चों को नए कपड़े जूते राशन की व्यवस्था करवाई साथ ही रोजगार हेतु सिलाई मशीन व 10000 नगद भुगतान देकर बच्चों की आर्थिक मदद की व आगे भी मदद का भरोसा दिलाया इस अवसर पर राम मिलन मौर्य कोषाध्यक्ष ,बनवारी लाल मौर्य अध्यक्ष,श्यामा कुमार मौर्य, महेश मौर्य ,डॉ रवि मौर्य मिश्रिख सेवा हॉस्पिटल, डॉ वीके मौर्य , राजबहादुर मौर्य अनुज मौर्य प्रमोद मौर्य आदि लोग शामिल रहे।

## पति, ससुर, सास व जेठ पर उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के नसीरपुर मजरे अंबारा पश्चिम निवासिनी महिला ने पति, ससुर, सास और जेठ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। सीओ निर्देश पर पुलिस ने केस दर्जकर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासिनी पीड़िता सीमा ने बताया कि उसका विवाह 10 मार्च 2016 को विनोद कुमार निवासी नसीरपुर से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग कर मारपीट व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। हाल ही में जब वह अपनी बच्चियों से मिलने ससुराल गई तो गेट से बाहर कर दिया गया। पीड़िता ने स्कूल में पढ़ रही बच्चियों से मिलने के लिए प्रधानाचार्य से भी गुहार लगाई, पर ससुराल पक्ष ने मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति विनोद कुमार, ससुर राम भरोसे, सास शांति देवी और जेठ विनोद कुमार के खिलाफ उत्पीड़न, मारपीट व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीओ की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने मंजूर की मांग

**● मिष्ठान खिलाकर तोड़वाया अनशन, धरना हुआ समाप्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इमलिया सुल्तानपुर-** सीतापुर ऐलिया ब्लाक मुख्यालय पर पसनैका के ग्रामीणों का 9वें दिन धरना समाप्त हो गया। आठ दिन तक अनवरत जारी अनिश्चित कालीन धरना की सुनवाई नहीं होने पर जब ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कार्यालय के लिये पैदल मार्च करने की घोषणा कर दी। तो प्रशासन के हांथ पांव फूलने लगे। मामले को माइनेज करने के लिये प्रशासन ने पुलिस का सहारा लिया। तो सीओ महोली नागेन्द्र चतुर्वेदी ने निराकरण कराने की जिम्मेदारी लेते हुये धरनारत ग्रामीणों को लखनऊ कूच करने से पहले मना लिया। गुरूवार की दोपहर सीओ महोली, नायब तहसीलदार सदर महेन्द्र तिवारी, सहायक डीपीआरओ मानवेन्द्र यादव व एडीओ पंचायत मनोज कुमार सिंह धरना स्थल पहुंचे। ग्रामीणों से वार्ता करने के दौरान मनमाने ढंग से दिव्यांग जन अधिकारी की जांच टीम का ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि विकास विभाग के अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता की संयुक्त टीम से जांच कराई जाय। जिसपर नायब तहसीलदार (बतौर मजिस्ट्रेट) ने जब नामित किये जाने वाले अधिकारी के बारे में ग्रामीणों से सहमति मांगी।

तो ग्रामीणों ने जिला विकास अधिकारी के नेतृत्व में अवर अभियन्ता की टीम से जांच कराने की मांग कर दी। उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के बाद मजिस्ट्रेट ने मांग स्वीकार करते हुये तीन दिन में पत्र उपलब्ध कराने का अश्वासन दिया। इसी प्रकार मांग पत्र लेकर उसका अवलोकन करते हुये मांग जायज बताकर बिन्दु वार निस्तारण करके एक हफ्ते के अन्दर प्रति उपलब्ध कराने की बात कही। अपनी मांगों के निस्तारण का अश्वासन पाकर उपस्थित ग्रामीणों की स्वीकृति पाकर धरने की अगुवाई कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह ने धरना स्थगित करने का एलान कर दिया। साथ ही इस संघर्स की सफलता के लिये अपने ग्राम वासियों व मीडिया के साथियों का आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद दिया। वहीं पांचवे दिन भूंख हड़ताल तोड़ने वाले राजकुमार सिंह, परवन, प्रमोद व मनोज को आई वीकनेस के चलते प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद घर भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** दिनांक 16.10. 2025 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो/ महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

**अभियान के दौरान निम्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए—**

**थाना सुरियावां-** प्राथमिक विद्यालय ग्राम अमरावती व दानुपुर बड़ौदा यूपी बैंक में महिलाओ/छात्राओं को सभी हेल्पलाइन नंबर 1090 /112/ 181 /102/ 108 तथा साइबर संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना जानकारी दी गयी।

**थाना कोइरौना** – राजकीय हाई स्कूल नगरदह में बालिकाओं को एंटी रोमियो टीम द्वारा उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराध तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जागरुक किया गया। थाना ऊंज-ग्राम मीनापुर में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। थाना ज्ञानपुर/महिला थाना - महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय व राजा पार्क में महिलाओं/बालिकाओं को भ्रमण के दौरान महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया।



थाना दुर्गागंज- ग्राम मेडी व पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय ग्राम गोपलहां महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के उपाय बताए गए।

थाना चौरी- ग्राम शरबत खानी में महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के उपाय बताए गए। थाना गोपीगंज/औराई- क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के दौरान महिला मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से संबंधित निम्न प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी– मिशन शक्ति नारी सम्मान नारी सुरक्षानारी स्वावलंबन साथ ही निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई – 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 - माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 - वीमेन पावर लाइन, 102 - स्वास्थ्य सेवा, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन टीमों ने मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं पुलिस अधीक्षक व थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। जनपद भदोही पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

# इसराइल-हमास संघर्ष- शांति, कूटनीति और डोनाल्ड ट्रंप

लगभग 2 वर्षों के बाद गाजा पट्टी में इसराइल हमास युद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्तता से थम गया है। इस समझौते में इसराइल के हमास द्वारा बनाए गए इसराइल नागरिक शेष 20 बंधक इसराइल को सौंपे दिए गए बदले में 1900 से ज्यादा बंधकों और फिलिस्तीन कैदियों को रिहा किया गयाइस युद्ध में अरबों रुपयों का आर्थिक नुकसान हुआ और गाजा पट्टी फिलिस्तीन से एक लाख से ज्यादा नागरिक विस्थापित हुए, और मारे गए इजराइल फिलिस्तीन नागरिकों की संख्या बहुत बड़ी है जिसकी सच्चाई का आकलन अभी तक नहीं किया जा पाया है। यह युद्ध विश्व मानवता के लिए एक बड़ी राहत साबित मानी जा रही है। इसके बदले डोनाल्ड ट्रंप को इसराइल का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी दिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप के ताज में शांति सम्मानित का एक और नया हीरा जुड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पुरस्कार प्राप्ति की आकांक्षा 2026 के लिए फिर शुरू हो गई है वे अभी भी नोबेल पुरस्कार की दौड़ में बड़े आकांक्षी हैं। इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष दशकों से मध्य-पूर्व की राजनीति का सबसे गंभीर अध्याय रहा है। 1948 में इसराइल के गठन के साथ ही अरब-फ़िलिस्तीनी विवाद आरंभ हुआ और 1967 के युद्ध के बाद गाज़ा इसराइली नियंत्रण में आया। 2007 में हमास द्वारा गाज़ा पर नियंत्रण और इसराइल की नाकेबंदी ने तनाव को और गहरा किया। सितंबर 2023 में हमास ने अचानक इसराइल पर हमला कर लगभग 251 नागरिकों को बंधक बना लिया। इस हमले ने न केवल मध्य-पूर्व बल्कि विश्व-राजनीति को भी हिला दिया। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्होंने पहले "अब्राहम समझौते" के माध्यम से अरब-इसराइल संबंधों में शांति का द्वार खोला था, ने इस संकट को अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ते हुए सक्रिय मध्यस्थता की। ट्रंप ने कतर, मिस्र, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय साझेदारों के साथ मिलकर एक बहुपक्षीय शांति प्रारूप तैयार किया। उन्होंने इसे "ह्यूमैनिटी फर्स्ट इनिशिएटिव" नाम दिया और कहा कि "यदि यह समझौता सफल होता है तो मैं नहीं, बल्कि शांति खुद नोबेल की हक़दार होगी।" जनवरी 2025 में उनके नेतृत्व में हुए समझौते में 33 इज़राइली बंधकों की रिहाई हुई, जिनमें 25 जीवित और 8 मृत घोषित हुए। इसके बदले इसराइल ने लगभग 1,700 फ़िलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा। यह "गाज़ा शांति चरण-1 समझौता" कहलाया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में शेष 20 जीवित बंधक भी छोड़े गए, जिनकी वापसी को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ऐतिहासिक राहत माना। इस रिहाई और युद्धविराम की प्रक्रिया में अमेरिका और कतर के साथ भारत की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित रही। भारत ने गाज़ा में मानवीय सहायता, चिकित्सा उपकरण, खाद्य सामग्री और राहत दल भेजे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दोनों पक्षों से संयम बरतने और आतंकवाद से मुक्त स्थायी शांति की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि "भारत आतंकवाद के खिलाफ है और निर्दोष जीवन की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा।" भारत की यह संतुलित नीति – जहाँ एक ओर इसराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया गया, वहीं फ़िलिस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया,उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ छवि प्रदान करती है। दूसरी ओर, नाटो देशों की प्रतिक्रिया आरंभ में इज़राइल-समर्थक रही। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा ने हमास के हमले को "आतंकी कार्रवाई" बताया और इज़राइल को सैन्य, तकनीकी और खुफिया सहायता दी। परंतु जैसे-जैसे गाज़ा में नागरिक हताहत बढ़े, यूरोपीय संघ और नाटो देशों में मतभेद उभरने लगे। फ्रांस और स्पेन जैसे देशों ने «मानवीय संघर्षविराम» का आग्रह किया जबकि अमेरिका ने मध्य-पूर्व में स्थायी शांति के लिए कूटनीतिक दबाव बनाए रखा। इस दौरान ट्रंप की व्यक्तिगत भूमिका सबसे निर्णायक बनी रही। उन्होंने कई बार सार्वजनिक रूप से कहा कि उनका प्रयास केवल राजनीतिक समाधान नहीं बल्कि "मानवता की बहाली" है, और उन्होंने इसे अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ा। अंतराष्ट्रीय समुदाय में उन्हें शांति दूत बनने का प्रयास किया गया है। इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष आधुनिक विश्व के सबसे जटिल मानवीय और राजनीतिक त्रासदियों में से एक है। गाज़ा पट्टी आकार में भले ही छोटी हो, परंतु इसका इतिहास, भू-राजनीति और संघर्ष की गहराई अत्यंत विशाल है। 1948 में इज़राइल राष्ट्र के गठन के साथ ही पहला अरब-इज़राइल युद्ध छिड़ गया था, जिसके बाद गाज़ा मिस्र के नियंत्रण में आया और 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इज़राइल ने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। 1990 के दशक में ओस्लो समझौते के बाद सीमित स्वशासन वाली फिलिस्तीनी प्राधिकरण की स्थापना हुई, किंतु इसके कुछ ही वर्षों बाद हमास नामक संगठन ने धीरे-धीरे राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया और 2006 में हुए चुनावों में अप्रत्याशित रूप से विजयी हुआ। 2007 में फतह के साथ संघर्ष के बाद हमास ने गाज़ा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। इसके बाद इज़राइल ने सुरक्षा कारणों से गाज़ा की सीमाओं को सील कर दिया और थल, जल, वायु मार्गों पर कड़ी नाकेबंदी लागू कर दी। इसी के साथ गाज़ा लगातार मानवीय संकट और अस्थिरता का केंद्र बन गया। सितंबर 2023 में विश्व समुदाय तब स्तब्ध रह गया जब हमास ने इज़राइल पर अचानक बड़े पैमाने पर हमला किया। इस हमले में रॉकेट बमबारी, सीमा पार घुसपैठ और नागरिकों पर हमले शामिल थे। हमास के लड़ाकों ने लगभग सात सौ इज़राइली नागरिकों और सैनिकों को बंधक बना लिया और उन्हें गाज़ा में अपनी पकड़ में रखा। यह घटना आधुनिक इज़राइल के इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा विफलताओं में से एक मानी गई। इसके प्रतिकार में इज़राइल ने "ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड" नामक भीषण सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें गाज़ा पर लगातार हवाई और ज़मीनी हमले किए गए। इस



अभियान में हजारों इमारतें ध्वस्त हुई, सैकड़ों नागरिक मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हो गए। मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से कई दौर की बातचीत के बाद कुछ बंधकों को मानवीय आधार पर छोड़ा गया, किंतु अधिकांश अब भी लापता हैं। इस युद्ध ने न केवल मध्य पूर्व बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर इस संघर्ष का अंत कहाँ है? गाज़ा में पहले से ही बिजली, पानी, दवाइयाँ और आवास जैसी सुविधाएँ सीमित थीं। अब स्थिति और भयावह हो गई है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 21वीं सदी के सबसे बड़े मानवीय संकटों में एक बताया। अस्पतालों में संसाधनों की कमी, बच्चों और बुजुर्गों की त्रासदी और शरणार्थी शिविरों में बढ़ती भीड़ इस संघर्ष की मानवीय कीमत को दर्शाती है। राजनीतिक दृष्टि से हमास इसे "प्रतिरोध का युद्ध" कहता है जबकि इज़राइल इसे "आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई" मानता है। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, परंतु बीच में पिस रहे हैं आम जनता, जिसकी पीड़ा किसी भी पक्ष के लिए प्राथमिकता नहीं रह गई है। भविष्य को लेकर तीन संभावनाएँ सामने आती हैं। पहली, निकट भविष्य में स्थिति में स्थायित्व नहीं आने वाला है। तब तक वहाँ की हर सुबह धुएँ और आँसुओं में डूबी रहेगी। यही आज की सबसे बड़ी सच्चाई है – कि युद्ध से कोई विजेता नहीं निकलता, केवल पीड़ा और विनाश शेष रह जाता है।

**संजीव ठाकुर**

# करवाचौथ की रात को लुटा माल टूटा गृहस्थी बसाने का सपना!

करवाचौथ की रात हमेशा प्यार, विश्वास और परिवार के साथ बिताए जाने वाले खास पलों के लिए याद रखी जाती है लेकिन यही करवाचौथ की रात, जब देशभर में सुहागिनें अपने पतियों की लंबी आयु के लिए व्रत और पूजा कर रही थीं, वहीं यूपी के एक जिले में भरोसे और रिश्तों को तार-तार करने वाली लुटेरी दुल्हनों के गिरोह की बड़ी वारदात सामने आई। यहां के सासनी गेट थाना क्षेत्र में 12 परिवार उस वक्त सन्न रह गए, जब उनकी नई-नवेली दुल्हनें पूजा-पाठ के बाद सबको नशीला खाना खिलाकर घर में रखे लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई।आपको बता दें कि अलीगढ़ जनपद के थाना सासनी गेट क्षेत्र के मथुरा रोड पर भी ऐसी ही वारदात हुई . पीड़ित परिवारों ने पुलिस को बताया कि 9 अक्टूबर को दो युवतियों की शादी हुई थी. इनमें से एक की कोर्ट मैरिज और दूसरी की घर में फेरे डालकर शादी संपन्न हुई थी. सब कुछ सामान्य चल रहा था, यहां तक कि दोनों ने करवा चौथ के दिन अपने-अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए व्रत भी रखा। लेकिन उनके मन में प्यार नहीं, लूट की साजिश पल रही थी. शादी के महज दो दिन बाद ही, उनका असली इरादा सामने आ गया। शादी की रस्में पूरी होने के बाद, लुटेरी दुल्हनों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाया. फरार होने के लिए उन्होंने दूसरी मंजिल से नीचे उतरने का एक चौंकाने वाला तरीका अपनाया. दोनों ने साड़ी की रस्सी बनाई और उसी के सहारे नीचे उतर गई. भागने से पहले, उन्होंने दो परिवारों को बड़ा झटका दिया. दोनों अपने साथ चार सोने के कंगन, अंगूठी, मंगलसूत्र और करीब एक लाख बीस हजार रुपये नकद लेकर चंपत हो गई. सुबह होते ही परिवारों में मातम और अविश्वास का सन्नाटा छा गया. घटना के बाद दोनों पीड़ित परिवारों ने थाना सासनी गेट में शिकायत दर्ज कराई है. पूर्व मेयर शकुंतला भारती भी पीड़ित परिवार के साथ थाने पहुंचीं और उन्होंने इसे लुटेरी दुल्हनों के गिरोह का काम बताया. उन्होंने मनोज गुप्ता नामक एक व्यक्ति को इस गिरोह का सरगना होने का आरोप लगाया है। परिवारों ने सोचा था कि यह त्योहार खुशियों और मंगल का प्रतीक है। लेकिन करवाचौथ की यह रात उनके लिए यादों में जहर बन गई। न केवल परिवार सदमे में हैं, बल्कि यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। यह कोई सामान्य चोरी नहीं बल्कि एक सुनियोजित लुटेरी दुल्हन रैकेट की योजना थी। इन परिवारों की नई-नई दुल्हनों ने करवाचौथ का व्रत रखकर, खुद खाना बनाकर घरवालों को खिलाया और फिर नकदी और जेवर लेकर फरार हो गईं।

फिलहाल, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का मानना है कि बिहार से आई इन लुटेरी दुल्हनों की संख्या दर्जन से ज्यादा हो सकती है और जल्द ही इस गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा. मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश थी, जिसने 12 घरों में एक साथ मातम फैला दिया। जानकारी के अनुसार, ये सभी 'दुल्हनें' बिहार और झारखंड से लाई गई थीं, जिन्हें दलालों ने शादी के लिए लड़कियों की कमी से जूझ रहे परिवारों में 80 हजार से डेढ़ लाख रुपये लेकर ब्याहा था। पीड़ित परिवारों के मुताबिक, शादी के बाद इन दुल्हनों ने अपने व्यवहार से कुछ ही दिनों में सबका दिल जीत लिया था। किसी ने सास के साथ पूजा-पाठ शुरू कर दिया तो कोई पति के साथ खेतों पर जाने लगी। करवाचौथ पर भी उन्होंने पूरे विधि-विधान से व्रत रखा, हाथों में मेहंदी रचाई और घर सजाया। रात में जब चांद देखकर व्रत खोलने का समय आया, तो उन्होंने खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाते ही सभी परिजन गहरे नशे में सो गए और सुबह जब उनकी आंख खुली तो घर के ताले टूटे थे, अलमारियां खाली थीं और उनकी 'सुहागनें' गायब थीं। वारदात के बाद जब परिवारों ने उन दलालों से संपर्क करने की कोशिश की, जिन्होंने ये शादियां कराई थीं, तो उनके सभी मोबाइल नंबर बंद मिले। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह एक संगठित गिरोह है, जिसने इन 12 परिवारों से करीब 30 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है, जिसमें सोने-चांदी के जेवर, नकदी और कीमती सामान शामिल हैं।जानकारी के मुताबिक एक पीड़ित ने रोते हुए बताया, "शादी को बस 10 दिन हुए थे। उसने करवाचौथ पर इतनी श्रद्धा से पूजा की कि हम सब भावुक हो गए। हमें लगा हमारी किस्मत खुल गई, पर सुबह सब कुछ लुट चुका था।" मामला सामने आते ही सासनी गेट थाने में अब तक चार एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। एएसपी मयंक पाठक ने बताया, "यह एक सुनियोजित गिरोह है जो पश्चिमी यूपी, बिहार और झारखंड में सक्रिय है। आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और दलालों के फोटो और दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। जल्द ही इस गिरोह का पर्दाफाश किया



जाएगा।" पुलिस का मानना है कि यह गिरोह उन इलाकों को निशाना बनाता है, जहां लिंगानुपात कम होने के कारण पुरुषों को शादी के लिए लड़कियां नहीं मिलतीं। अलीगढ़ में हुई यह वारदात अब तक की सबसे बड़ी 'लुटेरी दुल्हन' ठगी मानी जा रही है। हकीकत यह है कि शादी के लिए जाति बिरादरी और जान पहचान व क्षेत्र की लड़कियां नहीं मिलने के कारण लोग वैवाहिक जीवन साथी दिलाने वाले दलालों के संपर्क में आ जाते है पहले दलाल कैसे ऐसे युवाओं को बढिया लड़की जीवनसाथी बनाने का झांसा देकर मनमानी मोटी रकम मध्यस्थता के लिए बटोर लेते हैं और पेशेवर महिलाओं के साथ विवाह करा देते हैं ये पेशेवर महिलाएं त्योहार या अन्य किसी भी मौके की तलाश में रहती है और जेवर नकदी हाथ लगते ही परिवार जन को नशा या नींद की गोली दे कर जेवर नकदी समेत फरार हो जाती है। आम तौर पर ये महिलाएँ पेशेवर होती है और पतिव्रता होने का नाटक करती हैं लुटने पिटने के बाद पीड़ितों को पता चलता है और तब हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं रहता है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# दीपोत्सव पर भारतीय उत्पादों को महत्व दें

दीपोत्सव केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के पुनर्जागरण का अवसर है। यह वह क्षण है जब हम अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और पराधीनता पर आत्मनिर्भरता की विजय का उत्सव मनाते हैं। दीपावली का वास्तविक संदेश केवल घरों को सजाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने देश को संवारने और अपनी संस्कृति को निखारने से भी जुड़ा है।आज जब बाज़ार विदेशी उत्पादों की चमक-दमक से भरे पड़े हैं, तब दीपावली हमें एक सजग उपभोक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारी का स्मरण कराती है। विदेशों में बनी देवी-देवताओं की मूर्तियाँ, कृत्रिम रोशनी के लैंप, प्लास्टिक की सजावट और आयातित उपहार भले ही आकर्षक दिखते हों, पर वे हमारी स्वदेशी कला, कारीगरी और आत्मनिर्भरता की भावना को क्षीण करते हैं। इसके विपरीत, भारतीय मिट्टी से बने दीपक, देशी हाथों से बनी



मोमबत्तियाँ, मिट्टी के खिलौने, बांस, लकड़ी या कपड़े के सजावटी सामान न केवल पर्यावरण-सम्मत हैं, बल्कि करोड़ों भारतीय कारीगरों, कुम्हारों और हस्तशिल्पियों की आजीविका से भी सीधे जुड़े हैं।

वास्तव में जब तक भारतीय उत्पाद आसानी से उपलब्ध हैं, विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाना राष्ट्रहित में एक सचेत कदम है।स्वदेशी अपनाना केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक राष्ट्रभक्ति का प्रतीक भी है। जब हम 'मेड इन इंडिया' उत्पाद खरीदते हैं, तो वस्तु के साथ एक भारतीय परिवार की आशा, परिश्रम और सम्मान को भी सहेजते हैं। हर मिट्टी का दीपक, हर हस्तनिर्मित दीया और हर देसी मिठाई आत्मनिर्भर भारत की उस ज्योति का प्रतीक है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' के रूप में राष्ट्रीय अभियान का रूप दिया है।दीपावली पर यदि हम स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो यह न केवल स्थानीय व्यापार और छोटे उद्योगों को सशक्त करेगा, बल्कि त्यौहार की सांस्कृतिक गरिमा भी संरक्षित रहेगी। यह उत्सव तभी पूर्ण होगा, जब हमारी रोशनी में हमारे अपने देशवासियों की मुस्कान झलके।आज आवश्यकता इस बात की है कि दीपावली की चकाचौंध में भारतीयता की गरिमा झलके, उपहारों में स्वदेशी भाव प्रवाहित हो और मिठास में देसी स्वाद घुले। हर ग्राहक को यह निर्णय लेना होगा कि खरीदारी से पहले स्वयं से पूछे - "क्या यह भारतीय हाथों से बना है?" यदि नहीं, तो उसे न खरीदना ही सच्चे अर्थों में देशसेवा होगी। तभी यह दीपावली आत्मनिर्भर भारत का दीपोत्सव बन सकेगी।आइए, इस दीपोत्सव पर केवल दीप ही नहीं जलाएँ, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, स्वदेशी उद्योग और भारतीय कारीगरों के जीवन में भी नई रोशनी जगाएँ। यही सच्चे अर्थों में दीपोत्सव की भावना है "अपना त्योहार, अपनों से व्यापार।"

**डा मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## अनुशासन के मायने भूलता बचपन! यह कैसा अति आत्मविश्वास?

भारत के बेहद लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति का एक चर्चित एपीसोड काफी सुर्खियों में है। इसमें बच्चे का अति आत्मविश्वास शुरू में तो सबको खूब भाया लेकिन शो आगे बढ़ने के साथ, जवाब देने के तरीके ने सबको हैरान किया। बच्चों के एक एपीसोड में 10 साल के बच्चे ने अमिताभ बच्चन को नियम समझाने और विकल्प न बताने की न केवल हिदायत दी बल्कि अपनी अति आत्मविश्वासी छवि पेश कर कुछ देर के लिए बोलती भी बंद कर दी7 हालाकि थोड़े ही सवालों के बाद वह खेल से बाहर हो गया लेकिन बच्चा जितनी देर रहा, कई अनसुलझे सवालों को छोड़ गया। शो को नियमित देखने वालों और इस बारे में सुनने वालों में इसकी काफी चर्चा है7 कुछ इसे बच्चे के अहम तो कुछ शिष्टाचार से जोड़कर देखते हैं। तमाम तरह की आलोचनाओं के बावजूद बच्चे के समर्थन में भी कुछ सामने आए। हालाकि कई का यह भी मानना है कि ऐसे एपीसोड केबीसी को नहीं दिखाना था। टीआरपी और प्रतिस्पर्धा की होड़ में एक्सीडेण्टली बैठे बिठाए हाथ आए ऐसे मामले भला प्रसारण कंपनी क्यों छोड़े? निश्चित रूप से बच्चे के प्रति तरह-तरह के कमेण्टस आने का सिलसिला जल्द थमने वाला नहीं। लेकिन विचारणीय यह है कि इसका बच्चे की मनःस्थिति पर कैसा और कितना गहरा असर पड़ेगा? संभव है कि जल्द इस पर डिबेट्स का दौर भी शुरू हो जाए। लेकिन गंभीरता से सोचना होगा कि आखिर बच्चे ने ऐसा व्यव्हार क्यों किया? शो के दौरान बीच-बीच में बच्चे के जवाब देने के अनुचित तरीके से उसके माता-पिता भी असहज दिखे। ऐसा लगा कि ऐसी वार्तालाप बच्चे की दिनचर्या का अंग ही है। बच्चे के लिए भले यह नया न हो और आम हो लेकिन क्या यह सही है? इस पर मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सकों का ध्यान स्वाभाविक है। इस तरह की प्रवृत्ति कैसे रुके, गहन मंथन का विषय है। टीवी में ऐसे कार्यक्रम आएं न आएं यह नियामकों का जिम्मा है। लेकिन दस साल के बच्चे के व्यव्हार से ढ़ेरों सवाल जरूर उठ खड़े हुए हैं। आज की आपाधापी और भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चों को अभिभावक कितना वक्त दे पाते हैं? वो संस्कार कहां गुम हो गए जिसके लिए भारत दुनिया में जाना जाता है? पश्चिमी सभ्यता इतना सर चढ़ बोल रही है कि पहले फटी जींस और अब फटे शर्ट की फैशन हमारी आत्ममुग्धता है? बच्चों का बदलता व्यव्हार, उनमें रूखापन और अतिविश्वास क्यों है? इस पर मनोविज्ञानिकों की राय को भी देखना होगा जो बताते हैं कि ऐसे व्यव्हार का कारण कहीं ना कहीं बच्चे का विकासात्मक असंतुलन है7 जिस बच्चे को लेकर यह शुरुआत हुई है वह जेन अल्फा से ताल्लुक रखता है। यह सबसे तेज और सबसे हाईटेक पीढ़ी मानी जाती है7 2010 से 2024 के बीच पैदा यह, वह पहली पीढ़ी है जो पूरी तरह से 21वीं सदी में जन्मीं है। जन्म से ही तकनीक, स्मार्टफोन और टैबलेट के साथ पले-बढ़े ये बच्चे पूरी तरह डिजिटल और सायबर परिवेश में रहते हैं। यही नए डिजिटल युग के असल प्रतिनिधि कहे जा सकते हैं। तेजी और हाजिर जवाबी इनकी पहचान है। इनके लिए, सब कुछ तुरंत होता है जैसे जवाब, खेल, प्रशंसा और ध्यान। ऐसी प्रवृत्ति के भयावह दुष्परिणामों के बारे में सोचे बिना हम अपनी पीढ़ी को कहां ले जा रहे हैं? इस पर कौन सोचेगा? क्या हम, आप इस गति या तेजी की कीमत समझते हैं? उनके मस्तिष्क का फ्रंटल लोब, जो निर्णय लेने, धैर्य और भावनात्मक नियंत्रण के लिए ज़िम्मेदार है, बहुत धीमा विकसित हो रहा है। इनमें एक स्पष्ट पैटर्न दिखता है। इनमें विचारों में तेजी तो काम पर नियंत्रण कम रहता है। इनके व्यव्हार से मस्तिष्क का असंतुलन भी झलकता है। इसे तंत्रिका-विकासात्मक विकार कहते हैं जो ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, अतिसक्रियता और आवेग जैसी समस्याओं का कारण बनता है। यह मस्तिष्क की वह स्थिति है जो बच्चों और किशोरों में उनके स्कूल, घर, रिश्तों में दैनिक कामकाज को प्रभावित कर सकती है। यह वयस्कता तक बनी रहती है। इसे एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर कहते हैं। वहीं यह एक तरह का ओडीडी यानी ऑप्जिशनल डिफिएंट डिसऑर्डर है। यह भी व्यवहार संबंधी विकार है जिससे बच्चों में लगातार अवज्ञाकारी, असहयोगी और शत्रुतापूर्ण व्यवहार झलकता है। बच्चे दूसरों के साथ बहस करते हैं, नियमों का पालन करने से इनकार करते हैं और चिड़चिड़े होते हैं। यदि यह व्यवहार लंबे समय तक बना रहता है, तो यह रिश्तों और दैनिक जीवन को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है। दूसरों से बात करते समय बीच में बोलना या बीच में ही टोक देना, बेचैनी और इंतज़ार करने में असमर्थता, अतिसक्रियता, आवेग में आकर जवाब देना, अधिकार प्राप्त लोगों से बहस करना या उनका विरोध करना, जिद और मैं हमेशा सही हूँ वाला रवैया अपनाना, गलत होने पर भी गलतियाँ न मानना वो लक्षण हैं जो भावनात्मक



असंतुलन दर्शाते हैं। ऐसी स्थितियों में भावनाएँ मस्तिष्क को नियंत्रित करती हैं, न कि मस्तिष्क भावनाओं को। इसमें बुद्धिमान दिखने खातिर आंतरिक दबाव और अपने डर को प्रभुत्व या आज्ञाकारी लहजे से छुपा लेना ठीक नहीं होता। केबीसी के जिस एपीसोड से यह मुद्दा गर्माया, उसमें एक अहम बातचीत पर भी ध्यान जरूरी है जब बच्चा कहता है कि अगर मैं कम से कम 12 लाख नहीं जीता तो मुझे बताया गया कि आपके साथ फोटो नहीं खिंचवा सकता! यह कहना बेहतर प्रदर्शन के लिए उस पर दबाव और चिंता को बताता है। कहने की जरूरत नहीं कि वजह माता-पिता या सामाजिक अपेक्षाओं से जुड़ा दबाव है। अहम यह कि माता-पिता अपने बच्चे की बुद्धिमत्ता और जीत की तारीफ तो करते हैं लेकिन उसकी भावनाओं को नहीं समझते, शांत या धैर्यवान होना नहीं सिखाते। वास्तव में आपाधापी और प्रतिस्पर्धा में रात-दिन लगे माता-पिता भी तो उसी दौड़ में शामिल है जिसमें बच्चा है। भला क्या और क्या उम्मीद की जाए? समय से पहले गैर जरूरी मामलों में बच्चों की संलिप्तता और इसके लिए मददगार डिजिटल संसाधन पकड़ाना कितना उचित है? यह सवाल शुरुआत से बहस में रहा। लेकिन सवाल वही कि क्या हम वक्त से पहले अपने बच्चों को बिना सोचे, समझे बड़ा कर रहे हैं? बचपना, मिट्टी में खेलने की आजादी, गांव, गलियां, गिल्ली डण्डा, गेड़ी चलना, लंगड़ी कूद, बोरा कूद, लुका-छिपी और तमाम पुराने पारंपिक खेल गायब होते जा रहे हैं। सबका स्थान मोबाइल और गेमिंग ने लेकर बच्चों को समय से पहले बड़ा और बूढ़ा जरूर बना दिया है।

कितना अच्छा होता कि समय रहते ऐसी उच्छश्रंखलता को रोक पाते? क्या फिर लौट पाएगा बच्चा, बचपन और अनुशासन और बच्चों का झुण्ड, आंगन में किलकारी, दौड़ना, कूदना, लड़ना और एक हो जाना! शायद लंबा इतंजार करना होगा, कितना? यह तो किसी को नहीं पता।

**आयुषी दवे**

# सुप्रीम कोर्ट के अहम आदेश से लोगो की भावनाओ का सम्मान

सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों पर लोगो की भावनाओ का सम्मान करते हुए दो अहम फैसले को केंद्र में रखकर लोगो को दीपावली की भेंट अर्पित कर दी है।करोड़ो लोगो का दिल जीत लिया है। पर्यावरण से दिल्ली -एनसीआर के नागरिकों को काफी कुछ सहन करना पड़ता है।दीपावली पर की जाने वाली आतिशबाजी से शहर का वातावरण प्रदूषित हो जाता है।जिससे लोगो को स्वांस लेने में दिक्कते आती है।हर वर्ष दिल्ली और एनसीआर की हवा प्रदूषित होती है।सरकार दिल्ली में पटाखो पर प्रतिबंध लगा देती है।लेकिन इस बार दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुहार लगाकर सीमित समय के लिए पटाखो की अनुमति की मांग की थी।इसको मद्देनजर रखते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखो की सशर्त मंजूरी दी है।दिल्ली एनसीआर में सीमित समय के लिए ग्रीन पटाखो को जलाने की अनुमति दी गई है। इस फैसले से युवाओ के चेहरे खिल उठे है।दरअसल, पटाखे जलाने की सुप्रीम की मंजूरी से करोड़ो लोगो के मन मे खुशी की लहर है।दीपावली भारत का सांस्कृतिक त्योहार है।बारह महीने में एक बार आने वाले इस सूचिता के पर्व पर हर व्यक्ति के मन मे उमंग रहती है कि वे भी आतिशबाजी कर खुशी के इस पर्व को खूब मनाए।लेकिन पर्यावरण के लिए खतरा बनता धुंआ शहर की हवा में जहर घोलता है। जिससे दीपावली के बाद शुरुआती दिनों में लोगो को स्वांस लेने मेंबहुत तकलीफ सहन करनीं पड़ती है।स्वांस लेने मेंअमूमन लोगो को मुश्किलें पैदा हो जाती है। इसको ध्यान में रखकर माननीय सुप्रिम कोर्ट ने दीपावली पर्व पर तीन दिन के लिए ग्रीन पटाखे की अनुमति दी है।जिससे लोगो के मन मे खुशी है।पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का स्वागतयोग्य फैसला है।दीपावली पर्व का हर व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है।।दीपावली पर युवाओ के मन मे उदासीनता देखी जा रही थी कि इस बार पटाखो का लुफ्त नही उठा सकेंगे।परन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से युवाधन खुश है। कोर्ट ने हिन्दुओ की भावनाओ का सम्मान किया है। जबकि हर वर्ष दीपावली पर



दिल्लीवासियों को पटाखे जलाने के लिए वंचित रखा जाता था।आम आदमी की सरकार प्रतिवर्ष दिल्ली -एनसीआर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा देती थी। सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व दीपावली पर हिन्दुओ की भावनाओ को ठेस पहुंचाई जाती थी।क्योकि हर वर्ष एक ही चर्चा रहती थी कि इस बार भी पटाखे नही जला सकेंगे? लोगो की भावनाओ को ठेस पहुंचाने का कार्य पूर्ववर्ती सरकारे करती आ रही थी।सुप्रीम के इस फैसले का विपक्षी दलों ने विरोध किया है।गौरतलब है कि सुप्रीम ने ग्रीन पटाखे की इजाजत देकर लोगो की भावनाओ को आबाद किया है।सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अदालत ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है।त्योहार पर न्यायसंगत फैसला कर उन लोगो को उत्साहित करने का कार्य किया है,जो कई सालों से पटाखो का लुफ्त उठाने में वंचित थे।पर्यावरणीय क्षति को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम ने ग्रीन पटाखो को जलाने की अनुमति दी है।सीजेआई गवई ने कहा कि त्योहारों की खुशी हम छीनना नही चाहते है।लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता भी नही किया जा सकता है।पारंपरिक पटाखों की तस्करी और अवैध बिक्री से अधिक नुकसान होता है।इसलिए सुप्रीम ने ग्रीन पटाखो को सीमित समय के लिए नियंत्रित दायरे में अनुमति देकर लोगो के उत्साह में वृद्धि की है।सुप्रीम कोर्ट का खास फैसला स्वागतयोग्य है।इस के साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे फैसले को केंद्र सरकार के विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है।फांसी की जगह लीथल इंजेक्शन के विकल्प पर केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम ने कहा कि सुई के विकल्प को अपनाना होगा,क्योकि समय के साथ बदलना जरूरी है।दरअसल, सरकार समय के साथ बदलना नही चाहती है।फांसी की जगह सुई के विकल्प के विरोध में केंद्र को फटकार लगाते हुए याचिका पर जनसुनवाई के दौरान केंद्र को आड़े हाथों लिया।सुप्रीम कोर्ट के ये फैसले स्वागतयोग्य ही नही है यह लोगो की भावनाओ को आबाद करने में अहम हिस्सेदारी मानी जा रही है।उधर,कोर्ट ने कहा कि अमेरिका ने 49 राज्यो ने मौत की सुई को अपनाया है।क्योंकि फांसी देने के बाद व्यक्ति की लाश 40 मिनट तक लटकी रहती है।नवयुग मे कदमताल मिलाते हुए आगे बढ़ना चाहिए।देश मे डेथ पेनल्टी इन्फॉर्मेशन सेंटर के अनुसार देश मे 38 लोगो को फांसी सुनाई जाने की सूची है।लिहाजा, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा की याचिका पर कहा कि देश मे फांसी पाए कैदियों को लिथम इंजेक्शन का विकल्प देना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र का कहना है लिथम इंजेक्शन का विकल्प देना संभव नही है।कोर्ट ने कहा कि फांसी से मृत्युदंड देना क्रूरतापूर्ण कृत्य है और इस सजा में समय ज्यादा लगता है।कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार समय के साथ विचार विकसित करने के लिए तैयार नही है।कोर्ट के दो अहम फैसले पर देश की नजर है।देश मे समय के साथ परिवर्तन करना समय की मांग बताते हुएसुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को फिर से विचार करने की आवश्यकता है। इस पर मंथन करे केंद्र सरकार।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बाईक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग, पुलिस से शिकायत

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया टोला डगरपुरवा निवासी राकेश पुत्र सहतू ने परसामलिक पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बाईक की ठोकर लगने से घायल सहतू को सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया गया था जहां हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर किया था। परिजनों द्वारा घायल को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां ईलाज चल रहा है लेकिन हालत गंभीर बनी हुई है। तहरीर देकर बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। जानकारी के मुताबिक महदेइया टोला डगरपुरवा निवासी राकेश पुत्र सहतू ने आरोप लगाया है कि बीते 12 अक्टूबर की सुबह उसके पिता सहतू पुत्र कंचन किसी काम से महदेइया चौराहे पर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाईक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वह गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। आस पास के लोगों ने घायल सहतू को सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था । वहीं परिजनों ने जिला अस्पताल न ले जाकर गोरखपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां ईलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल कर बाईक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### तस्करी की 35 बोरी खाद्यान्न के साथ एक गिरफ्तार



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी में तस्करी की 35 बोरी खाद्यान्न के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद खाद्यान्न व अभियुक्त को थाने लाई तत्पश्चात कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए नौतनवा कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थानांतर्गत सेवतरी चौकी प्रभारी गोविंदर यादव व हमराहियों ने मुखबिर की सूचना पर सेवतरी स्थित नाके से तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही 15 बोरी गेहूं व 20 बोरी धान बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सुक्खू गुप्ता पुत्र निन्नर गुप्ता निवासी ग्राम पंचायत सेवतरी थाना स्थानीय के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद खाद्यान्न को कब्जे में लेकर कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए नौतनवा कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि 35 बोरी खाद्यान्न बरामद कर कस्टम कार्यालय को सुपुर्द किया गया है।

### एचसीएल टेक ने एसबीटी विद्यालय के छात्रों को कौशल विकास के तहत किया प्रशिक्षित




**देवरिया।** जनपद के बखरा क्षेत्र स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल में एचसीएल टेक लखनऊ के सौजन्य से कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन एम.एन. त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। एचसीएल टेक लखनऊ से आए दीप ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो 12वीं के बाद उच्च शिक्षा जारी नहीं रख पाते। उन्होंने बताया कि एचसीएल टेक ऐसे छात्रों को एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि प्रदान करता है, जिसमें उन्हें कंपनी में रोजगार के अवसर के साथ मानदेय एवं उच्च शिक्षा का सहयोग भी दिया जाता है। चेयरमैन श्री त्रिपाठी ने कहा कि कौशल विकास बच्चों की क्षमताओं को सुदृढ़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में सार्थक पहल हैं।

# गोली मारकर अधेड़ की हत्या, चार बच्चों से उठा पिता का साया - गांव में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** बाँसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम चौकी अंतर्गत ग्राम सभा गोड़सरी में बुधवार की देर रात एक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शांत गांव में हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान मुन्ना साहनी (47 वर्ष) पुत्र भगवती साहनी निवासी गोड़सरी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, मुन्ना साहनी अपने मकान के सामने पत्नी और बच्चों के साथ चारपाई पर सोए हुए थे। देर रात करीब एक बजे कुछ अज्ञात हमलावर पहुंचे और अचानक उन पर गोली चला दी। गोली लगने से मुन्ना साहनी की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनते ही घरवालों की नींद खुल गई, उन्होंने चीख-पुकार मचाते हुए ग्रामीणों को बुलाया। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर कौड़ीराम चौकी प्रभारी के साथ बाँसगांव थाना पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक मुन्ना साहनी कौड़ीराम क्षेत्र के रानीपुर स्थित गंगा मैरिज लॉन के सामने किराने की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। मेहनत-मजदूरी से जीवन यापन करने वाले मुन्ना अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। उनकी मौत से पत्नी और चार छोटे बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुन्ना साहनी का किसी से कोई विवाद नहीं था, वह शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। उधर, गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बाँसगांव क्षेत्र हरनहीं चौकी गडैना में दर्दनाक सड़क हादसा- जिला पंचायत सदस्य के पति की मौत, परिवार में मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** खजनी क्षेत्र के बांसगांव थाना क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने एक परिवार को गहरे सदमे में डुबो दिया। बर्तमान जिला पंचायत सदस्य रजनी डांसर के पति राजकुमार (पुत्र स्वर्गीय रामराज) की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा हरनहीं के गडैना के पास देर रात हुआ, जब राजकुमार अपनी बाइक से कहीं से आ रहे थे। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रात करीब दो बजे हरनहीं चौकी इंचार्ज सर्वेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की हालत ऐसी थी कि तत्काल पहचान नहीं हो सकी।देर रात एक बुजुर्ग की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त रुदपुर भीटीनी निवासी राजकुमार के रूप में हुई।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

हादसे की खबर सुनते ही राजकुमार के परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रजनी डांसर और उनके एक पुत्र व पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन बार-बार बेहोश हो रहे हैं, और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि राजकुमार एक मिलनसार और मददगार व्यक्ति थे, जिनकी अचानक मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया।

**क्या हुआ हादसा?**

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, देर रात हुए इस हादसे का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला। सुबह सड़क किनारे खून से लथपथ शव और कुछ दूरी पर क्षतिग्रस्त बाइक देखकर पुलिस को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने राजकुमार की बाइक को टक्कर मारी, जिससे उनकी जान चली गई। चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार सिंह ने बताया, "सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक और शव मिला है। ऐसा प्रतीत होता है कि तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हादसे के कारणों और वाहन की पहचान हो सके।"

**ग्रामीणों की मांग- दोषियों पर सख्त कार्रवाई**

हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हादसे की गहन जांच कर दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गांव में मातम का माहौल है, और राजकुमार के घर पर उन्हें सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। यह दुखद घटना न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक गहरी क्षति है। प्रशासन से अपेक्षा है कि जांच में तेजी लाकर पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद कर रही है।

# बैतालपुर चीनी मिल के पुनर्संचालन की मांग को लेकर धरना 653 वें दिन जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल पुनः संचालन की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा किसानों का ऐतिहासिक धरना आज 1 वर्ष 288वें दिन भी जारी रहा।धरना सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद आस मोहम्मद ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिलों वाला जिला देवरिया आज अपनी एक अदद मिल चलाने को तरस रहा है। उन्होंने कहा कि बैतालपुर चीनी मिल चलाने के उद्देश्य से बेची गई थी, किंतु मिल क्रेता और विक्रेता के बीच तत्कालीन सरकार की दुरभि-संधि के चलते मिल अपने अनुबंध के अनुसार नहीं चली।वर्तमान सरकार की उदासीनता ने किसानों के धैर्य की सीमा को लांघ दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा कई बार बैतालपुर में चीनी कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणाएँ की गई, किंतु वे केवल खोखले वादे साबित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि किसान तपस्वियों की तरह एक वर्ष से अधिक समय से संघर्षरत हैं, परंतु शासन-प्रशासन धृतराष्ट्र बना बैठा है। यदि शीघ्र निर्णय लेकर बैतालपुर चीनी मिल का संचालन नहीं प्रारंभ किया गया तो किसान आर-पार की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे।धरने में विकास दुबे, वेद प्रकाश, रामचंद्र प्रसाद, विकास मौर्य, गोपाल पांडे, पन्नालाल पाठक, अशोक कुमार, विजय शंकर कर्मयोगी, शंभूनाथ तिवारी, नईम खान, अजय सिंह, सीताराम यादव, विजय कुमार सिंह, रत्नेश मिश्रा, मुकेश कुमार, हरिश्चंद्र चौहान, छोटेलाल चौहान, रमाशंकर, राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# डीआईजी एस. चन्नप्पा ने सेंट जोसेफ स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक, नारी सशक्तिकरण और साइबर सुरक्षा पर दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चन्नप्पा ने छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना गोरखनाथ क्षेत्र अंतर्गत सेंट जोसेफ स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर अपराध, कानूनी अधिकारों और महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए। डीआईजी एस. चन्नप्पा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। समाज में उसकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि "हर बेटी को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना ही सशक्त भारत की नींव है।" उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध से सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करें, किसी भी संदिग्ध लिंक, संदेश या कॉल का जवाब न दें। डीआईजी ने छात्राओं को बताया कि साइबर अपराध या किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने हेल्पलाइन* नंबरों – महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता नंबर 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 – की जानकारी देते हुए इनके प्रयोग की प्रक्रिया समझाई कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं को कानून की जानकारी और आत्मरक्षा के बुनियादी उपायों से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। उन्हें पंपलेट वितरित किए गए जिनमें महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई थी। डीआईजी एस. चन्नप्पा ने कहा कि "मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण देना है, ताकि वे अपनी शिक्षा और करियर में निडर होकर आगे बढ़ सकें।" उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने आसपास किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की जानकारी पुलिस को अवश्य दें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने दिखाया दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** सदर ब्लाक के राजकीय इण्टर कॉलिज घुरेटनपुर में 27वीं क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बाल खिलाड़ियों के बीच जीत-हार को लेकर कांटे का मुकाबला हुआ। तीन दिवसीय क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मशाल जलाकर और ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में हार और जीत का महत्व नहीं होता, बल्कि खेल भावना सर्वोपरि रहनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली इन प्रतियोगिताओं से ही राज्य और राष्ट्र स्तर के खिलाड़ी निकलकर सामने आते है। प्रतियोगिता के दौरान 200 मी., 1500 मी. व 5000 मी. दौड़ के अलावा डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद में बाल खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने के लिए जमकर संघर्ष किया। इस मौके पर चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य छोटेलाल सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन रैली संयोजक राजकीय इण्टर कॉलिज घुरेटनपुर के प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र ने किया।

# अब सीसी रोड से छठ घाट पहुंचेगी पडरौना की व्रती महिलाएं

**●नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल द्वारा पूजन कर किया गया सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना नगर के हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज के पास स्थित छठ घाट के पास बन रहे सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नारियल फोड़कर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ईश्वर से कार्य की सफल पूर्णता की कामना की। इस दौरान जायसवाल ने कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के द्वारा नगर की सभी प्रमुख सड़कों को सुदृढ़ और गड्ढामुक्त बनाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। नगरवासियों को आवागमन में सुविधा मिले, इसके लिए निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पडरौना नगर के प्रत्येक वार्ड में जनसुविधा से जुड़े कार्य चाहे वह सड़क हो, नाली हो या पेयजल व्यवस्था सभी को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।

उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि विकास कार्यों के प्रति सहयोगी बनें, ताकि एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक पडरौना नगर का निर्माण किया जा सके। उक्त अवसर पर सोनू शर्मा, अमरेंद्र पाण्डेय, धीरज श्रीवास्तव, विजय कुमार, रामकुमार, राम छबीला, प्रभुनाथ,,श्याम गुप्ता, ब्रजेश शर्मा, मनीष सिंह, अनिल पांडेय, सन्नी मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे, जिनके द्वारा नगर के सतत विकास के इस प्रयास की सराहना की गई और नगरपालिका अध्यक्ष पड़रौना विनय जायसवाल के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

# ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति शाखा नौतनवा के तत्वाधान में नौतनवा बीडीओ कान्फ्रेंसिंग कक्ष में गुरुवार को ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया के नेतृत्व में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक की गई जिसमें क्षमता वर्धन का आकलन किया गया। ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में पात्र परिवार को सरकारी योजना से जुड़ाव, गांव क्षेत्र को बाल श्रम, बाल विवाह मुक्त करने, ईट भट्टों पर बाल श्रमिकों की निगरानी, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आगामी माहों में होने वाले ऑनलाइन आवेदन पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा के प्रति सभी विभाग सरकारी संस्थाएं और गैर सरकारी संस्थाएं समर्पित होकर कार्य कर रही है। हम सभी लोग की नैतिक जिम्मेदारी हैं कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए तथा उनके आवश्यकताओं का आकलन करते हुए सरकारी योजनाओं के साथ जोड़कर उनके परिवार को बेहतर बनाएं। साथ ही संकल्प 2027 तक उत्तर प्रदेश के बाल श्रम से मुक्त में हम सभी लोग मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, एसएसबी की एएचटीयु सुनील कुमार एवं बरगदवा और नौतनवा थाने के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के श्रवण कुमार, सुनील कुमार और पुष्पा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डाक्टर सुरेन्द्र कुमार, शिक्षा और बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यालय परिसर में फीस जमा करने पहुंचे छात्रों के दो पक्षों में मारपीट, एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौली स्थित जनता इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को फीस जमा करने पहुंचे दो छात्र पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई छात्रों को चोटें आई हैं। घटना के बाद एक पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जबकि दूसरे पक्ष का मुकदमा लिखे जाने तक दर्ज नहीं हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिंगहा निवासी बलवंत कुमार पुत्र रमाशंकर सिंह ने गोला थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने साथियों विकास पुत्र श्रवण निवासी जंगल सरया बेलवरिया और मोहित पुत्र भगवान ग्राम पूरसा देउर निवासी के साथ फीस जमा करने के लिए जनता इंटर कॉलेज, दुबौली गया था। फीस जमा करने के बाद वे लोग पैसा निकालने के लिए विद्यालय प्रांगण से बाहर निकले ही थे कि तभी बाहर पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। बलवंत के अनुसार, सुंदरम गुप्ता पुत्र शंभूनाथ (निवासी जानीपुर), अमित यादव पुत्र रामकुमार यादव (निवासी नेवरा), आलोक यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव (निवासी भूपगढ़) और मयंक यादव पुत्र अज्ञात (निवासी डडवापार) सहित अन्य अज्ञात लोग अचानक पहुंच गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए रॉड, पंच व चैन से हमला कर दिया। पीड़ितों के अनुसार, वे निहत्थे थे और जान बचाने के लिए शोर मचाते रहे। हंगामा सुनकर विद्यालय के अध्यापक और छात्र बाहर पहुंचे, तब तक हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बलवंत ने खुद को अनुसूचित जाति का बताते हुए आरोप लगाया कि घटना जातिगत वैमनस्यता के तहत की गई है।

पुलिस ने बलवंत की तहरीर पर धारा 151(2), 115(2), 352, 351(3), अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(द) एवं 3(1)(ध) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी गोला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग श्रीमती चारू चौधरी एवं मा. राज्य महिला आयोग की सदस्यसर्किट हाउस में जनसुनवाई किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग श्रीमती चारू चौधरी एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती एकता सिंह ने संयुक्त रूप से सर्किट हाउस में जनसुनवाई किया। इस दौरान उन्होने जिले भर से आयी महिलाओं की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, परिवारिक विवाद, सम्पति संबंधी विवाद एवं उत्पीड़न के मामलें प्रमुख रहे। उन्होने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत के निस्तारण में कोताही व देरी बर्दाश्त नही की जायेंगी। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की शिकायत को गम्भीरता से लेकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक महिला शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी मामले में समझौते या मध्यस्थता की स्थिति में कानून के अनुरूप कार्यवाही की जाय ताकि भविष्य में महिलाओं को किसी प्रकार की प्रताड़ना का सामना न करना पड़ें। उन्होने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को जागरूक करने, आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे है।

उन्होने कहा कि महिलाए किसी प्रकार की परेशानी में महिला हेल्पलाईन नम्बर 181 पर सम्पर्क कर सकती है, जहॉ तत्काल कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर पुष्पा पत्नी परविन्द कुमार ग्राम भैंसा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा, उर्मिला ग्राम कोठवा भरतपुर थाना नगर, रेहाना पत्नी करीमउल्लाह नगरपंचायत बभनान, शॉहजहा पत्नी अमीरूद्दीन ग्राम उदयपुरकला थाना परसरामपुर, गीता जयसवार पत्नी रामजी ग्राम मझौआकला प्रथम थाना रूधौली, शीतल भरद्वाज पत्नी त्रिलोकी ग्राम पिपरा गौतम थाना नगर, अनीता देवी पत्नी राजू ग्राम बहुआडाबर थाना गौर, पूर्णिमा द्विवेदी पुत्री प्रमोद ग्राम कोठिला थाना सोनहा, मनीषा पत्नी राजेन्द्र निषाद ग्राम रायपारा थाना कप्तानगंज, पुष्पा मिश्रा पत्नी हरिशंकर ग्राम परासडीह थाना गौर, शिवांगी त्रिपाठी पत्नी अतुल त्रिपाठी ग्राम मुडवरा चिन्ता थाना वाल्टरगंज, सावित्री सोनी पत्नी प्रदीप सोनी ग्राम सिकन्दपुर थाना परसरामपुर, आरती पत्नी लल्लन विश्वकर्मा ग्राम सोनहटीबुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती तथा सुनीता पत्नी पिन्टू ग्राम जगदीशपुर थाना मुण्डेवा जनपद बस्ती की फरियादी की समस्याओं को सुना। महिला जनसुनवाई में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस स्वर्णिमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह, एसएचओ मंजू सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, संरक्षण अधिकारी बीना सिंह, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार सिंह, रमा यादव, शकुन्तला देवी, प्रतिभा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सड़क दुर्घटना में विश्व हिंदू महासंघ ओबरा नगर सचिव घायल संगठन में खलबली, पदाधिकारी मौके पर पहुंचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा, सोनभद्र।** विश्व हिंदू महासंघ ओबरा इकाई के नगर सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्ता रोहित गुप्ता एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। दुर्घटना की खबर मिलते ही पूरे विश्व हिंदू महासंघ संगठन में खलबली मच गई। हालांकि, प्रभु के आशीर्वाद से रोहित गुप्ता को गंभीर चोट नहीं आई है और वह बाल-बाल बच गए हैं, लेकिन उनके पैर में चोट लगी है।रोहित गुप्ता विश्व हिंदू महासंघ के एक अत्यंत सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं जो हिंदू सनातन धर्म को लेकर लगातार कार्य करते रहते हैं। ऐसे में उनकी दुर्घटना की सूचना ने संगठन के पदाधिकारियों को चिंतित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिले से लेकर नगर तक के तमाम पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल रोहित गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने रोहित गुप्ता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उन्हें अपना आशीर्वाद एवं ढाढ़स दिया। मौके पर पहुंचने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में शामिल थे। जिला अध्यक्ष विजय कुमार चौबे,जिला संरक्षक ओम प्रकाश सिंह,नगर अध्यक्ष (ओबरा) सर्वेश दुबे ,जिला मीडिया प्रभारी अजीत सिंह, पदाधिकारियों ने रोहित गुप्ता के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके इलाज में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि रोहित गुप्ता जैसे सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता का सुरक्षित होना संगठन के लिए राहत की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रोहित गुप्ता जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर फिर से संगठन के कार्यों में सक्रिय होंगे।विश्व हिंदू महासंघ ने दुर्घटना के बावजूद रोहित गुप्ता के साहस की सराहना की है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# संक्षिप्त खबरें

## बेचेपुरवा में बेसहारा हुए बच्चों का सहारा बने बीटू पटेल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला विधानसभा के ग्राम बेचे पुरवा में मां-बाप की मृत्यु से बेसहारा हुए तीन बच्चों की मदद के लिए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सत्यवती पटेल महाविद्यालय समेत कई स्कूलों के संचालक ब्रजस्वरूप पटेल उर्फ बीटू पटेल आगे आए हैं। बिजुआ के बेचेपुरवा निवासी रामनरेश की मौत पांच साल पूर्व करंट लगने से व माता सुनील देवी की मृत्यु बीमारी के चलते हाल ही में हो गई थी। ऐसे में मृतक दंपति की 13 वर्षीय पुत्री प्रियंका, 9 वर्षीय पुत्र अमित, 7 वर्षीय पुत्री शिवानी बेसहारा हो गई। बच्चों के पास उसके बाप की मात्र दो बीघा जमीन ही सहारा बची है।वह भी शारदा नदी के कटान में बेकार हो चुकी है। बच्चों के बेसहारा होने की सूचना पर बीटू पटेल अपनी टीम के साथ पीड़ित बच्चों के पास पहुचकर उनका हाल जाना व बच्चों को पांच हजार रुपए नगद धनराशि, राशन सामाग्री,आटा,चावल तेल,दाल, दो कम्बल आदि सामान प्रदान किए हैं। बच्चों से बात करके हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। बीटू पटेल का कहना है कि जरूरत मंद पीड़ित जनों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।इस मौके पर आशीष वर्मा,अमन यादव,राजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने गोला खेल महोत्सव के रजिस्ट्रेशन काउंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गुरुवार 16 अक्टूबर को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने 01 नवम्बर से 14 नवंबर तक होने वाले गोला खेल महोत्सव 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए काउंटर का शुभारंभ फीता काटकर किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया ," गोला खेल महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, बालीबाल,क्रिकेट, एथलीट, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, खो-खो,टेबल टेनिस, ताईक्वांडो जैसे लगभग 13 खेलों में प्रतिभाग कर सकते है।प्रतिभागी 16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। गोला खेल महोत्सव में टीम या व्यक्तिगत सभी निशुल्क रहेगा। इस अवसर पर गोला खेल महोत्सव संयोजक राममूर्ति शुक्ला,सभासद रज्जन खान, आशीष अवस्थी, राजेश वर्मा, कफील अहमद, धर्मेन्द्र जायसवाल,सुरेश जायसवाल, रियाजुद्दीन, शुफियान खान , सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, ब्रजेन्द्र कुमार प्रवक्ता कृषक समाज, संतोष कुमार गुप्ता पब्लिक कालेज, पुष्पेन्द्र मिश्रा पब्लिक कालेज, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## परम्परागत संगीत के साथ होगी, दिवाली में खुशहाली



**चित्रकूट-** आज से दो दशक पूर्व कोल बाहुल्य गांव में जाड़े के दिनों में निजी समारोहों, सामाजिक पर्वों में ढोल नगड़िया की थाप में गीत एवं नृत्य के स्वर सुनाई दिया करते थे। भौतिक विकास की चकाचौंध में धीरे-धीरे ये सब कुछ छूटता गया। गाने, बजाने, नाचने वाली पीढ़ी भी या तो संसार से विदा हो गई या जो वृद्धजन बचे, उनकी कोई आवाज नहीं रही। साथ ही मोबाइल के आ जाने से सामाजिक ताना बाना जोरों से प्रभावित हुआ। ऐसे में अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के सहयोग से वानप्रस्थ संगठन के बलवीर सिंह के नेतृत्व में चित्रकूट के समाजसेवी 19 अक्टूबर को मानिकपुर के डोडामाफी में बिजहना नाम के छोटे से मजरे में आदिवासी कोलों के साथ दीवाली उपहार देने, उनके साथ सहभोज में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इस समाचार से प्रमुदित होकर ग्रामीण को अपनी पुरानी परंपरा के स्वागत की याद आ रही है। पुरानी परंपरा में ढोल नगड़िया की थाप में कोलहाई, टिप्पा, सजनई, राई आदि के गीत एवं नृत्य उनकी स्मृति में आ रहे हैं। नगड़िया, मजीरे की चाहत संस्थान के माध्यम से आज पूरी हो रही है। संगीत उपकरण देखकर सभी आदिवासियों के चेहरों की मुस्कान, उमंग, विश्वास देखने योग्य लगी। गांव को बचाना है तो सामाजिक एकता, सौहार्द के ताने-बानों को बनाए रखने वाली सांस्कृतिक परंपराओं को फिर से जिंदा करना होगा। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा जुलाई 2025 से सघन रूप से डोडा माफी सहित पड़ोसी 5 ग्राम पंचायतों के 15 गांवों में पंच तत्व संरक्षण एवं विकास के लिए काम कर रही है। वर्तमान में डोडा गांव में मेडबंदी, बागवानी, प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन आदि कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

# भदपुरा क्षेत्र पंचायत की बैठक में पहुंचे विधायक भाजपा जिला अध्यक्ष एक करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**भदपुरा क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक के शुभारंभ में गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई जिसे सदन द्वारा धुनी मत से पारित कर दिया गया बैठक में भाग लेने नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा पहुंचे । यहां पहुंचने पर दोनों का जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ने बैठक में ना आने वाले विभागों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करने की जानकारी प्राप्त की गई तो अवगत कराया गया इस बार अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव दर्ज किया जाएगा जिसकी प्रति जिलाधिकारी एवं शासन को प्रेषित की जाएगी यहां पर विभागों से आए लोगों ने अपने-अपने विभागों से मिलने वाली सुविधाओं पर सदन को अवगत कराया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया वह जब से यहां आए हैं तब से वह लोगों की सेवा में तत्पर हैं साथ ही लोगों को पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया पशुओं के बीमा करने के लिए 20% धनराशि पशुपालक को देनी होती है 80% धनराशि शासन वहन कर रहा है जिससे किसी भी तरह की घटना घटित होने पर पशुपालक को उसका मुआवजा दिया जा सकता है।

यहीं पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद मुगीश अपने क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सबके जन सहयोग से यह अस्पताल जनपद में चौथे स्थान पर है साथ ही उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण पर भी जोर देते हुए लोगों से अपील की और कहा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए क्षेत्र को संक्रामक बीमारियों से बचाए रखने के लिए सहयोग करें। जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक ने लोगों को शीतकालीन गन्ने से मिलने वाले लाभों पर चर्चा की बाल विकास परियोजना से सुपरवाइजर कंचन गंगवार ने विभाग से संबंधित जानकारी दी यहीं पर पूर्ति निरीक्षक नवाबगंज एवं सहकारिता विभाग अनुपस्थित रहे इन दोनों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया यहीं पर सदन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने अपने कार्यकाल में भदपुरा विकासखंड के प्रत्येक गांव में क्षेत्र पंचायत से एक-एक कार्य कराए जाने का दावा प्रस्तुत किया साथ ही उन्होंने कहा जनपद में 15 विकासखंड है जिनमें से अति पिछड़ा कहे जाने वाला यह ब्लॉक का पहला सभागार है।

जिसमें ऐसी लगा हुआ है इस कार्य के लिए उन्होंने किसी भी सरकारी धन का उपयोग नहीं किया है आज भी एक करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित किया जारह हैं ।यहीं पर विधायक डॉ आर्य ने भी संबोधित किया और स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का अनुरोध किया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने पहले सभी का आभार व्यक्त किया और दीपावली के शुभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री के विकसित भारत योजना को गति देते हुए । कहा सभी लोग स्वदेशी वस्तुएं अपने यही विकसित भारत का सच्चा संकल्प है इसी के साथ भारत विकसित देश बन सकेगा यहां पर उपस्थित जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश । सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव जे ई शांति स्वरूप खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ग्राम प्रधान वेदपाल कनौजिया अर्जुन सिंह बलराम सिंह रफीक अहमद अनीश अहमद दीनानाथ मुकेश गंगवार राहुल दीपू लालाराम कश्यप आबिद हुसैन भूपेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे सभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव ने किया।

# पी.डब्लू.डी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कारियों का कब्जा

**●पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष को तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** सड़क के किनारे पी.डब्ल्यू. डी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रोड़ा पत्थर डाल कर टीन सेट डाल दिया। किसान करीब 15 बीघे रकबे के करीब एक बीघे जमीन पर अपना घर निर्माण कर रहा है।सहन की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत पीड़ित किसान थानाध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन से की । विकास क्षेत्र निघासन की ग्राम पंचायत सिन्होना के मेन चौराहे पर जयपॉल यादव का गाटा संख्या 1110 पर करीब 15 बीघे का प्लाट है,जिसमें करीब 1 बीघे भूमि पर किसान अपना नवीन मकान का निर्माण करा रहा है। मकान के सामने पी डब्ल्यू डी की जमीन है, जो कि किसान के मकान का सहन भी है, सहन की सरकारी जमीन पर रामपाल, बलवंत, बाबू शेख, सरवर अली ईंटा पत्थर डाल कर टीन सेट चढ़ा कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।किसान के मकान की सामग्री को भी दबंगों ने पी डब्ल्यू डी की जमीन पर डालने नही दिया और अपना कब्जा ईंटा पत्थर डाल कर करलिया। किसान को अपने मकान में प्रयोग होने वाली सामग्री को लाने ले जाने में भारी कठनाई का सामना करना पड़ रहा है, किसान को निर्माण का मटेरियल पीछे से घूम कर खेत से मटेरियल लाना पड़ रहा है। जबकि यूपी के मुख्यमंत्री का आदेश है कि सरकारी जमीन पर कब्जा न किया जाए और अवैध कब्जे को 90 दिन में हटा कर सरकरी जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए। पीड़ित किसान ने सहन की जमीन को कब्जे से मुक्त कराने के लिए सिंगाही थानाध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन से गुहार लगाई। पी डब्लू डी जेई आर.के नागर ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है, अतिक्रमण की जांच कराकर उपजिलाधिकारी से अतिक्रमण हटवाने की सिफारिश की जाएगी। हल्का दरोगा कृष्ण कांत तिवारी ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्यवाही की जा चुकी है और पी डब्ल्यू डी की जमीन पर अवैध निर्माण केलिए रोका गया है।

# पैंतीस हजार लूट की घटना को पुलिस बता रही संदिग्ध

**●निघासन सीओ लूट की घटना का जल्द करेंगे खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** थाना सिंगाही से पांच सौ मीटर की दूरी पर सर्राफ व्यापारी से हुई 35 हजार रूपए की लूट की घटना में जो पुलिस को सबूत मिले है उससे साबित होता है कि व्यापारी के साथ लूट नही हुई एक सोची समझी साजिश के तहत व्यापारी ने अपने उधारी की वसूली को लेकर हुए विवाद मैं षड्यंत्र रचकर झूठ लूट के मुकदमे में फसाने की साजिश रची है। पुलिस ने फर्जी लूट की घटना से से पर्दा उठाने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है जल्द ही पुलिस क्षेत्रा अधिकारी इस विषय में पीसी के माध्यम से जानकारी देंगे।बीते सोमवार को सिंगाही बेलराया नेशनल हाईवे पर थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर बेलरायां से अमित सोनी अपने नौकर गणेश निवासी सिंगाही के साथ अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर शाम पौने छः बजे सिंगाही आ रहे थे। थाने से चंद कदमों की दूरी पर उनके सिर पर लोहे की राड मारकर 35 हजार की नकदी रूपयो से भरा बैग छीनकर लूट करने का बाइक सवार नाकाब पोस बदमाशों पर उनके पिता राम प्रकाश सोनी ने छीन ले जाने का आरोप लगाया था । पुलिस ने घटना की बताई गई कहानी मैं बदमाश सिर्फ 35 हजार रुपए ले गए थे और सोने चांदी से भरा बैग क्यों नहीं ले गए यह घटना को संदिग्ध बना देता है और यह घटना किसी के गले नहीं उतर रही थी पुलिस ने मामले को दर्ज कर घटना की जांच शुरू की और सीसी टीवी फुटेज खगाले तो अमित सोनी जब बेलराया से अपनी सोने और चांदी की दुकान बंद कर मोटर साइकिल से अपने नौकर के साथ वापस चले तो उनके पास कोई बैग नहीं था फिरोज अहमद मुर्गी फार्म के पास जब वह गिरे तो वहां पर कोई नहीं था मुर्गी फार्म वालों ने बाहर निकाल कर देखा तो उनके सर से खून निकल रहा था पुलिस ने उनके नौकर गणेश का भी बयान लिया है जिसमे भी गणेश से एक रटी राटाई कहानी बताई गई है जो उसने पुलिस को बताया है। जल्द ही पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार घटना से पर्दा उठाएंगे।

# गौ रक्षा, लव जिहाद और महिला सुरक्षा पर VHM की विशाल बैठक सड़क से संसद तक आवाज़ उठाने का संकल्प

**●सोनभद्र के ओबरा में जुटे विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन को बताया प्रेरणास्रोत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा, सोनभद्र।** विश्व हिंदू महासंघ (VHM) की सोनभद्र इकाई ने गौ रक्षा, लव जिहाद, महिला सुरक्षा और हिंदू मंदिरों के प्रबंधन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर व्यापक रणनीति बनाने के लिए ओबरा में एक विशाल एवं महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। यह बैठक कमला पेट्रोल टंकी के पास स्थित जिला पत्रकार कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें जिलेभर के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष विजय कुमार चौबे के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस दौरान संगठन के कई प्रमुख चेहरे उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे,जिला अध्यक्ष विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, मनोज चौहान,जिला प्रभारी नूतन सिंह, जिला संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, ओबरा नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे,जिला प्रभारी (महिला शक्ति) ममता सोनी,

सक्रिय कार्यकर्ता पुष्पा दुबे, हेमलता जायसवाल, इसके अतिरिक्त, बैठक में ओबरा नगर उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, खरवार समाज के अध्यक्ष नंदकेश्वर खरवार, सेक्टर संयोजक विकास पांडे और विभास घटक सहित सोनभद्र के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने इन गंभीर मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। गौ माता की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया। हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने वाली लव जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए जन-जागरूकता फैलाने और संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें एक भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए आवश्यक उपायों पर मंथन किया गया। संगठन की ओर से हिंदू सनातन धर्म के मंदिरों पर मुस्लिम समुदाय को नहीं रखने के नेतृत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह कड़ा संकल्प लिया कि इन सभी सामाजिक और धार्मिक समस्याओं के समाधान के लिए वे सड़क से लेकर संसद तक अपनी आवाज उठाएंगे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका यह अभियान प्रदेश के मुखिया, माननीय आदित्यनाथ योगी जी, के विचारों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन पर ही विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक इन समस्याओं पर बैठकें कर रहा है, ताकि समस्याओं को उजागर किया जा सके और प्रभावित लोगों को त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। बैठक का मुख्य लक्ष्य इन संवेदनशील मुद्दों पर संगठित रूप से कार्रवाई करना, हिंदू हितों की रक्षा करना और समाज में न्याय और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था।

# सीडीओ ने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण कर परखी शिक्षा व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरधान।** ब्लाक फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत के अंजनापुर के संविलियन विद्यालय सांडा में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के बच्चों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता का आकलन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सही जवाब देने पर सीडीओ ने पूरे स्टाफ की प्रशंसा की। ग्राम पंचायत में लघु सिंचाई योजना का भी स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दशा दिशा निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को विकास खंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत अंजनापुर में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने सबसे पहले संविलियन विद्यालय सांडा की शिक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय में बने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण करते हुए छात्रों को स्मार्ट क्लास में कंप्यूटर चलाकर दिखाने को कहा। छात्राओं ने कंप्यूटर चलाकर दिखाने के साथ सीडीओ द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही जवाब दिया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने कविता सुनाकर मन मोह लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों की शिक्षा व्यवस्था देखकर सीडीओ ने विद्यालय के समस्त स्टाफ की सराहना करते लगातार बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिए। विद्यालय में भ्रमण के दौरान साफ सफाई, एमडीएम, खेल सामग्री का भी निरीक्षण कर बच्चों को खेल सामग्री देने के निर्देश दिए। विद्यालय के निरीक्षण के बाद गांव में लघु सिंचाई योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। गांव के किसान पंकज कुमार बोरिंग का निरीक्षण किया। पंकज कुमार से सीडीओ ने संवाद करते हुए पूछा बोरिंग का कोई पैसा तो नहीं लिया गया है जिस पर पंकज कुमार ने इनकार करते हुए बताया समय से सामग्री मिल गयी थी। जिसके एवज में कोई पैसा नहीं लिया गया। बोरिंग सुचारू रूप से चल रही है या नहीं सीडीओ अभिषेक कुमार सिंह ने खुद खेत पर जाकर लघु सिंचाई योजना के तहत बनी बोरिंग को पर इंजन लगाकर चलवा कर पानी निकलवा कर देखा। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ब्रजराज सिंह, सहायक अभियंता श्याम सुंदर सिंह, सुमित कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अनुराग पांडे, सहायक विकास अधिकारी आनंद प्रताप सिंह, अवर अभियंता लघु सिंचाई अनिल कुमार, बोरिंग टेक्नीशियन के अतिरिक्त अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री राम लीला दशहरा मेला का कस्ता विधायक सौरभ सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मितौली खीरी।** मितौली क्षेत्र के ग्राम अवधपुर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्रीराम लीला दशहरा मेले के अंतिम दिवस युवा कर्मठ लोकप्रिय कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर व श्रीराम प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन घनश्याम प्रजापति ने किया। मंच से संबोधित करते हुए विधायक ने कहा मेला सौहार्द्र एकता का प्रतीक है मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम से हम सब को अनुसरण लेना चाहिए श्री राम जी का राज तिलक होने की सारी तैयारियां हो गई थी उन्होंने वनवास स्वीकार किया और क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उनके और उनके पिता जुगुल किशोर द्वारा लोहिया घाट पुल, गहियापुरवा पुल सहित विभिन्न विकास कार्यो को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने ग्रट इनायत चीफ क्षेत्र में एक सोसाइटी बनवाने का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. राम मूर्ति प्रजापति, बीडीसी सुरेश कुमार गौतम, संजीव गौतम, स्वामीनाथ प्रजापति, संजय सिंह और रामभाल को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ और प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। युवा कमेटी के सदस्यों ने भी मुख्य अतिथियों को प्रतिमाएं भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मन्ना लाल राठौर, समाज सेवी अखिलेश मिश्र, पूर्व प्रधान श्रीपाल गौतम, पूर्व प्रधान रमेश चंद्र निषाद, रामदास, सरवन कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान रामसागर पाल, विकास शुक्ल, लखन मिश्र, विपिन भट्ट, रजत मिश्र सहित मेला कमेटी के सम्मानित सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक काफी संख्या मौजूद रहे। व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 141 विधानसभा धौरहरा में किसान नेता जिला महासचिव कांग्रेस देवेंद्र कुमार पंकज ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी –** दिनांक 16/10/025 किसान नेता कांग्रेस के जिला महासचिव देवेंद्र कुमार "पंकज" ने 141 विधानसभा धौरहरा में तीन दिन लगातार कई गांव का भ्रमण किया लोगों की समस्याएं सुनी और राहुल गांधी का अभियान वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। उन्होंने खमरिया, बसड़िया, गदरिया, बसंता पुर, कोइली पुरवा, पहाड़िया पुर, घुरूघुटटा, धौरहरा, हरसिंग पुर, पंचाप पुरवा,, सिसैया चौराहा आदि गांव में जनसंपर्क किया इस दौरान देवेंद्र कुमार "पंकज" कहा कि धर्म के नाम पर देश-प्रदेश को गुमराह किया जा रहा है भाजपा ने वोट चोरी करके सरकार बनाई है। युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है भ्रष्टाचार चरम पर है महंगाई से देश बेहाल हैं किसान खाद बीज के लिए मारा मारा घूम रहा है किसानों को समय से बीज और खाद नहीं मिल पा रही है किसानों को उनकी फसल का वाजिव मूल्य नहीं मिल पा रहा है किसानो की दुगनी आय का वादा करने वाली भाजपा सरकार किसानों को बर्बादी के कगार पर ले आई है। देश की जनता के हितों के लिए राहुल गांधी बराबर संघर्ष कर रहे हैं देश के विकास के लिए और एकता के लिए कांग्रेस जरूरी है कांग्रेस सरकार बनने पर महंगाई पर काबू होगा देश में भाईचारा कायम होगा गुंडाराज जंगल राज भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेंगी। संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के साथ न्यायाधीशों के साथ भाजपा गुंडागर्दी करने से बाज नहीं आती उन्हें बेइज्जत किया जाता है संविधान को तार-तार करने पर लगी है भाजपा लोकतंत्र खतरे में है। इस दौरान घनश्याम यादव मनजीत मौर्य राकेश कुमार ज्ञानेंद्र सिंह आयुष पांडे आदि साथ रहे सैकड़ो ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।

# अनपरा तापीय परियोजना का एमडी सहित उच्च अधिकारियों ने किया दौरा, निर्बाध बिजली आपूर्ति पर जोर लंबित मांगों को लेकर कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा, सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. रूपेश कुमार ने बुधवार देर शाम अनपरा तापीय परियोजना का व्यापक दौरा किया। उनके साथ निदेशक तकनीकी इं. अश्विनी त्रिपाठी और निदेशक नव परियोजना इं. एसके दत्ता भी मौजूद रहे। इस उच्च स्तरीय दौरे के दौरान, परियोजना के परिचालन, अनुरक्षण और कर्मियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।परियोजना दौरे से पूर्व, एमडी डॉ. कुमार ने एनसीएल (NCL) में कोयले की आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इसके बाद, उन्होंने अनपरा तापीय परियोजना का निरीक्षण कर विभिन्न इकाइयों के परिचालन और अनुरक्षण (Operation and Maintenance) कार्यों का गहन जायजा लिया। एमडी ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मुख्य महाप्रबंधक इं. जेपी कटियार, महाप्रबंधक (अ एवं ब) इं. दूधनाथ, महाप्रबंधक (द) इं. प्रशांत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रशासन) इं. निखिल चतुर्वेदी और सीएमओ डॉ. एएन बरनवाल शामिल थे, के साथ एक विस्तृत बैठक की। बैठक में निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं, इकाइयों के वार्षिक अनुरक्षण की स्थिति, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

आगामी दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर, एमडी ने निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन जारी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। परियोजना पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने प्रबंध निदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। दामिनी अतिथिगृह में, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एमडी और निदेशकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान, प्रतिनिधियों ने प्रबंध निदेशक को एक मांगपत्र सौंपा और अपनी ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगें और मुद्दे निम्नलिखित थे। मार्च 2023 में सांकेतिक हड़ताल के दौरान निलंबित हुए कार्मिकों के विरुद्ध प्रचलित विभागीय जांच को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। वर्ष 2009 एवं उसके बाद के सहायक अभियंताओं की सीनियरिटी लिस्ट (वरिष्ठता सूची) तत्काल जारी की जाए। अधिशासी अभियंता, टेक्नीशियन तथा अन्य सभी संवर्गों के रिक्त पड़े पदों के विरुद्ध लंबित पदोन्नति (Promotion) प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। लंबित समयबद्ध वेतनमान और पाली भत्ता से संबंधित आदेश तत्काल जारी किए जाएं। हॉस्पिटल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सर्जन, येनेस्थेसिया, कॉर्डियोलॉजिस्ट, गायनो और फिजियोथेरेपिस्ट जैसे विशेषज्ञ चिकित्सकों की शीघ्र भर्ती की जाए। अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू करने तथा प्रोत्साहन भत्ता समेत सभी भत्तों को पुनरीक्षित (Revised) किया जाए। वार्ता में मुख्य रूप से इं. अदालत वर्मा, इं. मनोज यादव, अभिषेक सिंह, वीके आनंद, मुकेश जायसवाल, श्याम बिहारी सिंह, महबूब अहमद, सूरज गुप्ता, नीरज जायसवाल, अभय सिंह, वीरेंद्र वर्मा, योगेंद्र मिश्रा, राजकुमार यादव, सीलियम मसीह, जितेंद्र जायसवाल, विकाश कन्नौजिया, प्रभाकर सिंह, रविकांत गौंड, इंद्रेश सिंह, अखिलेश कुमार, एलपी शुक्ल, सुनील देव, प्रमोद मिश्र समेत अधिकांश संगठनों के प्रतिनिधि और दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि उच्च प्रबंधन जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

# छापामार अभियान चलने से मिलावटखोरों में चला हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** आगामी दीपावली पर्व के तहत जनपदवासियों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा छापामार अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य सामग्रियों के 03 नमूने संकलित कर जाँच के लिए भेजे गए। साथ ही अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थो को मौके पर नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जनपदवासियों को त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटरहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार अभियान चलाया गया। बताया कि छापामार अभियान के तहत वह अपनी टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह व विनय कुमार के साथ जनपद के प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की। साथ ही कुछ प्रतिष्ठानों से संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने भी संकलित किए। जिसमें पेड़ा, सरसों का तेल, पनीर आदि के नमूनों को संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही 73 किग्रा सरसों का तेल अनुमानित मूल्य 13,140 रुपये को सीज किया गया। इसके अलावा 6000 रुपये लागत के 30 किग्रा खाद्य पदार्थ फिंगर, चिप्स, मिठाई व मोगौड़ा आदि को अस्वास्थ्यकर एवं दूषित पाए जाने पर मौके पर नष्ट कराया गया। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों को ढ़ककर बेचने व बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर राजापुर की नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार भी मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय राजमार्ग, टोल प्लाजा लालानगर के पास नशा मुक्ति जागरूकता/स्वास्थ्य जाँच शिविर के माध्यम से अपर पुलिस अधीक्षक भदोही लोगों को द्वारा किया गया जागरूक

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन कर रहे राहगीरों एवं खासकर ट्रक चालकों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए की गई अपील



**भदोही** दिनांक 16.10.2025 को राष्ट्रीय राजमार्ग, टोल प्लाजा लालानगर के पास राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम,राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता/स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं संचारी/दस्तक अभियान हेतु शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, औराई और काशी टोलवें प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि- शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता/स्वास्थ्य जाँच शिविर का उद्घाटन कर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया। महोदय द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के अधिकारी/कर्मचारीगण से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन कर रहे राहगीरों एवं खासकर ट्रक चालकों को ओरल हेल्थ एवं तम्बाकू नियंत्रण के अंतर्गत नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए अपील की गई। विशिष्ट अतिथि- श्रीमती बरखा सिंह, उपजिलाधिकारी, औराई द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

### अवैध पटाखा भंडारण के दो आरोपी गिरफ्तार



**चुनार, मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के कुशल नेतृत्व में आगामी धनतेरस दीपावली भैया दूज त्योहार को मद्देनजर रखते हुए अवैध पटाखा विक्री व भंडारन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में गुरुवार को कोतवाली चुनार के उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव व कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव मय पुलिस टीम ने जमुई से चुनार जाने वाले रास्ते पर सूरज बली मौर्या जनरल स्टोर परचुन के दुकान से 2.35 कुंटल पटाखा के साथ अभियुक्त सागर मौर्या पुत्र सूर्यबली मौर्या निवासी रैपूरिया व गोबिंद मौर्या पुत्र सूर्यबली मौर्या निवासी भरपूर नखासा चुनार को संस्कार वाटिका स्थित एक कमरे में कुल 65 किलो अवैध पटाखा के साथ गिरफ्तार कर दोनों अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नशा मुक्त भारत अभियान रथ शिव बाबा की आरती के पश्चात रवाना

**सभासद संतोष यादव ने की शिव बाबा की आरती**




**चुनार मिर्जापुर।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार में मंगलवार को 90 दिवसीय मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान रथ को गुरुवार को सभासद संतोष यादव द्वारा शिव बाबा की आरती कर रवाना किया गया। रथ कनवही, कनवहा,धूपगंज, भेड़ी इत्यादि गांवों में पहुंचा जहां ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।और मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान को अपना सहयोग और समर्थन प्रदान किया। रथ पर एल ई डी स्क्रीन पर लगे कुंभकर्ण की झांकी के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त अभियान से अवगत कराया गया।संस्था की बहनों ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान पूर्व शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू, सह प्रभारी तारा, सुनीता दीपिका, शालिनी, विद्या, गूंजा, ब्रह्माकुमार दीपेंद्र, पंकज, जगदीश ,सत्यनारायण, श्यामसुंदर, कैलाश, वैभव, बद्री, त्रिभुवन, आनन्द, राजेश, आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5 ने दिया मौका, पिंकी बनी एक दिन की एआरटीओ

● सांकेतिक एआरटीओ द्वारा महिलाओं व फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी को निस्तारण का दिया निर्देश

महिलाएं मेहनत कर बड़े से बड़े पदो पर पहुंचकर देश एवं प्रदेश के योगदान में निभा रही है बड़ी भूमिका -जिलाधिकारी

परिवहन ऑफिशियल प्रक्रिया, डीएल प्रक्रिया आदि को प्रभावी ऑनलाइन व अधिक पारदर्शी बनाने का दिया निर्देश

मेधावी पिंकी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए एआरटीओ के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की ली सीख

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही:-** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में एआरटीओ राम सिंह द्वारा हाईस्कूल में कॉलेज टॉपर वर्तमान में कक्षा 12 की छात्रा पिंकी हलवाई ,पिता तारा शंकर निवासी ग्राम भिडूरा पोस्ट पाली ज्ञानपुर विद्यालय पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भदोही को एक दिन का ''सांकेतिक एआरटीओ'' नियुक्त करते हुए बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया। एआरटीओ की कुर्सी पर बैठने के पश्चात टॉपर पिंकी कुमारी ने लगभग 10 लोगों की समस्याओं को सुनते हुये एआरटीओ के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली। अफसर बनी छात्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। परिवहन ऑफिशियल प्रक्रिया, डीएल प्रक्रिया आदि को प्रभावी ऑनलाइन व अधिक पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया। सांकेतिक रुप से एक दिन की एआरटीओ पिंकी ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है।

प्रतीकात्मक एआरटीओ पिंकी ने अपने मनोविचार साझा करते हुये कहा कि, ''एआरटीओ की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस दौरान टॉपर छात्रा ने बताया कि मैं भी बड़ी होकर सिविल सेवक बनना चाहती हूं। मैं अपनी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें। मौके पर एआरटीओ सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों द्वारा सांकेतिक एआरटीओ पिंकी को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया, इसके साथ ही एआरटीओ राम सिंह द्वारा छात्रा पिंकी को बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी गयीं।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में हाईस्कूल की टॉपर बालिका को एक दिन का सांकेतिक एआरटीओ बनाया गया। एआरटीओ ने कहा कि मेधावी छात्राओं को एक दिन का अधिकारी बनाकर यह एहसास दिलाया जा रहा है कि यदि आप मेहनत करेंगे तो ऊंचे से ऊंचे पदों पर पहुंचकर देश एवं प्रदेश के योगदान में बड़ी से बड़ी भूमिका को निभा सकते हैं आपके रास्ते में कोई भी बाधा नहीं आएगी। इसके साथ ही इन सभी के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है कि समाज को यह संदेश देने का कार्य किया जा रहा है कि बेटियां आपका गौरव है यदि आप उन्हें अवसर देंगे तो किसी भी सफलता को और अच्छे से अच्छे शिखर को प्राप्त कर सकती हैं उन्हें हमें आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में जीआईसी प्रवक्ता डॉ.सरोज गुप्ता,अन्य अधिकारी व मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वाराब्लॉक स्तरीय क्षेत्रीय क्रीडा प्रतियोगिता किया फीता काटकर उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**सुरियावा-** को विकासखंड सुरियावां के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बालक बालिकाओं की क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय महुआपुर सुरियावा में कराया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर की प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया विकासखंड सुरियावां के सभी परिषदीय विद्यालयों में क्रीडा प्रतियोगिता के बाद न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था ।इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः काल 9ः00 बजे से साय काल 5ः00 बजे तक अलग-अलग इवेंट्स में कराया गया इस प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर अभिवादन किया जिलाध्यक्ष के द्वारा 400 मी की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारंभ कराया। कई बालको एवं बालिकाओं को खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत जी ने बालक बालिकाओं को खेल के महत्व एवं प्रतियोगिता को अच्छे भाव एवं उत्साह से खेलने का निर्देश दिया।बालकों के उत्साह वर्धन के लिए यहां पर बेहतर से बेहतर सुविधाएं बच्चों के लिए जलपान एवं लंच पैकेट का प्रबंध भी किया। विकासखंड सुरियावा के सभी खेल अनुदेशको के द्वारा अलग-अलग इवेंट्स की जिम्मेदारी दी गई जिसका निर्वहन बड़ी ईमानदारी के साथ किया। इस प्रतियोगिता में सभी न्याय पंचायत स्तर पर विजेता बच्चों ने प्रतिभाग करके दौड़, कबड्डी, खो खो,गोला फेक, योगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और अपना स्थान प्राप्त किया है इस प्रतियोगिता में बड़ी भूमिका में श्रीमान राजेंद्र बिंद ब्लॉक व्यायाम प्रशिक्षक सुरियावा रहे, जिनके मार्गदर्शन में सभी खेल अनुदेशकों ने बड़े रुचिकर तरीके से इस खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराया। इस मौके पर विकासखंड सुरियावा के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ब्लाक के सभी ए आर पी उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम का संचालन विनय शंकर पांडे एस आर जी भदोही ने किया। इस दौरान आदर्श शिक्षक ओम प्रकाश मिश्र, घनश्याम यादव, सुनील दुबे, संतलाल सोनकर,देवेंद्र विश्वास, देवेंद्र मिश्र, प्रमोद सिंह,सुभाष पाल, मनोज सिंह, सीता बेन, रुक्मणि मौर्य, स्वाति मिश्र, दिवाकर मिश्र, वेद प्रकाश रघुवंशी, प्रवीण मिश्र, रूप सागर शुक्ल, राजेश, मिथिलेश पाडेय सहित समस्त खेल अनुदेशक सुरियावा उपस्थित रहे।

## जनपद के सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में पर्याप्त फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध

● कृषक उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड लेकर विक्रय केन्द्र पर जाय तथा उर्वरक पी0ओ0एस0 मशीन से क्रय कर

जनपद में एन0पी0के0 का लक्ष्य 1312 के सापेक्ष 1454 मै0टन है उपलब्ध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** जिला कृषि अधिकारी इरम ने विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित कराया कि रबी सीजन वर्ष 2025-26 प्रारम्भ हो गया है।जनपद के कृषकों को रवी फसलों विशेषकर गेंहू, आलू, दलहनी एवं तिलहनी फसल हेतु जनपद के सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड लेकर विक्रय केन्द्र पर जाय तथा उर्वरक पी0ओ0एस0 मशीन से क्रय करें। पी0ओ0एस0 मशीन से निकली पर्ची पर अंकित पर धनराशि का भुगतान विक्रेता को करें, तथा पर्ची पर अंकित धनराशि का मिलान उर्वरक के बोरी पर अंकित धनराशि से भी कर लें, किसी भी दशा में बोरी पर अंकित धनराशि से अधिक का भुगतान विक्रेता को नही करेंगे। जनपद में रबी सीजन के लिए डी0ए0पी0 का लक्ष्य 4841 मै0ट0 निर्धारित है, जिसमें सहकारिता विभाग को 3125 मै0ट0, प्राईवेट / होफेड का 1716 मै0ट0 लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अक्टूबर माह तक लक्ष्य 797 मै0ट0 है, जिसके सापेक्ष उपलब्धता 5093 मै0ट0 है, जो 639 प्रतिशत है।

वर्तमान समय में साधन सहकारी समितियों पर 2982 मै0ट0 डी0ए0पी0 उपलब्धता के अनुसार जिलाधिकारी महोदय के द्वारा 871 मै0ट0 डी0ए0पी0 49 समितियों एंव 195 मै0टन अन्य केन्द्र को आवंटन करके समितियों पर प्रेषित किया रहा है। जनपद में एन0पी0के0 का लक्ष्य 1312 मै0टन के सापेक्ष 1454 मै0ट0 उपलब्ध है, जिसको सहकारी एवं निजी क्षेत्र से किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद में फास्फेटिक उर्वरक की कमी नही है।

जनपद के समस्त सहकारी क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि समिति पर केवल सदस्यो और फार्मर रजिस्ट्री वालों कृषको को ही उर्वरक विकय किया जाय एंव उपलब्ध उर्वरक का विक्रय बोरी पर अंकित धनराशि पर ही करें, तथा नियमित रूप से स्टाक एवं वितरण रजिस्ट्रर पूर्ण किया जाय, यदि कोई उर्वरक विक्रेता निर्धारित दरों से अधिक दरों पर उर्वरक की बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उनके विरूद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1983 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## भदोही पुलिस की सख्त कार्रवाईः मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं-बालिकाओं से जुड़े अपराधियों पर कसा शिकंजा, 5 मुठभेड़ों में 5 गिरफ्तार

**भदोही।** महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध जघन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों–औराई, सुरियावा एवं भदोही–में की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाइयों के दौरान अब तक कुल 5 पुलिस मुठभेड़ों में 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, सभी गिरफ्तार आरोपी महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों में वांछित थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का संक्षिप्त विवरण**

**सचिन मौर्या पुत्र रामनरेश मौर्या, निवासी किसोरा थाना हण्डिया, प्रयागराज** — 21 फरवरी को महिला से मंगलसूत्र लूट की घटना में शामिल था। ?25,000 का इनाम घोषित। 27/28 फरवरी की रात असनाव बाजार के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार। तमंचा, कारतूस व अपाचे मोटरसाइकिल बरामद।

**महफूज आलम उर्फ लुट्टन बाबा, निवासी खमरिया, औराई-** महिला संबंधी अपराध में वांछित। 1 मई को माधोसिंह अंडरपास के पास मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार। तमंचा और कारतूस बरामद।

**राजकमल उर्फ करिया** — सुरियावां थाना क्षेत्र में 11 जुलाई को कुशा पुलिया के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार। नाबालिक से जुड़े अपराध में नामजद। 12 अक्टूबर को डीएम व एसपी द्वारा रासुका के तहत निरुद्ध।

**मुकेश कुमार, निवासी सहसेपुर, औराई** — 31 अगस्त को युवती पर बैटरी का पानी फेंकने की घटना में वांछित। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार। तमंचा और कारतूस बरामद।

**किशन उर्फ कृष्णा, निवासी रेवड़ा**



**फाटक, भदोही** — 9 सितंबर को पुलिस व स्वॉट की संयुक्त टीम द्वारा कारपेट सिटी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार। 25,000 का इनाम घोषित अपराधी। तमंचा व कारतूस बरामद। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत चल रही यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि "भदोही पुलिस अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखेगी ताकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और आम नागरिकों में कानून के प्रति भरोसा बना रहे।" इस अभियान से जनपद में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की भावना को सशक्त किया गया है।

## मीरजापुर जिला अस्पताल मे पैरा लिगल वालटिंयरो ने वैक्सीनेशन अवेयरनेश विषय पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**मीरजापुर।** बुद्धवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान 2025 - 2026 के अनुपालन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मा. विनय आर्या अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव महोदय मीरजापुर के आदेशानुसार पीएलबी के माध्यम से ऑर्गेनाइज अवेयरनेस वैक्सीनेशन प्रोटक्शन कोविड-19 विषय पर कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में एवं विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर के माध्यम से नालसा व सालसा कि निःशुल्क योजनाओं के बारे भी आम जन मानस व मरिजो को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पी.एल.बी.गण राहुल गुप्ता, आकाश प्रिय, विष्णु , कल्पना यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान मोर्चा के सदस्यों ने जनसमस्याओं से संबंधित ज्ञापन मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार।** भारतीय किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा गुरुवार को रेल प्रबंधक प्रयागराज के चुनार रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जनस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।पत्रक में निम्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग की गई है ।जिसमें दक्षिण दिशा के यात्री व स्कूली बच्चों को ट्रेन पकड़ने के लिए बुकिंग काउंटर पर आना जाना पड़ता यदि कोई डीएफसी रेलवे लाइन क्रॉस करके आते हैं तो दुर्घटना की संभावना के साथ साथ विभाग द्वारा रेलवे एक्ट में चालान कर दिया जाता है। वहीं घंटों रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से स्कूली बच्चों,बुजुर्गो व मरीजों को आने-जाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। जिसके कारण मरीज रेलवे क्रॉसिंग पर ही दम तोड़ दे रहे हैं, और बच्चे विद्यालय समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। डीएफसी के द्वारा लंबे समय से फुट ब्रिज का निर्माण कार्य लंबित रखने के कारण बच्चे व बुजुर्ग अपने जीवन का रिस्क लेकर डीएफसी व रेलवे यार्ड लाइन क्रॉस करते हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है ।नए फुट ब्रिज के बने बगैर पुराने फूट ब्रिज को तोड़कर हटा देना कौन सा न्याय संगत कार्य है। इस दौरान शकील राईन, विजय लाल पटेल, राजकुमार, हूबलाल पाल, नागेंद्र सिंह, मोहम्मद जुबेर, प्रेम शंकर पांडे, भानु यादव, जनार्दन त्रिपाठी सहित किसान मोर्चा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीखड़ , मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेस-5, गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में खाद्य- सुरक्षित एवं टिकाऊ भविष्य की संकल्पना विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता गृह विज्ञान विभाग की डॉ पल्लवी मिश्रा ने अपने व्याख्यान में विभिन्न प्रकार के ईटिंग डिसऑर्डर्स जैसे एनोरेक्सिया नर्वोसा तथा बुलिमिया के बारे में बताने के साथ ही फास्ट फूड, जंक फूड के अत्यधिक सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया । मुख्य वक्ता ने कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज इन सब के संतुलित मात्रा में लेने पर जोर देते हुए उपस्थित छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को भी प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति संयोजक सुश्री सबीहा नाज ने किया । तत्पश्चात स्वच्छोत्सव थीम पर स्वच्छता ही सेवा (सास) अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता का महाअभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की । महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ प्रो दिनेश कुमार यादव, प्रो राकेश कुमार, डॉ राघवेंद्र सिंह, डॉ अशोक कुमार, डॉ महेंद्र नाथ, डॉ पवन कुमार, डॉ चारू चंद, डॉ राम नरेश यादव, डॉ प्रेम यादव एवं अन्य सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने मिलकर प्रांगण की साफ सफाई किए। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ।

## शोध के क्षेत्र में करियर की संभावना पर व्याख्यान का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** राजकीय महाविद्यालय मझवां,मीरजापुर में गुरुवार को द्वन्ष्ट, कौशल विकास एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के संयुक्त तत्वावधान में ÷शोध के क्षेत्र में करियर की संभावना÷ विषय पर एक प्रसार व्याख्यान का आयोजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉश रमेश चंद्र, निदेशक, स्क्र ड्क्वह्लह्य ड्क्ष्ह्लश्ह ष्टश्हद्ग, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, स्कूल आफ मेडिसिन, अमेरिका में कार्यरत है । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम नारायण कुलसचिव माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर ने छात्र-छात्राओं को इस व्याख्यान से सीखने एवं इसे अपने जीवन में अक्षरसः पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सूबेदार यादव प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय मझवां मीरजापुर ने किया अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने छात्र-छात्राओं कम सुविधाओं के होने के बावजूद भी अपना पूरा प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। डॉ रमेश चंद्र ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को मूल पुस्तकों से पढ़कर तथा जिज्ञासु पूर्ण प्रश्नो के माध्यम से अपने अध्ययन पर जोर देने की बात कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ परस्पर संवाद स्थापित किया और उनकी अध्ययन एवं शोध संबंधी कई समस्याओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। छात्र-छात्राओं ने उनसे विविध प्रकार के प्रश्न पूछे जैसे भारतीय और पश्चिमी शिक्षा में क्या अंतर है तकनीकी शिक्षा एवं एश आईश के लाभ से संबंधित प्रश्न पूछे गए, सिद्धांत को व्यवहारिक ज्ञान में कैसे सीखे।पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान में कैसे सीखें डॉ रमेश चंद्र ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों को बिल्कुल सरल शब्दों में समझाया तथा साथ में उन्होंने छात्र-छात्राओं को बीश्एससीश, एमश्एससीश के पश्चात शोध के लिए प्रेरित किया और साथ ही शोध के माध्यम से उन्हे अपने करियर में कैसे आगे बढ़े इस पर भी उन्होंने जोर दिया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे 7 इस दौरान डॉ मनोज कुमार प्रजापति, डॉ राजेश कुमार दूबे, डॉ अनुपम वर्मा,डॉ विजय बहादुर,श्रीमती अनीता देवी, सुनील मौर्य उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी संयोजक डॉ राजेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने किया।

## डीएम, एसपी ने अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक

● डीएम ने अभियोजन व कानून व्यवस्था संबंधी बैठक कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही 16 अक्टूबर 2025:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से की गई। बैठक में डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता, अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकॉड सहित आबकारी ,खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एपीओ व शासकीय अधिवक्ताओं को पुलिस विवेचना में जो कमी या समस्या दर्शित हो उसे व्हाट्सएप पर डिटेल लिख दें, जिसे पर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा। एसपी ने जिला आबकारी अधिकारी को अपनी इंटेलिजेंट और डेवलप करते हुए पुलिस के साथ जॉइंट निरीक्षण कर अवैध व मिलावटी शराब तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने सीएमओ ,ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस की एक टीम बनाकर जॉइंट इंस्पेक्शन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि व्यक्ति को लगे चोटों की फोटो, वीडियो इत्यादि बना ले, जिससे चोट की गंभीरता व ग्रेविटी का स्पष्ट पता चल सके साथ ही उसको केस डायरी में भी अंकित करें।पुलिस अधीक्षक ने एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि भूमि निर्माण विवाद में व्यक्ति को समझने व रोकने के बाद भी यदि निर्माण करता है तो धारा 151 में जेल में बंद करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में महिला अपराधों व पाक्सों एक्ट से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। अभियोजन कार्यों व कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा बैठक में अवैध असलहा, आबकारी अधिनियम, संवेदनशील धाराएं, गैगेस्टर, मादक पदार्थो की तस्करी आदि बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया। साथ ही आबकारी, वाणिज्य कर, बाट माप विभागों द्वारा किए प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत विवाद में मारपीट, महिला घायल

**तालबेहट।** खेत के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट कर दी, जिससे एक महिला घायल हो गई। ककड़ारी निवासी देवी प्रसाद पुत्र स्व. धंधे अहिरवार ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया की गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपने खेतों पर गया था। तभी उनके ही परिवार के रामदयाल पुत्र गुल्ला सोनू पुत्र रामदयाल, सुरेन्द्र पुत्र रामदयाल और हरीराम पुत्र नथुवा खेत पर आ गए और खेत के बटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उसकी पत्नी फूला घायल हो गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शोक सभा तालाबपुरा में एक आवश्यक बैठक सपन्न हुई



शोक सभा तालाबपुरा में एक आवश्यक बैठक सपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नरेश बिदुआ व संचालन शील-चन्द सिंघई (पप्पी) ने किया। समाजसेवी व सपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा व फूलचंद विश्वकर्मा के छोटे भाई बद्री विश्वकर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया व दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में- आदर्श जैन,अविन्द संज्ञा , नरेन्द्र पाठक आशीष तिवारी पंकज रकैवार रज्जन चतुर्वेदी मुन्ना तिवारी, अनिल गिरी, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश गोडसोरा प्रभु कोमल पूरन रतन प्रकाश कमता प्रताप कुशवाहा अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, कक्कू महेश श्रीवास्तव कुदंन सेन रोहित यादव वल्ली चौबे , कल्लन चौबे प्रताप सोनी विपिन सराफ महेन्द्र जैन (झब्बू) वकील आनंद रानू सौरभ साहू, शैलेश राठौर, प्रदीप गिरि शंकर कुशवाहा ठेकेदार , लक्ष्मी माली , लक्ष्मन बारी, राजू जोशी, भोडले, शांत सागर, रूपेश, गोविन्द श्रीवास्तव सद्दे यादव बलदेव राजा आदि मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश ट्रेड शो- स्वदेशी मेला 2025 तुवन ग्राउंड पर लगे स्वदेशी मेले में खरीदारी का उत्सव, स्वदेशी गर्व का जश्न

**जरी साड़ी खिलॉने स्वादिष्ट अचार और बहुत काछसीएम युवा योजना में आवेदन का सुनहरा मौका**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला 2025 तुवन मंदिर ग्राउंड ललितपुर में पूरे उत्साह और जोश के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है। मेले के समापन में अब मात्र दो दिन शेष हैं. और इसी के साथ मेले में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में 50 से अधिक स्टार्स पर स्वदेशी उत्पादों की विविधता ने जनमानस को आकर्षित किया है। विशेष रूप से गाय के गोबर से निर्मित दीवार घड़ियों, फोटो फ्रेम होमडेकोर सामग्री, जरी सिल्क साड़ियाँ होजरी वस्त्र, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, खिलौने रेडीमेड गारमेंट्स आदि उत्पादोंकी बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। मु यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान स्टॉल्स पर योजनाकी जानकारी देने के साथ-साथ इच्छुक युवाओं के ऑनलाइन आवेदन भी किए जा रहे हैं । अन्य विभागीय स्टार्स जैसे राज्य कर विभाग, पर्यटन, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम अग्निशमन विभाग आदि भी दर्शकों स बन्धित योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। फूड स्टॉल्स पर देशी तकनीक से तैयार स्वादिष्ट अचार, मसाले, स्नैक्स एवं गृहणियों की पसंदीदा घरेलू उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही हैं। दीपावली के शुभ अवसर पर मेले में खरीदारी करने आए नगरवासियों का उत्साह देखते ही बनता है।

### रास्ते में रोककर युवक की पिटाई, पिता भी घायल

**तालबेहट।** ग्राम कडेसरा कला में झांकी देखने जा रहे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गांव के विक्रम पुत्र सीताराम अहिरवार को रास्ते में गांव के ही धर्मवीर पुत्र प्रकाश और तरुण पुत्र सोनू ने रोककर पिटाई कर दी। घटना में युवक का हाथ टूट गया। शोर सुनकर पहुंचे पिता सीताराम से भी आरोपियों ने मारपीट की, जिससे उन्हें भी चोटें आई। घटना की सूचना थाना तालबेहट पुलिस को दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# CJI जूता कांड के आरोपी वकील पर चलेगा अवमानना का केस, अटॉर्नी जनरल ने दी मंजूरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** अटॉर्नी जनरल (एजी) ने भारत के प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने की सहमति दे दी है। बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को इस बारे में सूचित किया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ से अनुरोध किया कि प्रधान न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई की जाए। विकास सिंह ने कहा कि छह अक्टूबर को हुई इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर अनगिनत सामग्री प्रसारित हुई है, जो संस्थागत अखंडता और गरिमा को ठेस पहुंचा रही है। मेहता और सिंह ने अदालत से सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री पोस्ट करने पर रोक से संबंधी आदेश पारित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि हर तरह की अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। पीठ ने कहा कि भाषण और अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार दूसरों की गरिमा की कीमत पर नहीं हो सकता है। इसने सोशल मीडिया की ''अनियमित'' प्रकृति के दुष्प्रभावों की ओर इशारा किया और कहा, ''हम सामग्री के उत्पाद और उपभोक्ता दोनों हैं''। मु य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के प्रयास की यह अभूतपूर्व घटना छह अक्टूबर को हुई। उस दिन सुबह करीब 11¬35 बजे अदालत कक्ष सं या-एक में 71-वर्षीय अधिवक्ता राकेश किशोर ने अपने जूते उतारकर उन्हें प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर फेंकने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी अधिवक्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया। अदालती कार्यवाही के दौरान हुई इस घटना से अविचलित प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और अदालत कक्ष में मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे नजरअंदाज करने और राकेश किशोर नामक दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ देने को कहा।

# फिरोजाबाद एनकाउंटर पर सवाल, मारा गया नरेश हथकड़ी में था तो हथियार कैसे पाया?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



फिरोजाबाद जिले में हुए एनकाउंटर पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें 50 हजार रुपये इनामी बदमाश नरेश पंडित को मार गिराया था. एनकाउंटर के मामले की जांच राज मानवाधिकार आयोग ने करने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही मुठभेड़ की जांच से संबंधित सभी साक्ष्य मांगे हैं । दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ता डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए राज्य मानवाधिकार में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने अपनी शिकायत में मुठभेड़ को मानवाधिकार का उल्लंघन बताते हुए पुलिस वालों पर कार्रवाई की मांग की थी. इसके बाद राज्य मानवाधिकार आयोग ने 5 अक्टूबर को फिरोजाबाद में हुए मुठभेड़ की जांच बैठा दी है. इस मुठभेड़ में नरेश पंडित की गोली लगने से मौत हो गई थी. जिसे पुलिस हथकड़ी माल बरामदगी के लिए ले जा रही थी । फर्रुखाबाद एसएसपी सौरव दीक्षित ने दावा किया था कि मुठभेड़ के दौरान एएसपी अनुज चौधरी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी. रामगढ़ थाने के साह्न गोली लगने से घायल हो गए थे । गजेंद्र सिंह यादव ने शिकायत में कहा है कि आरोपी हथकड़ी में था और उसके पास कोई फोन नहीं था. ऐसे में हथियार प्राप्त करने की स्थिति संदिग्ध है. आरोपी के हथियार और पुलिस जैकेट की फॉरेंसिक जांच अनिवार्य की जाए. पुलिस अधिकारियों के पूर्व मुठभेड़ रिकॉर्ड की भी जांच हो, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह कार्रवाई पूर्व नियोजित या वाहवाही के लिए तो नहीं थी । राज्य मानवाधिकार आयोग ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का मानते हुए जिला मजिस्ट्रेट, अलीगढ़ को निर्देश दिया है कि कि वे मामले की विस्तृत जांच कर 3 दिसंबर 2025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें. आयोग ने आदेश दिया कि यह मामला 4 दिसंबर 2025 को विचारार्थ सूचीबद्ध किया जाएगा। शिकायतकर्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की मौत का नहीं है, बल्कि पुलिस जवाबदेही और मानवाधिकार पारदर्शिता का प्रश्न है. जब कोई व्यक्ति हथकड़ी में हो, तो उसकी मृत्यु की पूरी वैज्ञानिक जांच आवश्यक है । मक्खनपुर थाने के इंस्पेक्टर चमन शर्मा के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव घुनपई के पास 30 सितंबर की सुबह लगभग 5 बजे बदमाशों ने गुजरात की एक कंपनी के कैशवैन (ल्ह्ब 18 EB 9724) को ओवरटेक कर रोक लिया था. हथियारों से लैस बदमाशों ने ड्राइवर पर असलहे की बट से हमला किया और बंधक बनाकर गाड़ी में डाल दिया था. इसके बाद वैन में रखे 2 करोड़ रुपये लूट लिए थे. कुछ समय बाद यह वैन एक जगह से बरामद कर ली गई थी । पुलिस के अथक प्रयासों के बाद 6 बदमाशों को पकड़ा गया था. बदमाशों के कब्जे से एक करोड़ पांच हजार रुपये, 2 लग्जरी गाड़ियां, आईफोन आदि बरामद हुए थे. गिरफ्तार आरोपियों में नरेश पुत्र राकेश कुमार उर्फ भूरी निवासी अरनी थाना खैर अलीगढ़, तुषार पुत्र राजकुमार निवासी मोदीनगर गाजियाबाद, दुष्यंत पुत्र मोहन सिंह निवासी ओम नगर खैर अलीगढ़, अक्षय पुत्र जयप्रकाश निवासी गाजीपुर दिल्ली, आशीष उर्फ आशू पुत्र प्रमोद निवासी बहादुरगढ़ हरियाणा, मोनू उर्फ मिलाप पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी आगरा शामिल थे । इंस्पेक्टर मक्खनपुर चमन शर्मा ने बताया कि बदमाश को माल की बरामदगी के लिए लेकर जा रहे थे. इसी दौरान नरेश पेट दर्द का बहाना बनाकर भाग निकला. इसके बाद हुई मुठभेड़ में नरेश मारा गया था ।

## अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**●जिले की समस्त तहसीलों में कुल 24 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार बुधवार को जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही जारी रही। बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा सभी का व्यापक सर्वे जनपद के सभी तहसीलों में किया जा रहा है एवं अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 15.10.2025 को जिले की समस्त तहसीलों में कुल 24 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील सोरांव के ग्राम फतेहपुर कायस्थान में चकमार्ग की भूमि को एवं ग्राम मऊदोस्तपुर स्थित रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील करछना के ग्राम मडौका उपरहार स्थित चकमार्ग व सरकारी नाली की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील फूलपुर में ग्राम कादी में नवीन परती खाते की भूमि पर किया गया अतिक्रमण तथा ग्राम कहली में भीटा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील कोरांव के ग्राम दर्शनी में खलिहान व ग्राम लेडियारी, ऊंचडीह, साजी व देवघाट में चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील बारा के ग्राम पहाडीखुर्द स्थित गड्?ढ़ा/तालाब की भूमि व ग्राम नौडिया तरहार व भगदेवा स्थित चकमार्ग व ग्राम पिपरांव स्थित खलिहान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील सदर के राजस्व ग्राम बेली उपरहार में बंजर भूमि तथा ग्राम शाहाउर्फ पीपलगांव में चकमार्ग व नवीन परती को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील मेजा के ग्राम दसौती व ग्राम ऊटी स्थित चकमार्ग एवं ग्राम पताईडांडी स्थित चकमार्ग व नाली की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील हडिया के ग्राम हंडिया में चकमार्ग तथा ग्राम सिधवार हरीपुर में तालाब खाते की भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाया गया। जिलाधिकारी प्रयागराज श्री मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि / ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्?नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## महरौनी बार एसोसिएशन में पूर्व न्यायमूर्ति के पुत्र के निधन पर शोक सभा आयोजित



**महरौनी।** गुरुवार को बार एसोसिएशन महरौनी द्वारा बार भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता बार संघ अध्यक्ष बलराम शरण खरे एडवोकेट ने की। शोक सभा में पूर्व न्यायमूर्ति श्री बच्चूलाल जी के पुत्र एवं महरौनी बार एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य श्री नितेन्द्र कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं उनके परिवारजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।शोक सभा मे प्रेमनारायण सोनी,बार संघ अध्यक्ष बलराम शरण खरे सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे !

## अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत', ट्रंप के दावे पर राहुल गांधी बोले- डरे हुए हैं पीएम मोदी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से कमजोर नेता बताया है। राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक नए दावे को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ट्रंप से डरे हुए हैं। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी पीएम मोदी पर निशाना साधा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप से डरे हुए हैं। उन्होंने ट्रंप को यह निर्णय लेने दिया और घोषणा करने दी कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा।" उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार आलोचना के बावजूद ट्रंप को सराहना वाले संदेश भेजते रहते हैं। राहुल गांधी ने कहा, "वित्त मंत्री का अमेरिका दौरा रद्द हो गया। शर्म अल-शेख (गाजा शांति प्रस्ताव से संबंधित शिखर स मेलन) में भाग नहीं लिया गया। ऑपरेशन सिन्दूर पर ट्रंप के दावे का खंडन नहीं किया गया।" ट्र प की रूसी तेल संबंधी टिप्पणियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत तेल और गैस आयात में उपभोक्ता हितों को प्राथमिकता देता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- "भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा के दौर में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी लगातार प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियाँ पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा आपूर्ति का आधार व्यापक बनाना और बाज़ार की स्थितियों के अनुरूप विविधता लाना शामिल है। जहाँ तक अमेरिका का सवाल है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएँ जारी हैं।"

## जिलाधिकारी ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों साथ की बैठक

**●खिाद की ओवर रेटिंग एवं नकली खाद की बिक्री पर करें प्रभावी कार्यवाही**

**धान क्रय केन्द्रों को समय से सक्रिय करते हुए वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें करने के दिए निर्देश।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता बनाये रखने, आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराया जाने, खाद की ओवर रेटिंग व कालाबाजारी रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने,, धान क्रय केन्द्रों को समय से संचालित किए जाने, चकबंदी से सम्बंधित शिकायतें, निराश्रित गौवंशों को गौआश्रय स्थलों में संरक्षित किए जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य विषय उठायें गये। बैठक में जिलाधिकारी ने एआर कॉपरेटिव को सभी साधन सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के साथ समितियों पर खाद की कालाबाजारी रोके जाने हेतु खाद बिक्री की वीडियो व फोटोग्राफी कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने क्षेत्रफल के अनुसार निर्धारित मानक के अनुरूप खाद उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों के माध्यम से भी खाद की ओवर रेटिंग एवं नकली खाद की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने धान की खरीद हेतु क्रय केन्द्रों को समय से सक्रिय किए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करने एवं क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, किसानों को दूर न जाना पड़े और जो धान खरीद हेतु अनुमन्य है, उसका प्रचार-प्रसार कराते हुए निष्पक्ष तरीके से धान का क्रय किया जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर जो भी खरीद हो, उसे केवल किसानों से पारदर्शिता के साथ क्रय किया जाये। क्रय केन्द्रों पर बिचौलियों का प्रवेश न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। उन्होंने अभिलेखों के आधार पर ही चकबंदी के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को गौआश्रय स्थलों में संरक्षित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने पंचायत न्याय पंचायत स्तर पर एक गौशाला खोले जाने हेतु जमीन चिन्हित करने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने खराब ट्रांसफार्मरों को समय से बदलने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर किसानों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए सभी सम्बधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधि श्री शनि शुक्ला, यूनियन के अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मेजा टाइ सरैया में होगा रामकथा. ग्यारह कन्याओं का होगा विवाह




**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** मेजा के टाइ सरैया में 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा द्ययह रामकथा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रदीप कुमार पटेल द्वारा कराया जाएगा । 2 नवंबर को विशाल भंडारा और 11 निर्धन कन्याओं का विवाह होना सुनिश्चित हुआ है। प्रदीप कुमार पटेल ने कहा हम सभी मानव जाति के लोगों को गरीब असहायों की मदत करनी चाहिए ।

## बुजुर्ग दंपति के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**● पीड़ित दंपति के पुत्र की शिकायत पर गांव के ही दबंग विपक्षी के खिलाफ मामला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा डांग में किसी बात को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के दौरान गांव में ही रहने वाले दबंग ने विपक्षी दंपति को दबोच कर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम खेड़ा डांग निवासी मनोज पुत्र नाथूराम साहू ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए व्रत कराया कि दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को शाम करीब 6:30 बजे उसके पिता का विवाद गांव में ही रहने वाले दबंग विपक्षी इंद्रपाल पुत्र प्यारेलाल ठाकुर से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी इंद्रपाल ने उसके पिता को मौके पर दबोच कर जमकर गाली गलौज की। इतना ही नहीं जब उसकी मां उसके पिता के बचाव में आई तब दबंग ने माता-पिता के साथ सरेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण के पुत्र द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## जादू टोना के दौरान नशीली मिठाई खिलाकर सममोहित कर दुराचार करने का आरोप

**●जादू टोना और नशीली मिठाई से मानसिक तथा शारीरिक स्थिति के खराब होने का भी आरोप**

**पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर विपक्षियों के खिलाफ उठाई कार्यवाही की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ललितपुर।** विज्ञान के इस युग में आज भी लोग जादू टोना के चलते स मोहित करने की बात कर रहे हैं और इसी स मोहन के दौरान दुराचार कर शारीरिक मानसिक स्थिति के खराब होने का हवाला दे रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में एक महिला ने विपक्षियों पर ऐसा ही आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया पर विपक्षों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई। जनपद की कोतवाली तालबेहट क्षेत्र की एक गांव में रहने वाली एक महिला ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि उसके ही गांव में रहने वाला उसका पड़ोसी मंगल पुत्र रतन सिंह उस पर गंदी नजर रखता है जिसका आना-जाना उसके घर पर भी है। बताया गया है कि इसी के चलते वर्ष 2024 में हुई दीपावली किस समय उक्त दबंग विपक्षी उसके घर आया और तंत्र-मंत्र से परिपूर्ण बर्फी उसे प्रसाद कहकर खिला दी। बर्फी खाते ही उसे चक्कर आने लगे और वह अपनी सुध-बुद्ध खो बैठी। बताया गया है कि गत 12 दिसंबर 2024 को जब उसका पति बाहर गया हुआ था तभी उक्त मंगल यादव आया और उसे स मोहित कर उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद से उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं रही जिसका फायदा उक्त विपक्षी नहीं उठाया और कई बार उसे अपनी हवस का शिकार भी बनाया। खराब हालत के चलते वह अपने मायके जखोरा में आकर रही और वहां भी इलाज कराया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। जब उसके परिजनों ने विपक्षी से इस बात की शिकायत की और उलाहना दिया, तो विपक्षी ने आक्रोशित होकर तंत्र-मंत्र की हुई मिठाई खिलाने की बात स्वीकारते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़िता ने विपक्षी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई।

## लायंस क्लब द्वारा जागरूकता का विशाल कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




लायंस क्लब द्वारा जागरूकता का विशाल कार्यक्रम का आयोजन स्वरूप रानी अस्पताल में किया गया जिसमें लायंस क्लब अशोक लायंस क्लब गौरव लायंस क्लब झिलमिल लायंस क्लब एंजिल्स के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक लायन धीरेंद्र मिश्रा व कार्यक्रम के प्रोग्राम चेयरपर्सन गौरव के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में नशा मुक्ति सदस्य लायन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव रहे प्रदेश सरकार की तरफ से साइबर क्राइम के लिए साइबर थाना के विनोद कुमार यादव साइबर क्राईम सेल से प्रमोद कुमार यादव उपस्थित थे एवं ट्रैफिक विभाग के अधिकारी अमित कुमार सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ श्याम सुंदर वर्मा प्राचार्य मेंटल हेल्थ अपने अभिभाषण से किया और एवं महिला सशक्तिकरण के लिए गया प्रसाद पांडे जी ने अपने व्याख्यान में उपस्थित सभी ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को जागरूक कर उन्हें हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया तथा किसी भी घटना घट जाने से पहले कैसे बचे एवं यदि घटना घट गई तो बाद में क्या करें विषय को गंभीरता से समझाया द्व नशा मुक्ति एवं मेंटल स्वास्थ्य के विषय में डॉक्टर राकेश पासवान प्रोफेसर मोतीलाल नेहरू मंडल चिकित्सालय ने तथ्यों के आधार पर तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियान को जन-जन तक पहुंचाया नशा मुक्ति के विषय में बहुत ही गंभीरता से लायंस इंटरनेशनल एवं सरकार द्वारा किए हुए उपाय प्रयास को सभी तक पहुंचाया गया व्हाट्सएप में थाना कोतवाली के रमेश यादव प्रभारी निरीक्षक क्राइम एवं उपमा सिंह सब इंस्पेक्टर उपस्थित थे श्रोताओं ने इस कार्यक्रम की सराहना की प्रश्नोत्तर काल में ट्रेनिंग प्राप्त करें विद्यार्थियों ने दिल से भाग लिया तथा सभी वक्ताओं द्वारा उनका समाधान भी बताया गया लायन धीरेंद्र मिश्रा ने लायंस इंटरनेशनल के सभी क्लब का परिचय कराया लायंस क्लब झिलमिल से डॉ आभा सिंह लायन निशा जयसवाल महिला सशक्तिकरण चेयरपर्सन क्लब अशोक से लायन माला मिश्रा हंगर चेयरपर्सन एवं डॉक्टर संजय लाल वैज्ञानिक क्लब एंजेल से लायन ममता बंसल लायन अंजली शुक्ला अध्यक्ष तथा गौरव से वरिष्ठ लायन हिमांशु गुप्ता उपस्थित थे । प्रिंसिपल ने अपने उद्बोधन भाषण में आज के पांचो विषयों के बारे मे गंभीरता से लेते हुए आज की आवश्यकता पर बल दिया महिलाओं की सुरक्षा को लेकर साइबर क्राइम की विषम परिस्थितियों से जूझने के लिए वह गंभीर थे तथा आज के सभी वक्ताओं को ध्यान से सुनने की अपील की द्व ट्रेफिक इंस्पेक्टर अमित कुमार ने सभी को ट्रैफिक रूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं ट्रैफिक रूल तोड़ने पर होने वाली गंभीर हानियों एवं चालान के बारे में बताया द्व नशा मुक्ति विषय पर व्याख्यान देते हुए डॉक्टर पासवान ने कितने प्रकार के नशा होते हैं इसका विस्तृत वर्णन किया नशा कैसे शुरू होता है और कैसे वह गंभीर हो जाता है इस विषय को विस्तृत रूप से कुछ उदाहरण देकर समझाया लायंस क्लब के इं धीरेंद्र मिश्रा द्वारा अपने व्याख्यान में आज के तेज रफ्तार से जा रही जिंदगी में अपने आप को बचाकर परिवार को बचाकर कैसे सफल जीवन यापन करें विस्तृत रूप से समझाया तथा इसमें लायंस इंटरनेशनल की भूमिका को सबके सामने रखा कार्यक्रम के चेयरपर्सन लायन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव जी जो की लायंस क्लब के प्रोटोकॉल अधिकारी भी हैं ने सभा का संचालन करते हुए अंत में मंच पर आसीन सभी वक्ताओं अधिकारियों तथा प्रथम द्वितीय पंक्ति में बैठे हुए असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर एवं सभी 250 से अधिक मेडिकल छात्र -श्रोतागण को धन्यवाद दिया सभा में डॉक्टर हिमांशु सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर मुकुट शर्मा डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी निहारिका नर्सिंग ट्यूटर डॉ श्वेता रानी प्रोफेसर डॉ मनीष गोयल असिस्टेंट प्रोफेसर उपस्थित थ।

## संक्षिप्त खबरें

### बनें जागरूक किसान, 6 नवम्बर को पहले करें मतदान




**कृषि विभाग ने लगाया चौपाल, किसानों को वोट के प्रति किया जागरूक**

**गोपालगंज ( बिहार )-** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गोपालगंज में आगामी 6 नवंबर को मतदान होना है। मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो, इसको लेकर जिला स्वीप कोषांग की ओर से लगातार अभिया चलाया जा रहा है. इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए कृषि विभाग भी कई गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। गुरुवार को जिले के विभिन्न गांवों में कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने किसानों को मतदान के महत्व को बताया तथा 6 नवंबर को मतदान करने की अपील की.कृषि विभाग के अधिकारियों ने "पहले मतदान- फिर जलपान","मेरा वोट- मेरा अधिकार","आन बान अरु सान से- सरकार बने मतदान से",जैसे मतदाता जागरूकता के हिंदी और भोजपुरी तारों से किसानों को प्रेरित किया गया जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार सुमन ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग की ओर से जिले भर में कार्यक्रम कियाजा रहे हैं। गुरुवार को कई गांव में किसान चौपाल तथा शाम में संध्या चौपाल का आयोजनकिया गया, जिसमें वोटरों को जागरूक किया गया. विभाग के अधिकारी व कर्मियों को आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

### मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए छात्रों ने अभिभावक को लिखा संदेश




**गोपालगंज ( बिहार )-** बिहार विधानसभा चुनाव में जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो, इसको लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है. स्वीप कोषांग की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोषांग द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार गुरुवार को जिले भर के सरकारी स्कूलों में संदेश व पत्र लेखन कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्रों ने अपने अभिभावक के नाम से एक संदेश लिखा। इस सन्देश में अभिभावकों को आगामी 6 नवंबर को मतदान करने की अपील की. स्कूल के शिक्षकों ने छात्रों द्वारा लिखित पत्र को अपने अभिभावकों को देने की अपील की। वहीं कुछ गिने- चुने संदेश पत्र को स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चिपकाया गया. इससे पूर्व स्कूलों के चेतना सत्र में शिक्षकों ने छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और अपने अभिभावकों को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने को कहा. मांझा प्रखंड के मध्य विद्यालय पिपरा में यह कार्यक्रम बृहद रूप में आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने पत्र लिखा. इसी तरह प्राथमिक विद्यालय भैसही तथा प्लस टू स्कूल देवापुर पुरदिल में भी कार्यक्रम किया गया. डीइओ योगेश कुमार ने बताया की पत्र लेखन का कार्यक्रम जिले भर के स्कूलों में हुआ है. स्कूलों को आगे भी मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पाकुड़िया प्रखंड के बीच पहाड़ी पंचायत सचिवालय में रोजगार दिवस का आयोजन**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** पाकुड़िया प्रखंड के अंतर्गत बीच पहाड़ी पंचायत मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय के सभा कक्ष में 16 अक्टूबर को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के युवा एवं कर्मठ मुखिया हरिदास टुडू ने की। रोजगार दिवस के अवसर पर पंचायत के विभिन्न गांवों से ग्रामीण, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, उपस्थित होकर अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम के दौरान दीदी बाड़ी, आंबुआ आवास तथा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत कार्यों की मांग पत्र (डिमांड) एवं मास्टर रोल को ऑपरेटर को अग्रसारित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से अगस्टीन मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू, प्रमोद भगत, विनोद भगत, शंकर राय, बुदिशल टुडू, शिबु देहरी, ब्रेनाड मुर्मू तथा जस्मीन किस्कू उपस्थित रहे और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा वार्ड सदस्यगण भी मौजूद थे।

## यूपी सीएम का तल्ख रुख, घुसपैठियों का जिक्र कर बढ़ाई विपक्ष की मुश्किलें, दानापुर में चुनावी जनसभा में विपक्ष पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिहार**-योगी आदित्यनाथ ने आज दानापुर में चुनावी जनसभा संबोधित करते हुए विकास बनाम बुर्के का जिक्र किया है। इससे इतर सीएम योगी ने घुसपैठिए का जिक्र कर कांग्रेस, राजद समेत सभी विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। तल्ख तेवर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव की कमान संभाल ली है। इसी क्रम में आज उन्होंने बिहार की राजधानी पटना से निकट दानापुर और सहरसा में जनसभा को संबोधित किया। लालू यादव का गढ़ कहे जाने वाले दानापुर में जनसभा संबोधित करते हुए सीएम योगी ने 'विकास बनाम बुर्के' का जिक्र किया। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस, राजद, वीआईपी और वाम दलों को लपेटते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन ने एक बार फिर विकास बनाम बुर्के के रूप में नई शरारत शुरू कर दी है। सीएम योगी ने कहा है कि जब बिहार विकास की बात कर रहा है, तब कांग्रेस और राजद ने बुर्के का मुद्दा उठाकर बहस को बढ़ाने की चालाकी की है। सीएम योगी के इस तल्ख टिप्पणी को लेकर अब खूब सुर्खियां बन रही हैं।

**चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तल्ख रुख**

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने तल्ख रुख अपनाया। दानापुर में बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के लिए जनसमर्थन की अपील करने पहुंचे सीएम योगी विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया है। सीएम योगी ने कहा कि "अब बिहार के विकास की दौड़ में बाधा डालने के लिए राजद, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने एक बार फिर एक नई शरारत शुरू कर दी है। 'विकास बनाम बुर्का'।

जब बिहार विकास की बात कर रहा है, कांग्रेस और राजद ने बुर्के का मुद्दा उठाकर बहस को बढ़ाने की चालाकी की है। क्या उन्हें फर्जी मतदान की अनुमति दी जानी चाहिए? क्या घुसपैठियों को यहाँ आकर बिहार के गरीबों, दलितों और नागरिकों के अधिकारों को लूटने की अनुमति दी जानी चाहिए?" इससे इतर भी सीएम योगी ने राजद के कार्यकाल को याद दिलाते हुए उसकी तुलना जंगलराज से की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे बिहार में एनडीए की सरकार बनाकर विकास को रफ्तार दें।

**बिहार में तेजी से सुर्खियां बटोर रहा घुसपैठियों से जुड़ा मुद्दा**

ये एक ऐसा मुद्दा है जिस पर प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह, सीएम योगी समेत तमाम दिग्गज नेताओं को बोलते देखा जाता है। बिहार में घुसपैठियों का मुद्दा तेजी से सुर्खियां बटोरता नजर आ रहा है। बीजेपी के तमाम नेता ये दावा करते हैं कि भारी संख्या में घुसपैठिए बिहार के सीमांचल इलाके मे आते हैं। इन्हीं घुसपैठियों को मुद्दा बनाकर बीजेपी चुनावी जनसभाओं में विपक्ष को निशाने पर ले रही है। सीएम योगी ने भी इसी क्रम में लोगों से सवालियां अंदाज में पूछा है कि क्या घुसपैठियों को बिहार के स्थानिय लोगों का हक लूटने का अधिकार दिया जाना चाहिए। इसके बाद घुसपैठ फिर एक बार बिहार चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया है।

### कडेसराकलाँ में कुएं में डूबने से किसान की मौत

**जेब से मिला संदिग्ध कागज, पुलिस जांच में जुटी**

**तालबेहट।** ग्राम कडेसरा कला में अपने खेत पर बने सिंचाई कुएं में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। जानकारी के अनुसार जयराम (55 वर्ष) पुत्र तिजु अहिरवार निवासी कडेसरा कलां बुधवार की सुबह अपने खेत पर गए थे। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजन उन्हें खोजते हुए खेत पहुंचे, जहां कुएं में उनका शव पड़ा मिला।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। बताया गया कि मृतक का कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था और उसकी जेब से एक कागज का टुकड़ा मिला जिसमें कुछ लोगों के नाम लिखे हुए हैं।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा का कहना है की परिजनों द्वारा बताया गया खेत पर बने कुएं के नजदीक खाना खाते समय फिसलने से वह कुएं में गिरकर डूब गए फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जो भी तथ्य निकाल कर आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

## मिर्जाचौकी में सड़क दुर्घटना में पैंतीस वर्षीय युवक की हुई मौत

● परिजनों ने चालक पर कानूनी करवाई,परिवार के भरण पोषण के लिए मुआवजा एवं नौकरी के लिए लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**साहेबगंज, झारखंडः-** जिला के मिर्जाचौकी थाना से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित मुर्दारी रोड में सड़क दुर्घटना से पैंतीस वर्षीय शाहाबाद पीरपैंती(बिहार) निवासी मोहम्मद अजीज की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा जिसकी गाड़ी संख्या BR10GC1480 है,पीरपैंती से नीमगाछी की ओर आ रही थी। प्रतिदिन की तरह बृहस्पतिवार को भी मोहम्मद अजीज काम के लिए जा रहा था। उसी क्रम में मुर्दारी रोड पर हाइवा ड्राइवर की लापरवाही के कारण सड़क के किनारे में पार हो रहे मोहम्मद अजीज को कुचलते कर मौत के घाट उतारा दिया। जिसके चलते हाइवा कंट्रोल से बाहर हो गया और सड़क के किनारे लगे खंभे पर टकरा गई,और ट्रक चालक फरार हो गया।घटना के बाद परिजनों सहित स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया था। घंटे भर बाद स्थानीय पुलिस प्रशाशन के द्वारा परिजनों सहित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटाया गया। वहीं मोहम्मद अजीज की पत्नी जुबेदा खातून के द्वारा मिर्जाचौकी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर ट्रक चालक पर कानूनी करवाई सहित परिवार को मुआवजा और परिवार में से किसी एक को नौकरी देने की गुहार लगाई है। खबर लिखे जाने तक मृतक के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहेबगंज भेजा गया था।

### बानपुर पुलिस ने वॉलीबॉल मैच खेल छात्राओं को महिला सशक्तिकरण वआत्मरक्षा के लिए किया जागरूक

**बानपुर।** थाना बानपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत राजकीय विद्यालय ग्राम वीर की छात्राओं के साथ बालीबाल का आयोजन कर छात्राओं को सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत थाना बानपुर मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा राजकीय विद्यालय, वीर में छात्राओं की सहभागिता से बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा जागरूकता हेतु एक वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात थाना बानपुर पुलिस टीम द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 112, 181 अथवा थाना पुलिस से संपर्क करें। इस अवसर पर छात्राओं में आत्मविश्वास एवंटीम भावना का संचारहुआ। मिशन शक्ति के तहत ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति स मान, सुरक्षा और समानता की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बानपुर अरुण कुमार तिवारी,एस आई मनोज कुमार, दिग्विजय सिंह व महिला कांस्टेबल अंजना सहित विद्यालय का स्याफ उपस्थित रहा।

## पीएम कुसुम योजना के नाम पर ठगी से रहें सावधान-बीडीओ बरही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने आम जनता, किसानों और लाभुकों को पीएम कुसुम योजना, सोलर पंप, एवं डीप बोरिंग योजना के नाम पर की जा रही ठगी के प्रति सचेत किया है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बरही द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि हाल के दिनों में कुछ अज्ञात व्यक्ति किसानों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर ?6500 से ?8500 तक की राशि अविलंब जमा करने की मांग कर रहे हैं। यह पूरी तरह से फर्जी और ठगी का मामला है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रखंड या जिला स्तर से किसी भी सरकारी योजना की स्वीकृति या प्रक्रिया के लिए किसी अधिकारी या कर्मी द्वारा फोन या मोबाइल कॉल के जरिए कभी भी पैसे की मांग नहीं की जाती। इसके अलावा, किसी भी नए एप्लिकेशन को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड या इंस्टॉल करने के लिए भी प्रशासन की ओर से कोई निर्देश नहीं दिया जाता। सभी ग्रामीणों एवं किसानों से अनुरोध किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से कभी भी राशि का भुगतान न करें। यदि किसी प्रकार का संदिग्ध कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो तुरंत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बरही या नजदीकी थाना को सूचित करें। यदि ठगी के बावजूद कोई भुगतान किया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

## आरएसएस महात्मा गांधी का हत्यारा-गृहमंत्री को लिखा है लेटर- प्रतिबंधित कर दें- अजय राय

● बाल स्वयंसेवकों का ही कर रहे यौन शोषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** -कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को बलिया पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान अजय राय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भाजपा और योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- महात्मा गांधी से आरएसएस की तुलना मतकीजिए। आरएसएस हमेशा देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है। यही संगठन था जिसने महात्मा गांधी की हत्या की और देश को बांटने का काम किया। ऐसे संगठन को तत्काल प्रतिबंधित कर देना चाहिए। मैंने इसके लिए कल ही गृह मंत्री को पत्र लिखा है। इस दौरान और महात्मा गांधी के शहर आगमन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

**अब 5 प्रमुख बयान पढ़िए...**

महात्मा गांधी के शहर आगमन के 100वें वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए अजय राय। "आरएसएस ने मानसिक, शारीरिक और यौन शोषण किया" अजय राय ने कहा- आरएसएस के स्वयं सेवक खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। ताजा उदाहरण देते हुए कहा, "केरल का आईटी प्रोफेसर आनंद सुसाइड कर गया।" उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि उसके साथ आरएसएस के नेता मानसिक, शारीरिक और यौन शोषण कर रहे थे। 26 साल का यह युवक अब नहीं रहा। ऐसे संगठन को तुरंत प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। यह देशविरोधी और समाजविरोधी संगठन है। ये अपने बाल स्वयंसेवकों तक को नहीं छोड़ते, उनके साथ भी शोषण करते हैं। मैंने कल ही गृह मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि इस संगठन को प्रतिबंधित करते हुए कार्रवाई की जाए। "मस्जिद तोड़ना केवल ध्यान भटकाने का प्रयास" अजय राय ने योगी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- मस्जिदें तोड़ने के पीछे सिर्फ योगी आदित्यनाथ की केवल एक ही मंशा है कि प्रदेश में हिंदू-मुस्लिम का माहौल कैसे बनाया जाए। चाहे संभल हो, बहराइच, बरेली, कुशीनगर या चित्रकूट। हर जगह मस्जिदों को टारगेट करके तोड़ रहे हैं। कुशीनगर के हाटा में खुद की जमीन पर मस्जिद बनाई थी, फिर भी उसे बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। यह केवल महंगाई और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने की कोशिश है। राज्य में जातिगत द्वेष फैलाना चाहते हैं। महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके दी श्रद्धांजलि। आरएसएस के गुंडों पर कब करेंगे खट-खट राय ने कहा- योगी कहते हैं कि प्रदेश में अपराधी डरे हुए हैं। छेड़खानी करने वालों को यमराज मिलेंगे, पर आजमगढ़ में 7 साल के बच्चे को मारकर बोरे में भर दिया गया। हमारे हरिओम बाल्मिकी को पीट-पीटकर मार डाला गया। उसने हमारे राहुल गांधी का नाम लिया तो उसकी हत्या कर दी गई। क्या यही है योगी राज की कानून व्यवस्था? जो आरएसएस के लोग युवाओं का शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण कर रहे हैं, आखिर उनके साथ न्याय कब होगा? जनता जानना चाहती है कि योगी जी कब खट-खट करेंगे। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश का फूल-मालाओं से स्वागत किया। "यूपी में क्राइम चरम पर, योगी जी इस्तीफा दें" अजय राय ने कहा- यूपी में क्राइम चरम पर है। योगी जी कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हैं। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए और वापस मठ में चले जाना चाहिए। हम गांधी के अनुयायी, देश के खिलाफ बोलना भाजपाइयों का काम जब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से पूछा गया कि राहुल गांधी विदेश में देश विरोधी बयान देते हैं, तो उन्होंने कहा- यह भाजपा का काम है, हमारा नहीं। हम महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करते हैं। राहुल गांधी देश का नाम ऊंचा करते हैं। भाजपा तो राष्ट्रपिता तक का सम्मान नहीं करती।

## चौपारण में लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

● दो घंटे में लूटी गई पिकअप वैन, ब्रेज़ा कार, 21,300 नकद और मोबाइल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चौपारण थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने महज दो घंटे में तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लूटी गई पिकअप वैन, ब्रेज़ा कार, 21,300 नकद और मोबाइल फोन बरामद किया है।

**घटना का विवरण**

वादी रुपेश कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता - श्री राम सजीवन राय, निवासी - दरवा, थाना ताजपुर, जिला समस्तीपुर, बिहार) ने थाना में आवेदन दिया कि दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पिकअप वैन (BR 01GL-8677) में पटना ट्रांसपोर्ट नगर, जीरो माइल से मेडिकल की दवा लोड कर रांची जा रहा था। रात 1:00 बजे (16 अक्टूबर) के करीब जब वह जीटी रोड चौपारण घाटी पार कर रहा था, तभी एक काले रंग की ब्रेज़ा कार (JH02BT-7723) ने पीछा करते हुए सीएम होटल के पास उसकी गाड़ी रोक ली। अपराधियों ने उसके साथ मारपीट कर गाड़ी, नकद 21,300 और मोबाइल फोन लूट लिया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर सिर्फ दो घंटे में पुलिस ने लूट में प्रयुक्त ब्रेज़ा कार (JH02BT-7723) को सरदारपुर जीटी रोड से बरामद कर लिया तथा दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर तीसरा अपराधी और लूटी गई पिकअप वैन भी बरामद कर ली गई।

**गिरफ्तार अपराधियों के नाम**

1. शिवम् कुमार (20 वर्ष), पिता - मिथिलेश चौरसिया, ग्राम - बराई केंदुआ, थाना - चौपारण, जिला - हजारीबाग
2. राहुल सिंह (30 वर्ष), पिता - बाबूलाल सिंह, ग्राम - गणपति होटल के सामने, थाना - इटखोरी, जिला - चतरा
3. अरविन्द चौरसिया (33 वर्ष), पिता - परमेश्वर चौरसिया, ग्राम - इटखोरी, थाना - इटखोरी, जिला - चतरा

**बरामद सामग्री**

राहुल सिंह के पास से - लूट में प्रयुक्त काली ब्रेज़ा कार, मोबाइल व 21,300 नकद।

अरविन्द चौरसिया के पास से - OPPO F-25 PRO 5G मोबाइल फोन।

शिवम् कुमार के पास से - लूटी गई पिकअप वैन (BR 01GL-8677) और मोबाइल फोन।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार विमल, बरही अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, तथा पुलिस बल के रवि रंजन, श्रवण कुमार पासवान, जगदीश चन्द्र प्रधान और बादल कुमार महतो शामिल थे। इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या - 286/25, दिनांक 16/10/2025, धारा - 309(6) BNS के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## एस.आर.टी. कॉलेज धमड़ी में विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर्महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का समापन

● फाइनल मुकाबले में साहेबगंज कॉलेज ने गर्ल्स वर्ग में मारी बाजी, बॉयज वर्ग में एस.आर.टी. कॉलेज धमड़ी रहा विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**झारखंड-** मेहरमा प्रखंड स्थित एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी में विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर्महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले के साथ गुरुवार को सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। गर्ल्स वर्ग के फाइनल मुकाबले में साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी को पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया,जबकि एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी उपविजेता रहा। वहीं बॉयज वर्ग में एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मधुपुर कॉलेज, मधुपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मधुपुर कॉलेज उपविजेता रहा। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि - खेल निदेशक (एस.के.एम.यू.) डॉ. सुजीत कुमार सोरेन और एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी के प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह के हाथों से पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ. देव, डॉ. पल्लवी, डॉ. जेवा अनवर, नंदलाल पासवान, डॉ. अभय दुबे, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. गोविंद कुमार, डॉ. जयशंकर तिवारी, डॉ. धीरेंद्र कुमार, डॉ. आतिफ क़य्यूम, डॉ. विपीन कुमार और महेश्वर इंद्रवर सहित कई शिक्षकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. सुजीत कुमार सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा के साथ खेल भी जीवन का आवश्यक अंग है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि देश और समाज में पहचान बनाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। सभी विद्यार्थियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।"

## थाना पचपेड़वा पुलिस की बड़ी कार्रवाई—बिना लाइसेंस बिस्फोटक पदार्थ बेचते दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर/पचपेड़वा।** आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचपेड़वा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखे (बिस्फोटक पदार्थ) बेचने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा यह छापा मारा गया। दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को उपनिरीक्षक योगेश प्रताप सिंह व अविनाश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दौरान गनेशपुर चौराहा पहुंचे। वहीं पर किराए की दुकान में दो युवक अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करते पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अजय सोनी पुत्र कमला प्रसाद तथा शिवम् अग्रहरि पुत्र जानकी प्रसाद निवासी ग्राम मधवानगर, थाना पचपेड़वा, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बिस्फोटक पदार्थ बरामद किया। थाना पचपेड़वा पुलिस ने दोनों के विरुद्ध क्रमशः मु.अ.सं. 206/2025 व 207/2025, धारा 288 बीएनएस व 9 बी बिस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय रवाना किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक योगेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अविनाश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र सिंह, फुल्लर प्रसाद, कांस्टेबल अरविन्द कुमार व शिवम् गुप्ता की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दीपावली पर्व पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों व बिस्फोटक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बिना लाइसेंस के पटाखों की खरीद-फरोख्त करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## मंडरो +2 वन प्रवासी उच्च विद्यालय भगैया में गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन

● प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एहसान अहमद ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मंडरो, साहेबगंज, झारखंडः-** मंडरो प्रखंड अंतर्गत गडरा पंचायत में स्थित +2 वन प्रवासी उच्च विद्यालय भगैया में प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव प्रधान सहायक अध्यापक वार्डेन एवं प्रधान मौलवी की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । सर्व प्रथम गुरु वंदना से गुरु गोष्ठी की शुरुआत की गई । तत्पश्चात बारी बारी से विभागीय कार्यक्रम की समीक्षा की गई । बी ई ई ओ ने वर्ग 1 से 12 के सभी बच्चों का पोशाक संबंधी सूची ,एक पेड़ मां के नाम ईको क्लब के तहत नोटिफिकेशन छात्रवृत्ति एवं मध्याह्न भोजन आदि पर विद्यालय वार समीक्षा की ।नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सभी लर्नर का सर्वेक्षण एवं उसके पंजीकरण एवं परीक्षार्थी का रिजल्ट तैयार कर बीआरसी को उपलब्ध कराने की बात कही । प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद एहसान अहमद ने यू डाइस के तहत शेष बच्चों का प्रोफाइल एंड फैसिलिटी मॉड्यूल के तहत जीपी ईपी एवं एफ पी आदि को 17 अक्टूबर तक पूर्ण करने ,शिक्षक एवं छात्र छात्राओं की प्रतिदिन उपस्थिति ई विद्या वाहिनी के मध्यम से करने की बात कही । मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घाटी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद एहसान अहमद बीआरपी क्लेमेंट सोरेन अभिषेक कुमार उमेश कुमार सीआरपी मो सनाउल्लाह अमरेंद्र कुमार अब्दुल रउफ अंसारी पंकज पोद्दार इजहार आलम नवीन कुमार झा मो. हैदर अली डाटा एंट्री ऑपरेटर भानु प्रकाश एम डी एम डाटा एंट्री ऑपरेटर शिव कुमार ठाकुर पीरामल फाउंडेशन के अभिषेक कुमार सुआंक कुमार पलाश कार्यक्रम की समन्वयक संगीता मजूमदार प्रयत्न के समन्वयक अंकित कुमार शिक्षक सुनिल कुमार मिश्र राजेश कुमार फिरोज आलम मँझिया टुडू सलामी मरांडी शहनाज खातून पुष्प देवी नूरजहां खातून शहाबुद्दीन अंसारी सुशील सोरेन पुष्कर कुमार अब्दुल अंसारी सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बनें- कृष्णा जायसवाल "गोलू"



**बधाई देनें वाले लोगों का लगा तांता**

**केराकत, जौनपुर।** नगर पंचायत केराकत की अध्यक्ष ज्योति कृष्णा जायसवाल के पति अध्यक्ष प्रतिनिधि युवाओं के लोकप्रिय यूवा नेता विकास पुरुष कृष्णा जायसवाल "गोलू" की लोकप्रियता एवं संगठन के प्रति इनके कर्तव्य निष्ठा को देखते हुऐ इनको स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इनका मनोनयन वर्ष 2028 तक मान्य होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल गोलू नें कहा कि मैं अध्यक्ष एसोसिएशन के नियमानुसार निकाय अध्यक्षगणों के हीतों को ध्यान में रखते हुवे अपनें कार्य से संगठन को और अधिक मजबूत करनें का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष बनाये जानें की सूचना मिलने पर कृष्णा जायसवाल "गोलू" को बधाई देने वाले लोगों की उनके नरहन में स्थित आवास पर लम्बी कतार लगी रही। जिला अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल गोलू ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूँ और शुक्रगुजार हूँ स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के लोगों का कि मुझपर भरोसा करके मुझे जिला अध्यक्ष बनाकर के जौनपुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मैं पूरी निष्ठा इमानदार, बफादारी और दमदारी के साथ पूरे तन मन धन से सेवा करता रहूँगा।

### वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**जौनपुर,खेतासराय।** गुरुवार को तारगहना रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक वृद्ध महिला की इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौत हो गई । उसकी पहचान पोस्ट ऑफिस मुहल्ला निवासी के रूप में हुई है । पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि उक्त मुहल्ला निवासी प्रेमा देवी (65) वर्ष पति स्व पतिराम यादव की दिमागी हालात ठीक नही थी । चरवाहो ने यह सूचना स्टेशन मास्टर को दी । आशंका जताई जा रही 11:25 पर बहराइच से वाराणसी जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस 14214 की चपेट में आ गई । सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया । स्वजनों में मातम का माहौल है।

### नही रहे प्रख्यात चिकित्सक डॉ रहमान

**जौनपुर,खेतासराय/शाहगंज।** सेंट थॉमस रोड स्थित शीश मिल निवासी प्रतिष्ठित प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर अक़ीलुर्रहमान उर्फ़ रहमान (84) वर्ष का गुरुवार की तड़के निधन हो गया । वह नगर में लंबे समय से ओपीडी करते थे । सूचना मिलते ही नगर समेत पैतृक आवास पर शोक जताने के लिए तांता लग गया । वह अपने पीछे भरा परिवार छोड़ गए । स्व रहमान शिक्षाविद रहे । वह आजमगढ़ शिबली कालेज के लंबे समय तक वाइस प्रेसिडेंट थे । मूलरूप से आजमगढ़ जिले के फूलपुर तहसील के सैदपुर गांव में दिवंगत को सुपुर्द-ए ख़ाक किया गया । उनके निधन पर पूर्व विधायक अरशद खान, सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता जेड के फैज़ान, कांग्रेस के पूर्व विधायक नदीम जावेद, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री फज़ल खान, पत्रकार यूसुफ खान, फैसल खान, अब्दुल्लाह शेख एडवोकेट, फैज़ान अंसारी समेत अन्य ने गहरा दुख जताया ।

### दिवंगत पुलिस आरक्षी को दी गई अंतिम विदाई

**चित्रकूट-** पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक में राजकीय सम्मान के साथ दिवंगत मुख्य आरक्षी स्व राजेश कुमार अग्निहोत्री के पार्थिव शरीर को अन्तिम विदाई दी गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, प्रभारी आरआई राकेश समाधिया, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने आरआई रीडर कार्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी स्व राजेश कुमार अग्निहोत्री के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शोक सलामी दी। साथ ही उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर अन्तिम विदाई भी दी।

# महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा - अपराजिता सोनकर

**●मातृशक्ति की राष्ट्र नवनिर्माण में भागीदारी से ही अन्त्योदय की अवधारणा मूर्त रूप लेगी - अपराजिता सोनकर**

**महिलाएं घर की नींव भी हैं और राष्ट्र की धुरी भी हैं- अपराजिता सोनकर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जौनपुर-** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा जौनपुर महिला मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर आत्मनिर्भर महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा उसी को लेकर भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक आहुत बैठक की गई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने की और मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री अपराजिता सोनकर उपस्थित रहीं एवं कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह ने की। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अपराजिता सोनकर ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा मातृशक्ति की राष्ट्र नवनिर्माण में भागीदारी से ही अन्त्योदय की अवधारणा मूर्त रूप लेगी महिलाएं घर की नींव भी हैं और राष्ट्र की धुरी भी हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को समुचित नेतृत्व मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी बढे इसके लिए बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व विकसित करना होगा संगठन में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ने से देश की आधी आबादी तक मोदी सरकार एवं योगी सरकार की योजनाएं तथा संगठन की विचारधारा, कार्यक्रम व अभियान पहुंचाने का माध्यम महिलाएं स्वयं बनेगी। अध्यक्षता करते हुए सुरेन्द्र सिंघानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, शौचालय, हर घर नल से जल, मुद्रा योजना, जनधन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सुगम, सुरक्षित तथा आत्मनिर्भर बनाया है महिलाओं के बीच महिलाओं की बात महिलाओं से करने की संवाद शैली संगठन को सशक्त करेगी और समाज व राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाएगी।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महिला मोर्चा की अध्यक्ष रागिनी सिंह ने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दें प्रत्येक मंडल से महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अपनी टीम सहित कम से कम 30 महिलाओं को लेकर आने का प्रयास करें महिलाओं के बीच कार्यक्रम की जानकारी अभी से पहुंचाने का प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित हो सकें। उक्त अवसर पर महिला मोर्चा महामंत्री विमल श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष मिलन श्रीवास्तव राखी सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, जिला मंत्री अंशु कुशवाहा, दिव्या सिंह, कनक सिंह, कार्यालय प्रभारी चेतना श्रीवास्तव जिला कार्यसमिति सदस्य शिखा मौर्य और सुशीला सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

## बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का विकास भवन सभागार में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी केएन पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह के साथ एनआईआरडीपीआर हैदराबाद द्वारा नामित नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, आरसेटी डायरेक्टर तथा जिला मिशन प्रबंधक संजय, सुमन, प्रभारी जिला मिशन प्रबंधक उमेश कुमार, नफ़ीश, सुरेन्द्र और राजबहादुर के साथ-साथ विकास खंड से ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहे।

कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय समावेशन पर जानकारी देते हुए बैंकर्स के साथ समूहों को समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयक विभिन्न शाखा के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र के द्वारा वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राइजेज फाइनेंसिंग पर जानकारी दी गई तथा जिले के आर्थिक एवं समाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सी0सी0एल0, बैंक सखी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। एनआरएलएम के अंतर्गत शाखा पर पदस्थापित बैंक सखी भी उपस्थित रहीं और अपनी समस्याओं को रखते हुए अपनी जानकारी में बढ़ोत्तरी की। एलडीएम के द्वारा बैंकों में लंबित सीसीएल पत्रावली के निस्तारण हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधकों के द्वारा भी अपनी समस्याएं साझा की गई जिसका निदान एनआरपी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला मिशन प्रबंधको और ब्लॉक मिशन प्रबंधको के साथ बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

उपायुक्त स्वत- रोजगार देव कुमार यादव के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला के उदेश्य से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा बैंकर्स के सहयोग से ही स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाया जाना है।

# श्रीराम से अनुराग में है परमानन्द- पं. कृष्णानंद ओझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जलेशरगंज रोड पर हो रही सामूहिक श्रीराम कथा में गुरूवार को व्यासपीठ से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतारों के विभिन्न मनमोहक प्रसंगों का भावपूर्ण चित्रण हुआ। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य कृष्णानंद ओझा महराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीराम से प्रेम करने वाला परमानंद की अनुभूति किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने उन सभी का भवसागर से बेड़ा पार लगाया, जिन्होंने राम नाम का शुद्ध अन्तःकरण से सुमिरन किया। उन्होने कहा कि जगतजननी मां सीता ने भगवान श्रीराम के साथ वन गमन के समय तपस्या की साधना से सम्पूर्ण नारी जगत को गौरवान्वित किया है। उन्होने कहा कि श्रीराम का भातृत्व प्रेम जगत के लिए बंधुता का शाश्वत संदेश है। पं0 कृष्णानंद जी ने कहा कि कलिकाल में भगवान की कृपा सिर्फ भगवत भजन से ही प्राप्त हो सकती है। उन्होने कहा कि जीवन का चरित्र और नैतिक आचरण को मजबूत रखना ही अपने आराध्य श्रीराम की सबसे निर्मल पूजा है। कथा के दौरान श्रीरामचरितमानस की चौपाईयों तथा भजनों के सुर संगम में पाण्डाल भक्तिमय हो उठा दिखा। कथा के रोचक प्रसंगों का भक्तों के बीच से श्रीराम जयघोष भी गूंजता दिखा। आयोजन समिति के सचेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गीता सिंह ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पप्पू तिवारी, दिवाकर नाथ शुक्ल, दारा सिंह, अतुल सिंह, धर्मराज गौतम, रामबिहारी मिश्र, पन्नालाल पाल, सोनू शुक्ला, संतोष पाण्डेय, राजू मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, श्यामशंकर तिवारी, छोटे लाल सरोज, आशीष जायसवाल, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

## राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित स्वदेशी मेले में कवि सम्मेलन किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उद्योग विभाग के संयोजकत्व में राजकीय इण्टर कॉलेज में चल रहे स्वदेशी मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को देर सायंकाल मुशायरा/कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों द्वारा अपने मुजाहरे की प्रस्तुतीकरण की गई। प्रमुख रूप से आफताव जौनपुरी द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता पर काव्यपाठ किया गया।जिस पर दर्शकों द्वारा भरपूर तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में शायर कवि डॉ0 राजेन्द्र सिंह, तनवीर फात्मा, मो0 अनाम, डॉ0 नागेन्द्र अनुज, सुनील प्रभाकर, राजमूर्ति सौरभ, राजेश प्रतापगढ़ी, तलहा नाविश, शादिया इकरा द्वारा अपना काव्यपाठ कर दर्शकों का मनोरंजन किया गया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन डा0 मो0 अनीश एवं मो0 अनाम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी कवियों एवं शायरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एचएन सिंह सहायक आयुक्त उद्योग, मुकेश चन्द्र मौर्य अपर सांख्यकीय अधिकारी, देवराज सहायक प्रबन्धक, अजय शर्मा प्रधान सहायक, कफील अहमद के साथ समाज सेवी रोशन लाल उमरवैश्य उपस्थित थे। मेले में पूरे दिन दर्शको का आवागमन चलता रहा। उनके द्वारा अन्य दिनों की अपेक्षा उस दिन स्वदेशी वस्तुओं की ज्यादा खरीदी की गई। राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित स्वदेशी मेले में 15 अक्टूबर को खरीददारी के लिए लोग भारी संख्या में निरंतर आये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए भी भारी भीड़ रही है। 10 अक्टूबर तक 50 स्टाल लगे थे जो मेले की सफलता के कारण बढ़कर 65 स्टाल हो गए। लोग स्वदेशी सामग्रियों का जैसे बच्चों के खिलौने ,साड़ियां, चादर, कंबल ,फुटवियर्स, अचार ,मुरब्बा, सॉफ्ट टॉय आदि की खरीदारी कर रहे।

# मिशन शक्ति फेज -05. के तहत राजकीय इंटर कॉलेज दूल्हा सुमाली में हुआ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम केमहिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान के तहत थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय के निर्देशन में उप निरीक्षक विजय कुमार सिंह , हेड कांस्टेबल विनोद भारती ,आरक्षी संदीप पासवान, महिला आरक्षी अंकिता सिंह , द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज दुल्हसुमली ककरहवा के परिसर में गुरुवार को बालिकाओं को जागरूक किया।महिला संबंधीअपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के संबन्ध में जानकारी दी गई।

### सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट-** पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रंजना तिवारी ने बताया कि पहाड़ी निवासी गिरजा देवी पत्नी निलेश ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर जनपद फ़तेहपुर के कुल्ही निवासी अपने पति निलेश व ससुरालीजनों द्वारा गाली-गलौज व मारपीट कर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने के सम्बन्ध में शिकायत की थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा निस्तारण के निर्देश दिए जाने पर उनकी टीम महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, अनामिका सिंह व सोनिका द्विवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। जिस पर दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली-गलौज, मारपीट, लड़ाई झगड़ा न करते हुए पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी।

### उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान - मैसूर में सम्पन्न हुई 50वीं योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर-** कर्नाटक के मैसूर स्थित नाडा मंडपम में 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 50वीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की ओर से 27 खिलाड़ियों व 7 निर्णायकों ने भाग लिया। योगा फेडरेशन जौनपुर की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय रेफरी रजनी साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्णायकों में प्रतीक कुमार मौर्य, संजय यादव, रजनी साहू, सीमा सिंह, प्रज्ञा, अंजू मौर्य, यादव पूजा और सुरेंद्र शामिल रहे। प्रतियोगिता में 20 से 30 वर्ष प्रोफेशनल वर्ग में विकास पटेल ने चतुर्थ स्थान, संजय यादव ने पंचम स्थान, वहीं अनिल कुमार (आर्टिस्टिक सोलो) एवं प्रफुल्ल कुमार ने छठा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था के महासचिव आचार्य भीम ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव डॉ. अभिनव जोशी ने सभी राष्ट्रीय रेफरी को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री गणपति सच्चिदानंद गुरुजी, वियतनाम एवं हांगकांग योग फेडरेशन के अध्यक्षों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी। कार्यक्रम से लौटने पर रजनी साहू का बाबतपुर एयरपोर्ट पर शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई दी।

# छात्राओं को दी गई ग्रीन पटाखों की सौगात- आतिशबाज समाज फाउंडेशन ने दिया सुरक्षा संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शाहगंज ,जौनपुर-**शाहगंज स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बृहस्पतिवार को आतिशबाज समाज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा छात्राओं को निशुल्क ग्रीन पटाखे वितरित किए गए। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष शिराज आतिश के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें जावेद आतिश, नसरुद्दीन, बेलाल अहमद और मोहम्मद सत्तार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।ट्रस्ट के सदस्यों ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें दीपावली पर पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित और पर्यावरण-हितैषी दीपावली मनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।संस्था अध्यक्ष शिराज आतिश ने छात्राओं को सुरक्षित आतिशबाजी के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा, ÷पटाखे जलाते समय बच्चों को हमेशा अपने माता-पिता या किसी वयस्क के साथ रहना चाहिए। सुरक्षा के लिए पास में बालू या पानी अवश्य रखें, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में आग को बुझाया जा सके। यदि कोई घटना घटती है तो तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें।÷शिराज आतिश ने बताया कि आतिशबाज समाज फाउंडेशन हर वर्ष दीपावली पर पर्यावरण सुरक्षा और सुरक्षित आतिशबाजी के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाता है। संस्था का लक्ष्य है कि दीपावली खुशियों का पर्व बने, दुर्घटनाओं का नहीं।विद्यालय की वार्डन एकता नीलम ने संस्था के सहयोग की सराहना की। उप प्रधानाचार्या किरण मौर्या ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जन जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के लिए प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर लेखाकार पूजा सिंह, अध्यापिकाएं अल्पना सिंह, अंकिता शुक्ला, प्रियंका सिंह और हर्षिता यादव सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## मिलावट पर जीरो टॉलरेंस - डीएम के निर्देश पर FSSAI की स्टेट स्क्वॉड एवं जनपद टीमों की ताबड़तोड़ छापेमारी

**●जिलाधिकारी के सख्त तेवर –मिलावटखोरों पर कसता शिकंजा, भोर से सक्रिय टीमों ने जनपद के प्रवेश मार्गों पर पकड़ा 5750 किलोग्राम मिलावटी खोया जिसका मूल्य 19.14 लाख) जेसीबी से गड्ढा खोद जमीदोष किया गया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSSAI) की टीमों द्वारा जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपदवासियों को केवल शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ ही उपलब्ध कराए जाएं, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भोर से ही FSSAI अधिकारियों की टीमों ने जनपद के प्रवेश मार्गों, प्रमुख बाजारों, निर्माण इकाइयों, दुकानों और मंडियों में सघन छापेमारी अभियान आरंभ किया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा जनपद में मिलावट पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। किसी भी कीमत पर मिलावटखोरों को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी की इस सख्त कार्यवाही से जनपद की विभिन्न खोया मंडियों में सन्नाटा छा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें दीपावली पर्व तक लगातार सक्रिय रहेंगी।

### बच्चों के संरक्षण के मुद्दों के साथ बाल अधिकारों को लेकर हुई चर्चा

**चित्रकूट-** ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मऊ की बैठक गुरुवार को मऊ ब्लाक परिसर में आयोजित की गई। जिसमें बाल संरक्षण व अधिकारों के प्रति समिति के सदस्यों को जागरूक करते हुए इसका लाभ बच्चों को दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने समिति के सदस्यों को बच्चों के संरक्षण के मुद्दों के साथ बाल अधिकारों, जीने का अधिकार, विकास का अधिकार आदि दिलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समित को सक्रिय कर बैठके आयोजित करने के निर्देश दिए। इसमें आंगनबाड़ी, एएनएम, अध्यापक, सचिव, सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने पूर्व की बैठकों की कार्यवाही से अवगत कराया। कहा कि देखरेख व संरक्षण की आवश्यका वाले बच्चों को चिन्हित किया जाए। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि बालश्रम व बाल विवाह होने की जानकारी तुरन्त पुलिस और टोल फ्री नम्बर दें।

# विद्यार्थी और शिक्षक जितना अधिक अध्ययन से जुड़ेंगे, ज्ञान व शैक्षणिक गुणवत्ता का विकास होगा - कुलपति प्रो. कविता शाह

**●सिद्धार्थ विवि के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में स्थापना दिवस समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला के अवसर पर अपने व्यख्यान में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय की आत्मा उसका पुस्तकालय होता है, और पुस्तकालय की आत्मा उसमें उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें होती हैं। विद्यार्थी और शिक्षक जितना अधिक अध्ययन से जुड़ेंगे, उतनी ही तीव्रता से ज्ञान का स्तर और शैक्षणिक गुणवत्ता का विकास होगा। उन्होंने आगे कहा कि तकनीकी युग में पुस्तक-पठन के समक्ष चुनौतियाँ अवश्य हैं, परंतु डिजिटल माध्यमों ने अध्ययन के नए आयाम भी खोले हैं। विश्वविद्यालय आज भौतिक पुस्तकों के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों से भी समृद्ध हो रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत के विभिन्न हिस्सों आगरा, कर्नाटक, मद्रास, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ बनारस आदि स्थानों से आए प्रतिष्ठित प्रकाशकों एवं वितरकों ने भाग लिया। इन प्रकाशकों द्वारा हजारों की संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में विविध विषयों पर ज्ञानवर्धक और शोधोन्मुख पुस्तकों की यह व्यापक प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और पुस्तक-प्रेमियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है।

दूसरे दिन पुस्तक मेले के निरीक्षण के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिरुद्ध सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा में पुस्तकों का स्थान सदैव सर्वोपरि रहा है। डिजिटल और तकनीकी युग में भी भौतिक पुस्तकों का महत्व कभी समाप्त नहीं होगा; उनका स्पर्श और अध्ययन का अनुभव अद्वितीय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक पुस्तक-पठन के माध्यम से अपने बौद्धिक एवं नैतिक विकास की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय प्रभारी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, सहायक प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह, प्रो अरविंद सिंह, प्रो सुनीता त्रिपाठी, प्रो विजय कुमार राय, प्रो बृजेश त्रिपाठी प्रो.एस पी सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में पुस्तक-प्रेमी उपस्थित रहे।

## महाराजा लखना पासी बहुजन समाज के महानायक - चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि महाराजा लखना पासी बहुजन समाज के ऐसे महानायक थे जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा करते हुए शहादत दी और इतिहास में अमर हो गए। सपा जनसंपर्क कार्यालय, डुमरी में आयोजित महाराजा लखना पासी जयंती कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वंचित समाज को अपने महानायकों के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर शिक्षा और आत्मसम्मान की ओर बढ़ना होगा, यही अखिलेश यादव के पीडीए की भावना है। इस अवसर पर नईमुल्लाह शाह, सुरेश नारायण सिंह यादव, गोविंद यादव, अभिषेक गोंड, अयोध्या वर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्रीन पार्क में सांसद रमेश अवस्थी करेंगे वॉकथान का शुभारंभ, एडीएम सिटी ने की तैयारियों की समीक्षा

**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी डॉ राजेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में आगामी सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय की गई तथा 17 अक्टूबर को प्रातः आयोजित होने वाले वॉकथॉन कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वॉकथॉन का शुभारंभ माननीय सांसद रमेश अवस्थी द्वारा 17 अक्टूबर को प्रातः 6:30 बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा, जिसका समापन नाना राव पार्क में आयोजित होगा। इस आयोजन के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 1 नवम्बर से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ जनपद स्तर पर प्रारंभ की जाएँगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सहभागिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हों। बैठक में आरएसओ भानु प्रसाद, युवा कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, एडीओएस, नगर निगम, पुलिस विभाग, एनसीसी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।अपर जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि वे 17 अक्टूबर प्रातः 6:30 बजे वॉकथॉन में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

## आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा 'विकास खण्ड मंगरौरा एवं मानधाता में आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक विधा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी।

## लोकतंत्र की हत्या के विरुद्ध एनएस यूआई का विरोध प्रदर्शन




**प्रतापगढ़।** केरल के आईटी प्रोफेशनल आनंदु अजी ने आत्महत्या से पहले अपनी अंतिम इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था कि आरएसएस से जुड़े लोग उनके साथ बचपन से शारीरिक शोषण कर रहे थे। इस अमानवीय घटना के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई द्वारा आरएस एस का पुतला दहन किया गया था।लेकिन उसी के प्रतिशोध में उसी दिन वाराणसी पुलिस ने एनएसयूआई के पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप पाल और जिलाध्यक्ष शशांक शेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है।भाजपा और आरएसएस जिस तरह लगातार लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा हैं, वह निंदनीय ही नहीं बल्कि देश के संविधान और अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा हमला है।इसी अन्याय के विरोध में गुरुवार को अब एनएसयूआई प्रतापगढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में एनएसयूआई, जिलाध्यक्ष शुभम मिश्रा, एमडीपीजी कॉलेज के इकाई अध्यक्ष शिवांशु भट्ट, कपिल ओझा, हरी प्रसाद उपाध्याय, सलमान खान, मो. इदरीश की माँग को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की।

# फर्जी बैंक खोलकर लोन दिलाने के नाम पर जनता को ठग रहे थे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शिवराजपुर पुलिस और सर्विलांस की टीम ने फर्जी बैंक संचालन कर भोली-भाली महिलाओं को लोन का झाँसा देकर लाखों की ठगी करने वाले शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नकदी व लैपटॉप बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि शिवराजपुर और बिल्हौर क्षेत्र की कुछ महिलाओं ने इस विषय में पुलिस आयुक्त से मिलकर शिकायत की थी तत्पश्चात मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि इन लोगों ने शिवराजपुर में एक बैंक नुमा आफिस खोला था। इसका नाम शिल्पा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड था। इन्होंने इस



आफिस में बकायदा ब्रांच मैनेजर, फील्ड आफिसर, कैशियर आदि कर्मचारियों की तरह लोगों को बैठाला था। इन्होंने 71 महिलाओं से प्रत्येक से 4000 रुपए लोन देने के नाम पर जमा कराए थे और जब लोन नहीं मिला तो टरकाते रहे।

कमिश्नरेट पुलिस ने टीम गठित कर शिल्पा फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड नाम के फर्जी बैंक संचालित कर ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भी महिलाओं को लोन का झाँसा देकर ठगी करने वाले अभियुक्तों जितेन्द्र गौतम उर्फ राकेश गौतम पुत्र रामपाल लाल नि0 ग्राम सिंघौली थाना चाँदा जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 31 वर्ष (ब्रांच मैनेजर), उत्तम वर्मा उर्फ संदीप शर्मा पुत्र अवधेश कुमार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पीरपुर थाना मौहली जनपद सीतापुर (लोन आफिसर), शैलेश गौतम उर्फ रोहित पुत्र विरेंद्र कुमार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम सुमरांवा थाना सकरन जनपद सीतापुर (फील्ड आफिसर), प्रदीप गौतम उर्फ संतोष पाण्डेय पुत्र रमेश कुमार उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम सिंघौली थाना सिंघौली जनपद सीतापुर (असिस्टेन्ट ब्रांच मैनेजर) के विरुद्ध थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से 56000 रुपए नकद व कुछ ज्वैलरी बरामद की है।

# मण्डल स्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज प्रातः मोतीझील स्थित लॉन नंबर-3 में मण्डल स्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कानपुर मण्डल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग कानपुर, पुष्पा खन्ना मेमोरियल की निदेशक और परवाज जन कल्याण समिति की निदेशक ने बुके देकर स्वागत किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शुरुआत**

कार्यक्रम का आगाज़ साई बाबा स्पेशल स्कूल के दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

**स्टॉलों का अवलोकन और खरीदारी**

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया और खरीदारी भी की। इससे न केवल दिव्यांगजनों को आर्थिक मदद मिली, बल्कि उनके हुनर को भी प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अवसर देना हम सबका नैतिक दायित्व है। दिव्यांग बच्चे,



बच्चियां और युवा जिस आत्मविश्वास, सृजनशीलता और मेहनत से कार्य कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। दीपावली पर तैयार किए गए सुंदर दीपक, उपहार, मोम के उत्पाद और हस्तनिर्मित वस्तुएं उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि यदि अवसर और सहयोग मिले तो ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने 'पहल संस्था', 'बैंक डेवलपमेंट सोसाइटी' और अन्य सामाजिक संगठनों की सराहना की, जो इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्रेरक माता-पिता और स्वयंसेवियों को समाज की शक्ति बताया और नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होकर न केवल उत्पादों की खरीदारी करें बल्कि दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दें।

**प्रदर्शनी में 10 संस्थाओं ने लगाए स्टॉल**

यह मेला निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ.प्र. लखनऊ की राज्य निधि योजना के अंतर्गत, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय एवं पंजीकृत स्वयंसेवी संस्थाओं – परवाज जन कल्याण समिति और पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। मेले में कुल 10 स्वयंसेवी संस्थाओं ने स्टॉल लगाए। इनमें पहल विकलांग पुनर्वास केंद्र समिति, पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर, प्रेरणा स्पेशल स्कूल फेथफुलगंज, दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी, परवाज जन कल्याण समिति, दृश्यम सेवा समिति, प्रगति लर्निंग सेंटर, अमृता स्पेशल स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र, विकलांग एसोसिएशन कानपुर नगर और साकार स्पेशल स्कूल प्रमुख रहीं। इन संस्थाओं द्वारा दिव्यांग बच्चों और कलाकारों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए, जिनमें दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, सजावट का सामान, मिट्टी की प्रतिमाएं, जूट के डोर-मैट, मोतियों की मालाएं, चित्रकला, मोमबत्तियां, अगरबत्तियां, भगवान की पोशाक, थैले और अन्य विशिष्ट वस्तुएं शामिल थीं।

**मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम**

जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला दिव्यांगजनों की प्रतिभा और मेहनत को समाज तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों के जरिए दिव्यांग बच्चे न केवल अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करते हैं बल्कि आत्मनिर्भरता की राह पर भी आगे बढ़ते हैं।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत पांच पर केस हुई दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। मामले मे कोतवाली पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कामापटटी थाना संग्रामगढ़ गांव निवासिनी रानी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह फरवरी को उसका विवाह लालगंज कोतवाली के पूरे जनई गांव निवासी जयसिंह यादव पुत्र दशरथ लाल के साथ हुआ है। विवाहिता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति, ससुर, सास गुड़िया देवी, देवर सत्यम व शुभम दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। बीती तीस अप्रैल को ससुरालीजनों के उकसावे में आकर पति ने विवाहिता को जमकर मारापीटा। इसके बाद दहेज की मांग पूरी न होने को लेकर उसे घर से भगा दिया। पीड़िता मायके में रहने को मजबूर है। मामले में जांच के बाद लालगंज पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जैविक खेती अपनाये जीवन को बचाएं, स्वस्थ जीवन के लिए जैविक खेती है जरूरी- डीपीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला गंगा समिति वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड कालाकांकर में कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती की कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी निर्देशन एवं प्रभागीय निदेशक जगदंबिका प्रसाद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह की प्रतिनिधि मनीष सिंह रहे।सैकड़ों किसानों एवं कृषि सखी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।कार्यशाला में कुंडा रेंजर आशीष कुमार सिंह कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा0 नवीन सिंह ने जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया और धान की पराली ना जलाने का आह्वान किया। डा0 प्रदीप सिंह ने किसानों को आगामी सरसों व गेंहू की उन्नत बीज व उसके बोआई के गुर बताये। डा0 लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ने पर्यावरण व



जैविक के संबंध को विस्तार से बताया। डा0महेंद्र सिंह ने खेती के साथ बागवानी कर के किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। आलोक शुक्ला समाज सेवी ने जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने किया। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव ने कार्यशाला में आये हुये सभी लोगो का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान डा मदन मौर्या, अजय मौर्या,डा0रंजीत सिंह, सुनील कुमार, अन्य गंगा ग्रामों के कृषकों ने बढ चढ हिस्सा लिया।

## कमिश्नरेट पुलिस ने जेड स्क्वायर मॉल में किया बंधक मुक्ति मॉकड्रिल का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** ऑपरेशन अभ्यास (बंधक मुक्ति मॉक ड्रिल) जेड स्क्वायर मॉल, थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त मुख्यालय की उपस्थिति में ऑपरेशन अभ्यास के तहत बंधक मुक्ति मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, समन्वय एवंआपातकालीन कार्यवाही की तत्परता व दक्षता का परीक्षण किया गया। दो बंधक बनाने का काल्पनिक परिदृश्य बनाकर क्षेत्र की घेराबंदी, भीड़ प्रबंधन व सर्च रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित किया गया; सिविल पुलिस, पीएसी व प्रशिक्षित कमांडो यूनिट ने



संयुक्त रूप से बंधकों को किया सुरक्षित रेस्क्यू। ट्रैफिक पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सेवा एवं जिला प्रशासन का समन्वित सहयोग रहा; ऐसे अभ्यास नियमित रूप से कर के फोर्स की ऑपरेशनल तत्परता और भी सुदृढ़ की जाएगी।

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद कानपुर नगर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जेड स्क्वायर मॉल परिसर में ऑपरेशन अभ्यास के तहत (बंधक मुक्ति) से संबंधित एक मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस उपायुक्त मुख्यालय कासिम आबिदी एवं अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध डॉ. अर्चना सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस मॉक एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य आकस्मिक परिस्थितियों में पुलिस की - त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता आपसी समन्वय तथा आपातकालीन कार्यवाही की दक्षता का परीक्षण एवं सुदृढ़ीकरण करना रहा।

## विकसित उत्तर प्रदेश समृद्धि का शताब्दी - पर्व महाअभियान के तहत हुआ जनसंवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के बर्डपुर ब्लाक सभागार में गुरुवार को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प से हुआ। प्रदेश को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर, स्वच्छ, हरित और समृद्ध बनाने में प्रत्येक



नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। क्षेत्र पंचायत प्रमुख वंदना सिंह व खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव व सचिव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ने भविष्य के विकास के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चन्द्रमोहन चौधरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अकरम हुसैन, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद, एडीओ आईएसबी अब्दुल गफ्फार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेश्वर पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी कृषि मनीष कुमार, सचिव शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, नागेंद्र राव, अंकित शुक्ला, अजहरुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के उत्पीड़न से तंग आकर शिक्षक ने जहर खाया, मचा हड़कंप

● दो माह से वेतन रुक हुआ है

**विभाग की लापरवाही से शिक्षक ने खाया जहर,खण्ड शिक्षा अधिकारी के कारनामों की शिकायत हुई थी,बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय भदोखर में तैनात शिक्षक शौकेंद्र ने कथित रूप से खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार की प्रताड़ना से तंग आकर बुधवार की रात ज़हर खा लिया। उसे गंभीर हालत में माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया गया है। इस घटना से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। शिक्षक शौकेंद्र को पिछले कई महीनों से खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा था। अधिकारी उन्हें बुलाकर रजिस्टर, बच्चों के आधार कार्ड और ऑनलाइन कार्यों को भनवापुर, डुमरियागंज और इटवा बुलाकर




रजिस्टर, बच्चों के आधार कार्ड और ऑनलाइन कार्यों को लेकर अनावश्यक दबाव डालते थे। साथ ही उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के गंभीर आरोप हैं।

शिक्षक के साथियों का कहना है कि शौकेंद्र का वेतन पिछले दो महीनों से रोका गया था। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार उत्पीड़न और आर्थिक संकट से परेशान होकर उन्होंने ज़हर खा लिया। परिजन और साथी शिक्षकों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक तौर पर उनकी स्थिति स्थिर थी, लेकिन सुबह स्थिति बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। शिक्षक संगठनों ने उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित शिक्षक को समुचित चिकित्सा सुविधा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज की चिकित्सक टीम वर्तमान में शौकेंद्र का इलाज कर रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उन्होंने अत्यधिक जहरीला पदार्थ लिया था, जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।यह घटना शिक्षा विभाग में व्याप्त मनमानी और उत्पीड़न की संस्कृति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षक चेतावनी दे रहे हैं कि अगर प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो जिले भर के शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शिक्षक नेता कलीमुल्लाह मेडिकल कॉलेज पहुंच कर पीड़ित शिक्षक को स्थिति को देखा।

घटना की सूचना मिलते ही बीएसए शैलेश कुमार स्वयं मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने बताया कि शिक्षक की स्थिति गंभीर है। उन्होंने कहा, जब शिक्षक बोलने की स्थिति में आएंगे, उनका बयान लिया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।प्राथमिक शिक्षक संघ इटवा के ब्लॉक अध्यक्ष करुणेश मौर्य ने कहा, शिक्षक शौकेंद्र खंड शिक्षा अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया। उनका वेतन पिछले दो महीनों से रोका गया था, जिसकी शिकायत लिखित रूप से की गई थी। लेकिन अधिकारी लगातार उत्पीड़न कर रहे थे।

## बिठूर पुलिस ने हत्या के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** बिठूर पुलिस ने कुरसौली से प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग तिराहे के पास से हत्या के एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा बताए घटना क्रम के अनुसार दिनांक 14/15.10.2025 की रात्रि करीब 02:30 बजे नशे की हालत वादी का बड़ा बेटा/अभियुक्त कुंदन कोरी पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम पारा प्रतापपुर थाना बिठूर कानपुर नगर में घर आया। घर आकर अपने पिता रामशंकर व अपनी पत्नी सीता के साथ मारपीट कर रहा था। उसी समय अभियुक्त ने अपने छोटे भाई विराट कोरी उर्फ चिर्री बचाने लगा तो उसको अभियुक्त कुंदन ने विराट उर्फ चिर्री को मार डालने के इरादे से मारते पीटते हुए घर के सामने कीचड़ के गड्ढे में ले गया और इसी कीचड़ मे दबोचकर जान से मार डाला। उसके बाद विराट को उसी स्थिति मे कीचड़ से हटा कर चारपाई



पर लिटा कर भाग गया। मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्त कुंदन कोरी पुत्र रामशंकर उपरोक्त स्वयं को गिरफ्तारी से बचाने की फिराक मे लगा था जिसकी गिरफ्तारी के अथक प्रयास बिठूर पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे थे गिरफ्तारी के क्रम में मुकदमा उपरोक्त मे आज दिनांक 16.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्त कुंदन कोरी पुत्र रामशंकर उपरोक्त को मुखबिर खास की सूचना पर कुरसौली से प्रतापपुर मार्ग थाना बिठूर कानपुर नगर से आज दिनांक 16.10.2025 को गिरफ्तार किया गया।

## खेत में नहर का पानी ले जाने को लेकर हुआ विवाद, पांच पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर का पानी खेत में ले जाने के दौरान हुए विवाद को लेकर कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केशवपुर गांव निवासी रामसुमेर मौर्य पुत्र स्व0 राजाधर मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पन्द्रह अक्टूबर की सुबह करीब ग्यारह बजे झंगी पासी के पुत्र राकेश पासी व बेनी के पुत्र रूपेश पासी तथा तीन अज्ञात लोग नहर का पानी रोक कर उसे अपने अपने खेत में ले जा रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि इससे उसके खेत में धान की तैयार फसल खराब हो रही थी। पीड़ित के पुत्र सूरज ने विरोध जताया तो आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा। शोरशराबा सुनकर बीचबचाव में पहुंचे सुनील मौर्य पुत्र शिवहर्ष मौर्य को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में जांच के बाद पुलिस ने राकेश समेत पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# भूकम्प विषय पर कलेक्ट्रेट सभागार में टेबल टॉप एक्सरसाइज के तहत दी गयी विस्तृत जानकारी

● सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में भूकम्प जैसी आपदाओं से निपटने हेतु मॉक ड्रिल किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतापगढ़ एवं 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में भूकम्प विषय पर आधारित जानकारी दी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ अनिल पाल, डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ मेडिकल टीम डा0 विदुषी सहगल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ अमित पाल द्वारा भूकम्प के दौरान क्या करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इसके उपरान्त जनपद के सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में भूकम्प जैसी आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में विशेषज्ञ टीम द्वारा विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आग, भूकम्प जैसी आपदाओं के समय सुरक्षित रूप से बाहर निकलने एवं दूसरों की मदद करने के तरीके सिखाये गये। प्रतापगढ़ जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में एक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया। ड्रिल के दौरान भूकम्प के परिदृश्य पर एनसीसी, होमगार्ड और सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के स्कूल छात्रों द्वारा 12 सतही पीड़ितों को बचाया गया और अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाई गयी। इसके अलावा एनडीआरएफ टीम द्वारा सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के स्कूल भवन की विभिन्न मंजिलों में 04 पीड़ितों को बचाया गया। कमांड पोस्ट, बीओओ, चिकित्सा पोस्ट और संचार पोस्ट की स्थापना की गयी, घटना स्थल का आकलन कर घटना कमाण्डर से जानकारी एकत्र कर कार्यों का वितरण किया गया। रस्सी बचाव तकनीक की मदद से ढही हुई इमारत से 04 पीड़ितों को बाहर निकाला गया। इसके बाद निकाले गये पीड़ितों को उनकी स्थिति के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण दिया गया और पीड़ितों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी के लिये चिकित्सा केन्द्र भेजा गया।इस मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ अनिल पाल, डिप्टी कमाण्डर एनडीआरएफ मेडिकल टीम डा0 विदुषी सहगल, तहसीलदार सदर अनिल कुमार, अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी, प्रधानाचार्य फादर प्रेम प्रकाश, आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी डा0 प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के छात्रों का एच.यू.एल. (एचयूएल) में शैक्षिक भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर के दिशा-निर्देश में शिक्षक शिक्षिका की सहायता से नौवीं एवं दसवीं कक्षा के छात्रों ने एक शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत हमीरपुर के सुमेरपुर कस्बा स्थित औद्योगिक नगरी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) प्लांट का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों के कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया तथा पर्यावरण संरक्षण के औद्योगिक उपायों की जानकारी प्रदान करना था। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कारखाने में बनाए जाने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे–साबुन, डिटर्जेंट और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की निर्माण प्रक्रिया को समझने में सहायता की।



एच.यू.एल. के अधिकारियों ने छात्रों को गुणवत्ता नियंत्रण, मशीन संचालन, पैकेजिंग तकनीक और स्वच्छता मानकों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर औद्योगिक ज्ञान अर्जित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने एचयूएल प्रबंधक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान, अनुशासन और टीम भावना को विकसित करते हैं।

## दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला 17 व 18 को

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का आयोजन 17 एवं 18 अक्टूबर को आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में किया जाएगा। मेले में प्रगतिशील एवं एचीवर किसान, साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, बैंकिंग, एनजीओ एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विभिन्न विभागों व कृषि निवेश कंपनियों के स्टॉल लगेंगे, जहाँ किसानों को नवीनतम तकनीकों जानकारी व वैज्ञानिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं उपस्थित रहकर अपने-अपने विभागों के स्टॉल का संचालन करें, ताकि किसान इस आयोजन से अधिकतम लाभान्वित हो सकें।

# संक्षिप्त खबरें

## बलिया- डॉक्टर ने दो यूनिट खून के लिए दस हजार रुपये ले लिए



**बलिया।** शहर के एक निजी अस्पताल के चिकित्सक पर मरीज के बेटे ने खून के बदले रुपये लेने का आरोप लगाया है। सीएमओ से शिकायत की। आरोप लगाया कि मेरे पिता निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं। पकड़ी थाना के अराजी चकमोटी चकिया पुर गांव निवासी मनोज तिवारी ने सीएमओ को दी शिकायत में आरोप लगाया कि पिता चंद्रमा तिवारी की तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। मंगलवार को चिकित्सक ने पिता को खून चढ़ाने के लिए दो यूनिट ब्लड की मांग की। पिता के लिए वह स्वयं रक्तदान करना चाहते थे। लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें यह कहकर रोक दिया कि आपकी उम्र अधिक है, वजन कम है। जबकि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। रक्तदान के योग्य भी है। उसके बाद डॉक्टर ने ब्लड उपलब्ध कराने के नाम पर अपने खाते में मुझसे दस हजार रुपये मंगवाने के बाद खून दिया। उन्होंने डॉक्टर पर खून बेचने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस मामले में संजीव वर्मन ने बताया कि पीड़ित ने अस्पताल के खिलाफ शिकायत की है। दो यूनिट खून के बदले उससे दस हजार रुपये लिए गए हैं। इस मामले में टीम गठित कर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की छापामार कार्यवाही में लिए गए खाद्य सामग्रियों के नमूने



नमूने लेते अधिकारी

**ललितपुर।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ और जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रथम टीम द्वारा काफी हाउस स्टेशन रोड नामक प्रतिष्ठान से छेना का नमूना, श्री बालाजी नाश्ता मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का नमूना संग्रहित कर 21 किलोग्राम मिल्क केक नष्ट कराया गया। दूसरी टीम द्वारा मेसर्स महेंद्र किराना स्टोर गांधीनगर से घी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। मण्डल मुख्यालय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती उपमा यादव द्वारा तालबेहट हाईवे पर गाड़ी संख्या यूपी 93 ईटी 0451 को रोककर गाय के दूध का नमूना एवं खुशहाल किशन ऑयल तोड़ी से सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य -द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार तथा द्वितीय टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।

## सर्वेश्वर धाम मंदिर के पास बनी पुलिया पर शराबियों और जुआरियों का अड्डा, श्रद्धालु परेशान



**ललितपुर।** गोविन्द सागर बाँध की तलहटी में स्थित प्रसिद्ध सर्वेश्वर धाम मंदिर के पास बनी पुलिया पर इन दिनों असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ समय से यहाँ शराबी, जुआरी और चुरकट प्रवृत्ति के लोग रोज़ाना बैठते हैं। ये लोग खुलेआम गाली-गलौज करते हैं, गुटखा खाकर गंदगी फैलाते हैं और मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को अपशब्द कहकर परेशान करते हैं। मंदिर प्रबंध समिति का कहना है कि कई बार प्रशासन को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि जब कोई व्यक्ति इन लोगों को रोकने का प्रयास करता है तो वे धमकी देने और झगड़ा करने लगते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि इन असामाजिक तत्वों की वजह से मंदिर परिसर की पवित्रता भंग हो रही है और लोग भय के कारण वहाँ जाने से भी कतराने लगे हैं। मंदिर प्रबंधन ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ललितपुर से मांग की है कि पुलिया पर बैठे ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मंदिर क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए ताकि मंदिर का वातावरण शांतिपूर्ण और स्वच्छ बना रहे।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ में [illegible] शाखा स्थापित करने के उद्देश्य से गुवाहाटी में सेवानिवृत्त एडीसी निलमनी दास का क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले दुल्लभछड़ा -निविया-चेरागी-रंगपुर के सैकड़ों गांवों की जनता का लेन-देन का एकमात्र भरोसा [illegible] शाखा है, जिसके कारण सुबह से ही दूर-दूर के शाखा के ग्राहकों को प्राकृतिक कठिनाइयों का सामना करते हुए खड़ा होना पड़ता है। इससे रोजमर्रा की नियमित हाजिरी से वंचित होना पड़ता है। इस मुद्दे को लेकर जनता की समस्या से जुड़े होने और अपने जन्मभूमि की याद के चलते, वे पिछले दो वर्षों से जनता के प्रतिनिधि के रूप में दौड़-धूप कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 2016 में स्थानीय लोगों की ओर से [illegible] शाखा स्थापित करने की मांग के साथ एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। लेकिन अज्ञात कारणों से इसे लंबित रखा गया और लोगों की उम्मीद भी टूट गई। हालांकि जनता को संवेदनशील सेवानिवृत्त एडीसी निलमनी दास पिछले दो वर्षों से रामकृष्णनगर-शिलचर-गुवाहाटी-मुंबई के विभागीय अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को उठाते आए हैं। इसके अलावा, गत 14 अक्टूबर को वृद्धावस्था से संबंधित समस्याओं के बावजूद दुल्लभछड़ा क्षेत्र के जनता के प्रतिनिधि के रूप में वे सक्रिय रहे। दुल्लभछड़ा क्षेत्र की जनता के प्रतिनिधि के रूप में गुवाहाटी के दिसपुर स्थित एसबीआई शाखा के अधिकारियों से मुलाकात की। और भौगोलिक दृष्टि से कुछ चाय बागान, गुवाहाटी-दुल्लभछड़ा रेलवे संपर्क सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों और जनसंख्या का उल्लेख दोबारा किया। शाखा के कर्मचारियों से बातचीत में पता चला कि लंबे समय से जनता की मांग पर दुल्लभछड़ा में एक शाखा स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। और स्थापना को लेकर वे आशावादी हैं।

# बलिया महोत्सव की तैयारी को लेकर मंत्री ने की बैठक

● दयाशंकर सिंह बोले- ददरी मेला बलिया की सांस्कृतिक पहचान है,लापरवाही न हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** के ऐतिहासिक ददरी मेला और बलिया महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मेले की रूपरेखा, कार्यक्रमों की योजना और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बलिया महोत्सव-ददरी मेला पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्तिक पूर्णिमा से पहले सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ददरी मेला बलिया की सांस्कृतिक पहचान है और इसकी भव्यता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को बलिया महोत्सव/ददरी मेला को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अपने-अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तिथियों का निर्धारण, विशेष दुकानों की नीलामी, भारतेंदु मंच को मीना बाजार की ओर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया, होल्डिंग्स व मुख्य द्वारों पर विज्ञापन के लिए नीलामी, इंड प्रोडक्ट्स के लिए लॉन्चिंग स्पेस का चिन्हांकन और नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता हेतु बीड अपलोड की कार्ययोजना पहले से तैयार करने के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि ददरी मेला बलिया की सांस्कृतिक धरोहर है और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास होना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, सीडीओ ओजस्वी राज, नगर पालिका चेयरमैन संत कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, एडीएम अनिल कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज खुलेगा नगर पालिका परिषद की किस्मत का पिटारा, आज अमरपुर मंडी में मतगणना होगी संपन्न

**मतगणना के दौरान होगी नए नगर पालिका अध्यक्षा की घोषणा**

**भारतीय जनता पार्टी इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी के साथ दो निर्दलीय प्रत्याशी थे चुनावी मैदान में**




**ललितपुर।** आज अमरपुर गल्ला मंडी में नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की किस्मत का फैसला होगा, जो मतदान के दौरान पेटियों में बंद हुआ था। आज अमरपुर गल्ला मंडी में मतगणना शुरू होगी और दोपहर तक नगर पालिका अध्यक्ष के घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है। बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सोनाली विवेक जैन के साथ इंडिया गठबंधन पार्टी की तरफ से सपा की नीलम आशीष चौबे के साथ दो महिला निर्दलीय प्रत्याशी में चुनावी मैदान में थी, जिनकी किस्मत 15 अक्टूबर को मतदान के दौरान मतपेटियों में बंद हो गई थी।

# बलिया में दो बदमाशों का हाफ एनकाउंटरः हत्या और गैस सिलेंडर चोरी के मामलों में थे वांछित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलिया** पुलिस ने अलग-अलग मुठभेड़ों में दो वांछित बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर अस्पताल भेजा गया। ये मुठभेड़ बैरिया और सिकंदरपुर थाना क्षेत्रों में हुई। पहली घटना बैरिया थाना क्षेत्र की है, जहां 16 अक्टूबर को चांददीयर जयप्रकाश नगर बंधा सड़क मार्ग पर रिसाल राय टोला के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में संदिग्ध के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल को तुरंत हिरासत में लेकर इलाज के लिए सीएचसी सोनबरसा भेजा गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय बलिया रेफर कर दिया गया। पूछताछ में बदमाश की पहचान धर्मेंद्र यादव पुत्र बालेश्वर यादव निवासी सोनबरसा, थाना बैरिया के रूप में हुई।

धर्मेंद्र यादव बैरिया थाने में 14 अक्टूबर 2025 को दर्ज हत्या के एक मामले (मु0अ0स0 382/2025) में वांछित अभियुक्त था। उसने बताया कि वह बिहार भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक बाइक बरामद की। एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर ने इस घटना की पुष्टि की। दूसरी मुठभेड़ सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के हुई। खरीद से नदी की तरफ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाश बिना रुके भागने की कोशिश में सड़क की बाई पटरी पर मोटरसाइकिल सहित फिसलकर गिर गया। खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ में घायल बदमाश की पहचान शमीम कुरैशी उर्फ सोनू पुत्र सादिक कुरैशी निवासी ग्राम भरतपुर (हनुमानगंज), थाना सुखपुरा, जनपद बलिया के रूप में हुई। शमीम कुरैशी अपने साथियों के साथ मिलकर 22/23 अगस्त 2025 और 06/07 अक्टूबर 2025 की रात करमौता एचपी गैस एजेंसी से 24 गैस सिलेंडर चोरी करने के मामलों में शामिल था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक बाइक बरामद की। एएसपी उत्तरी दिनेश शुक्ला ने इस मामले की जानकारी दी।

# बजाज पावर प्लांट के डंपर की टक्कर से देर रात बिरधा में करीब चार विधुत

● पोल टूटे, हाई टेंशन लाइन टूट कर ग्रामीणों के घर पर गिरी चिंगारी निकलने

से मची अफरा तफरी, रात भर करीब दो दर्जन परिवार अंधेरे में रहे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मौक़े पर खड़ा डंफर

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी शासनकाल में बार क्षेत्र के ग्राम बुरागाँव चिकलोआ में संचालित किया गया बजाज पावर प्लांट जनपद वासियों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है. कई बार इस पावर प्लांट की वजह से कई बड़े हाथ से हो चुके हैं, लेकिन जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने अपने मुंह पर चुप्पी साथ रखी है जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है और अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इतना ही नहीं पावर प्लांट से निकलने वाली राख से जनपद वासी काफी परेशान है। हाल ही में इसी बजाज पावर प्लांट की राख़ के डंपर की टक्कर से कस्बा विरधा के एक इलाके में लगे हुए हाई टेंशन विद्युत लाइन के चारकोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिस इलाके में अंधकार पसरा हुआ है।

गनी मत यह रही की हाई टेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी किसी के घर पर नहीं गिरी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना पर पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल जारी है। जनपद के थाना बार क्षेत्र में संचालित बजाज पावर प्लांट से निकलने वाली राख़ (फ़लाई एस) को नियम बिरुद्ध इधर-उधर डिस्पोज करने का काम करने बाले मौत बनकर दौड़ रहे डंफरों से आज भी बड़ी दुर्घटनाओं को अंजाम देने का काम बदस्तूर जारी है।

बताया गया है कि बुधवार की देर रात्रि प्लांट का डंपर ज़ब सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा इलाके में देखने के लिए जा रहा था, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर हाई टेंशन विद्युत पोल से जा टकराया, जिस कारण इलाके के करीब चार विद्युत पोल टूट गए। इस दौरान खंभे पर बंधी हुआ हाई टेंशन विद्युत लाइन में चिंगारी निकली, जिससे करीब एक दर्जन ग्रामीण सहम गए और दौड़कर अपने घरों से बाहर आ गए, क्योंकि चिंगारी उनके घरों पर गिरी। गनीमत यह रही की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई, यदि किसी घर में आग लग जाती, तो हो सकता कई लोगों की जान भी चली जाती।

घटना की सूचना जैसे ही बिरधा चौकी इंचार्ज को मिली वैसे ही वह मौके पर पहुंचे पर तत्काल विद्युत विभाग को सूचित किया। तार टूटने से इलाके की विद्युत आपूर्ति भी ध्वस्त हुई। घटना की सूचना पर पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हुई क्षतिपूर्ति का आकलन करने का काम जारी था। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में विद्युत विभाग द्वारा पुलिस को कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया था, जिस कारण प्लांट के डंपर पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। हालांकि इस घटना ने एक बार फिर बजाज पावर प्लांट की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया है।

## नहाते समय पैर फिसलने से कुएं में गिरकर कक्षा 6वीं के छात्र की हुई मौत, परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बस्तगुवाँ में कुएं पर नहाते समय एक छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजन उसके शव को निकाल कर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और घर लेकर चले गए। ग्राम बसतगुआँ निवासी 12 वर्षीय कक्षा 6 वीं का छात्र अभिषेक कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय मनीष गुरुवार को दोपहर डेढ़ बजे के दरम्यान स्कूल से घर लौटा और कपड़े उतारकर घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं पर नहाने चला गया। इस दौरान उसके साथ उसका चचेरा भाई भी साथ मे था, जो कुएं के पास बैठ गया है। जब अभिषेक कुएं में किनारे बैठकर नहा रहा था , तभी अचानक वह कुएं में गिर गया और डूब गया। जब काफी देर तक बाहर नहीं निकला, तो छोटे भाई ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। पटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकालकर अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जहाँ बेटे का शव देख मां बेहोश हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन उसका शव लेकर बिना पोस्टमार्टम कराये अपने घर चले गए।

# कपिल शर्मा के कनाडा कैफे पर तीसरा हमला, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

● कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने तीसरी बार हमला किया। गैंगस्टरों ने गोलीबारी की जिम्मेदारी लेते हुए बॉलीवुड में 'अवैध काम करने वालों', 'पैसे के लिए ठगने वालों' और 'धर्म के खिलाफ बोलने वालों' को सीधे धमकी दी है। यह हमला सरे में हुआ, जिसकी ऑनलाइन वीडियो भी सामने आई है। जुलाई से अब तक की यह तीसरी घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित रेस्टोरेंट, कप्स कैफ़े को गुरुवार को एक बार फिर गोलीबारी का निशाना बनाया गया। कैफ़े में गोलीबारी की यह तीसरी घटना है। गोलीबारी का एक वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें देर रात रेस्टोरेंट पर गोलियां चलती दिखाई दे रही हैं। घटना के कुछ देर बाद ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बदमाशों ने गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ले ली। गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू उर्फ नेपाली ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पोस्ट किया।

उन्होंने लिखा, "वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फ़तेह। हम, गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू, आज सरे के कैप्स कैफ़े में हुई तीन राउंड गोलीबारी की ज़िम्मेदारी लेते हैं। हमारी जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिन लोगों को हमसे दिक्कत है, वे दूर रहें। बॉलीवुड में गैरकानूनी काम करने वाले, दूसरों को पैसे के लिए ठगने वाले या धर्म के खिलाफ़ बोलने वाले लोग भी तैयार रहें - गोलियाँ कहीं से भी आ सकती हैं।"

जुलाई के बाद से यह तीसरी बार है जब कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई है। पहला हमला 10 जुलाई को हुआ था, जब कुछ कर्मचारी अभी भी रेस्टोरेंट के अंदर थे। दूसरा हमला 8 अगस्त को हुआ, जिसमें कम से कम 25 गोलियां चलाई गईं।

# बलिया में अजय राय बोले- [illegible] महात्मा गांधी का हत्यारा- गृहमंत्री को लिखा है लेटर- प्रतिबंधित कर दें, बाल स्वयंसेवकों का ही कर रहे यौन शोषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को बलिया पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान अजय राय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भाजपा और योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- महात्मा गांधी से आरएसएस की तुलना मतकीजिए। आरएसएस हमेशा देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है। यही संगठन था जिसने महात्मा गांधी की हत्या की और देश को बांटने का काम किया। ऐसे संगठन को तत्काल प्रतिबंधित कर देना चाहिए। मैंने इसके लिए कल ही गृह मंत्री को पत्र लिखा है। इस दौरान और महात्मा गांधी के शहर आगमन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

**अब 5 प्रमुख बयान पढ़िए...**

महात्मा गांधी के शहर आगमन के 100वें वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए अजय राय। "आरएसएस ने मानसिक, शारीरिक और यौन शोषण किया" अजय राय ने कहा- आरएसएस के स्वयं सेवक खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। ताजा उदाहरण देते हुए कहा, "केरल का आईटी प्रोफेसर आनंद सुसाइड कर गया। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि उसके साथ आरएसएस के नेता मानसिक, शारीरिक और यौन शोषण कर रहे थे। 26 साल का यह युवक अब नहीं रहा। ऐसे संगठन को तुरंत प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। यह देशविरोधी और समाजविरोधी संगठन है। ये अपने बाल स्वयंसेवकों तक को नहीं छोड़ते, उनके साथ भी शोषण करते हैं। मैंने कल ही गृह मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि इस संगठन को प्रतिबंधित करते हुए कार्रवाई की जाए।

"मस्जिद तोड़ना केवल ध्यान भटकाने का प्रयास" अजय राय ने योगी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- मस्जिदें तोड़ने के पीछे सिर्फ योगी आदित्यनाथ की केवल एक ही मंशा है कि प्रदेश में हिंदू-मुस्लिम का माहौल कैसे बनाया जाए। चाहे संभल हो, बहराइच, बरेली, कुशीनगर या चित्रकूट। हर जगह मस्जिदों को टारगेट करके तोड़ रहे हैं।

कुशीनगर के हाटा में खुद की जमीन पर मस्जिद बनाई थी, फिर भी उसे बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। यह केवल महंगाई और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने की कोशिश है। राज्य में जातिगत द्वेष फैलाना चाहते हैं।

महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके दी श्रद्धांजलि।

महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके दी श्रद्धांजलि।

आरएसएस के गुंडों पर कब करेंगे खट-खट राय ने कहा- योगी कहते हैं कि प्रदेश में अपराधी डरे हुए हैं। छेड़खानी करने वालों को यमराज मिलेंगे, पर आजमगढ़ में 7 साल के बच्चे को मारकर बोरे में भर दिया गया। हमारे हरिओम बाल्मिकी को पीट-पीटकर मार डाला गया। उसने हमारे राहुल गांधी का नाम लिया तो उसकी हत्या कर दी गई।

क्या यही है योगी राज की कानून व्यवस्था जो आरएसएस के लोग युवाओं का शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण कर रहे हैं, आखिर उनके साथ न्याय कब होगा? जनता जानना चाहती है कि योगी जी कब खट-खट करेंगे।"

कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

"यूपी में क्राइम चरम पर, योगी जी इस्तीफा दें" अजय राय ने कहा- यूपी में क्राइम चरम पर है। योगी जी कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हैं। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए और वापस मठ में चले जाना चाहिए। हम गांधी के अनुयायी, देश के खिलाफ बोलना भाजपाइयों का काम जब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से पूछा गया कि राहुल गांधी विदेश में देश विरोधी बयान देते हैं, तो उन्होंने कहा- यह भाजपा का काम है, हमारा नहीं। हम महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करते हैं। राहुल गांधी देश का नाम ऊंचा करते हैं। भाजपा तो राष्ट्रपिता तक का सम्मान नहीं करती।

# रनगाँव सड़क हादसा....... ट्रैक्टर से कुचलकर घायल हुए दूसरे भाई की भी झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हुई मौत

● बुधवार को ट्रैक्टर से कुचलना से एक भाई की घटना स्थल पर हुई थी मौत, दूसरा हुआ था घायल

दोनों सगे भाइयों की मौत से परिवार में मचा कोहराम तो गांव में माहौल हुआ गमगीन

सड़क हादसे के पहले विवाद में मृतकों की मां ने डाई पीकर आत्महत्या का किया था प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सड़क पर पड़ा मृतक



साइकिल के साथ पड़ा घायल

**ललितपुर।** थाना मडावरा क्षेत्र के अंतर्गत रनगाँव रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल हुए दूसरे भाई की मौत भी झांसी मेडिकल कॉलेज में हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन उसे शव लेकर जिला मुख्यालय आए और शव का पोस्टमार्टम कराया। परिवार में एक साथ हुई दोनों भाइयों की मौत से कोई राम की स्थिति उत्पन्न हो गई, तो गांव में माहौल भी गमगीन हो गया। बताते चलें कि बुधवार को कस्बे के मोती महाराज के मंदिर मेला ग्राउंड से अपने घर लौट रहे दो सगे भाइयों को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मारकर रौंद दिया था। इस सड़क हादसे में छोटे भाई की मौत हो गई, तो बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हुआ। बताया गया है कि सड़क हादसे से पहले घरेलू पारिवारिक विवाद में मृतकों की मां ने भी जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम रनगाँव निवासी 12 वर्षीय निकेश अपने 11 वर्षीय भाई अभिषेक पुत्रगण राजेश अहिरबार के साथ कस्बा मड़ावरा के मोती महाराज मन्दिर (मेला) ग्राउंड पर घूमने के लिए आया हुआ था। जब दोनों भाई यहां से साईकिल से अपने घर वापस जा रहे थे, तभी गाँव की सड़क पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दोनों भाइयों को टक्कर मार कर रौंद दिया। इस सड़क हादसे में दोनों भाई लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हुए। आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा दोनों भाइयों को गंभीर हालत में कस्बे के सीएचसी में भर्ती कराया गया, द्वजहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान छोटे भाई को मृतक घोषित कर दिया, तो वहीं बड़े भाई को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था झांसी मेडिकल कॉलेज में रात भर उसका इलाज चलता रहा और गुरुवार की सुबह उसकी भी मौत हो गई जिसके बाद उसकी परिजन उसका शब्द लेकर जिला मुख्यालय आए और उसका पोस्टमार्टम करा कर उसका भी दाह संस्कार किया। परिवार में एक साथ हुई दो बच्चों की मौत से कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई, तो वही गांव में भी माहौल गमगीन हो गया। बताया गया है कि इस सड़क हादसे से पहले परिवार में हुए विवाद के बाद मृतकों की मां भानकुआँर ने भी अपने घर में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे गंभीर हालत में सीएससी में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार किया गया और अभय खतरे के बाहर बताई गई है। यह भी जानकारी मिली है कि मृतकों की पिता की मौत बीमारी के चलते करीब 3 वर्ष पूर्ण हो गई थी और उनकी मां ही उनका पालन पोषण कर रही थी। जानकारी मिली है कि दोनों भाई अपने परिवार में एकलौती पुत्र थे और अब उनकी दो बहने हैं, जिनकी राखी अब अपने भाइयों के लिए तरस रही है।

## आगामी 12 नवंबर को आयोजित होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह महोत्सव

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद, निराश्रित निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या विधवा परित्यक्ता तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 12 नवंबर 2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधु की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधु को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है।इस बार योजना के तहत हर जोड़े पर 1 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में भेजे जाएंगे, जबकि बाकी राशि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। उक्त क्रम में जिलाधिकारी अमदीप डुली के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार करके अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।